येन बद्धो बलि राजा, दानवेंद्रो महाबलः
तेन त्वामभिबध्नामि, रक्षे मा चल मा चल

जिस प्रकार महाबली और दानवेंद्र राजा बलि को उस रक्षा सूत्र से बांधा गया था, उसी प्रकार हे रक्षा (सूत्र)! मैं तुम्हें बांधती हूं। हे रक्षा सूत्र! तुम अपने संकल्प से कभी विचलित न होना, अडिग रहना।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com | जबलपुर, शुक्रवार 28 अगस्त 2026

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

मराठी सीखने के लिए 1 साल का दिया वक्त

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार राज्य में गैर-मराठी ऑटो, टैक्सी और एप चालकों को मराठी सीखने के लिए एक साल की मोहलत दी है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने रिक्शा-टैक्सी चालक संगठनों की मांग को स्वीकार करते हुए सरकार यह का फैसला किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि एक साल की अवधि में मराठी न आने पर सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी और न उनका लाइसेंस रद किया जाएगा। यह फैसला नोटिस बाद आया है।

भस्म आरती में साकार स्वरूप में सजे महाकाल

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार तड़के भस्म आरती के दौरान बाबा महाकाल के दिव्य और मनोहारी दर्शन हुए। सुबह चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी देव प्रतिमाओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से पंचामृत अभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर भगवान महाकाल को हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद जटाधारी बाबा महाकाल का मस्तक रजत चंद्र से सजाया गया।

दिल्ली की मॉडल मुस्कान की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली। दिल्ली के तिलक नगर इलाके में 21 वर्षीय एक युवती की उसके घर के अंदर ही चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। महिला की हत्या कर आरोपी फरार हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है और हत्यारे की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक आरोपी इमरान है जिसकी पुलिस तलाशी कर रही है। आरोप है कि बुधवार शाम को जब वो अकेली थी तब जिम ट्रेनर इमरान उसके घर आया था। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी।

रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री ने जबलपुर स्थित वाहन कारखाने में टी-सीरीज टैंक ओवरहाल परियोजना के लिए भूमि पूजन किया

ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल बढ़ा, लेकिन टैंक भी जरूरी : राजनाथ

जबलपुर में हर साल होगी '80 टैंकों' की मरम्मत, 472 करोड़ खर्च होंगे

- *सेना को प्रतिवर्ष 230 टैंकों की मरम्मत की आवश्यकता होती है, जबकि अवाडी स्थित हैवी व्हीकल्स फैक्टरी की वर्तमान क्षमता प्रति वर्ष 150 टैंकों की मरम्मत करने की है*

राजनाथ सिंह

» जबलपुर की धरती से बॉर्डर की रक्षा के लिए नए प्रकल्प की शुरुआतः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज युद्ध का तरीका बदल रहा है। ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल बढ़ा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि टैंकों की जरूरत खत्म हो गई है। वे भी जरूरी हैं। टैंकों को नई तकनीक, बेहतर सेंसर और नई क्षमताओं से लैस करना जरूरी है। सिंह गुरुवार को व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में टी-72 टैंक ओवरहॉल प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करने के बाद बोल रहे थे। करीब 472 करोड़ रुपए की लागत से यहां इंडियन आर्मी के टी-72 टैंकों की मरम्मत, जांच और तकनीकी अपग्रेड के लिए सुविधा तैयार की जाएगी।

प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद जबलपुर में भी सेना के टी-72 टैंकों को लंबे समय तक इस्तेमाल के लिए तैयार किया जाएगा। आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिडेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सत्यब्रता मुखर्जी ने कहा कि भारतीय सेना को शक्तिशाली बनाए रखने में टी-सीरीज टैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि इससे भारतीय सेना की संचालन तत्परता और बढ़ेगी

कार्यक्रम से पहले वंदेमातरम का गायन हुआ

इन क्षेत्रों में एमएसएमई के अवसर बनेंगे
यांत्रिक, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक और हाइड्रोलिक घटकों, असेंबली और उप-प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला

» कारखाने ने चार दशकों में भारतीय सेना को लगभग 4,400 टैंकों की आपूर्ति की

» यह कारखाना मिनी रत्न रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की एक इकाई

» इस परियोजना में टी-72 और टी-90 टैंकों की मरम्मत के लिए सुविधाओं का निर्माण शामिल

रक्षा मंत्रालय को मिल रहा मप्र से पूरा सहयोग

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि आज का दिन भारतीय सेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय को मध्यप्रदेश से पूरा सहयोग मिल रहा है। भोपाल में हुई जीआईएस के अवसर पर पारदर्शी एवं सुगम नीतियों को प्रदेश में लागू किया गया।

डॉ. यादव ने कहा आर्मर्ड फैक्ट्री ने देशभर में बनाई विशेष पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जबलपुर में आरंभ हो रही टी-सीरीज टैंक ओवरहाल परियोजना देश की रक्षा क्षमता को और मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना सिर्फ रक्षा आधुनिकीकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, सशक्त सेना और नए भारत के पराक्रम का प्रतीक भी है। जबलपुर की धरती से बॉर्डर की रक्षा के लिए नए प्रकल्प की शुरुआत हो रही है।

रक्षा क्षेत्र में निवेश से औद्योगिक विकास को गतिः मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री के माध्यम से मध्यप्रदेश को लगातार रक्षा क्षेत्र में नई सौगातें मिल रही हैं। भोपाल में बीईएमएल के माध्यम से महत्वपूर्ण परियोजना मिली है। प्रदेश में वंदे भारत सहित विभिन्न प्रकार के कोच के निर्माण की दिशा में भी काम हो रहा है।

इस बार रक्षाबंधन पर सुकर्मा, सर्वार्थ सिद्धि, त्रिपुष्कर और बुधादित्य योग

27 वर्षों बाद भद्रा मुक्त, पूरे दिन बांधी जा सकेगी राखी

फाइल फोटो

यह मां लक्ष्मी और शुक्र ग्रह से जुड़ा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रक्षाबंधन का त्योहार इस बार शुक्रवार को खास संयोग के साथ मनेगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने हरिभूमि को बताया कि भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक का ये पर्व इस बार सुकर्मा योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, त्रिपुष्कर योग, और बुधादित्य योग में मनाया जाएगा। 27 सालों बाद ऐसा संयोग देखने को मिल रहा है,जब रक्षाबंधन पर भद्रा का साया नहीं रहेगा और एक साथ पांच शुभ योगों का निर्माण होगा।

रक्षाबंधन पर 4 ग्रह और चंद्र ग्रहण का प्रभाव मुख्य रूप से चार राशियों पर रहेगा। इनमें जहां राहु-केतु के अलावा शनिदेव वक्री चाल (उल्टी चाल) चलेंगे, जबकि बुध ग्रह अस्त अवस्था में रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस साल रक्षाबंधन शुक्रवार को है,जो कि मां लक्ष्मी और शुक्र ग्रह से जुड़ा दिन माना जाता है। रक्षाबंधन पर चंद्रमा की पूर्ण कलाओं में स्थिति पारिवारिक और भावनात्मक संबंधों के लिए शुभ मानी जा रही है। इसके चलते इस साल रक्षाबंधन अत्यंत फलदायी होगा।

पूर्णिमा तिथि आज 9.45 बजे तक

पंडित दुबे ने बताया कि पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त को शुरू हो गई है। जो 28 अगस्त की सुबह लगभग 9:45 बजे तक रहेगी। उदय व्यापिनी सिद्धांत के अनुसार पूरे दिन रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा सकेगा। 28 अगस्त को पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण भी पड़ रहा है, लेकिन यह भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका रक्षाबंधन पर्व पर कोई प्रभाव नहीं माना जाएगा। राहुकाल का समय प्रातःः 10:30 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। इस अवधि में राखी बांधने से बचने की सलाह दी गई है। लाभ और अमृत चौघड़िया सुबह 7:33 से 10:30 बजे तक रहेगी। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:56 से दोपहर 12:50 बजे तक रहेगा। इस अभिजीत मुहूर्त को विशेष रूप से श्रेष्ठ माना गया है।

राखी के कारण इस बार 29 अगस्त को अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल बालाघाट में जन-विश्वास अभियान में होंगे शामिल



छात्र-छात्राओं और युवाओं से संवाद भी करेंगे

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में बालाघाट जिले में शामिल होंगे। शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण इस बार 29 अगस्त शनिवार को संपूर्ण प्रदेश में जनविश्वास अभियान आयोजित होगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने विभागाध्यक्ष के अलावा कलेक्टर्स और कमिश्नर सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। डॉ. यादव बालाघाट में जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतकर्ताओं की शिकायतें समक्ष में सुनेंगे। इस दौरान बैठक और समीक्षा के साथ मीडिया संवाद तथा उद्योग संवाद भी होगा। प्रदेश के सभी जिलों में भी जन विश्वास अभियान 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। जनविश्वास अभियान के दौरान विभिन्न शासकीय आवासीय संस्थाएं, उदाहरणार्थ आवासीय विद्यालय, आश्रम, छात्रावास आदि का भ्रमण तथा निरीक्षण अनिवार्यतः किया जाएगा।

निशातपुरा स्टेशन पर आधे घंटे खड़ी रही मालवा एक्सप्रेस

कुबेरेश्वरधाम से लौट रहे युवक को ट्रेन में आ गया 'हार्टअटैक'

गार्ड और यात्रियों ने ऑटो तक पहुंचाकर अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मालवा एक्सप्रेस में सीहोर से दिल्ली जा रहे 24 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। युवक को उल्टियां होने लगीं और चक्कर आने के कारण वह खड़ा नहीं हो पा रहा था। परिजन ने यार्ड में चेन पुलिंग कर ट्रेन रोक दी। सूचना मिलने पर ड्राइवर ने गार्ड को बताया कि एस-6 कोच में एक यात्री की तबीयत खराब है। इसके बाद निशातपुरा स्टेशन के पास ट्रेन रुकने पर गार्ड ने युवक को अटेंड किया।

सीहोर में जल चढ़ाने आया था परिवार

परिवार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बस्ती क्षेत्र का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली में रहता है। परिजन सीहोर में जल चढ़ाने आए थे। इसके बाद वे मालवा एक्सप्रेस से दिल्ली लौट रहे थे। बीमार युवक की पहचान गौरव के रूप में हुई है। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है।

प्रदेश में भर में कांग्रेस ने निकाली 'महंगाई की शवयात्रा'

रतलाम में शक्कर बांटी, मैहर में प्याज की माला पहनी, खरगोन में 'बिना चीनी' की चाय बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बढ़ती महंगाई के खिलाफ मध्य प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। रतलाम में कांग्रेस ने राहगीरों को शक्कर बांटकर विरोध जताया। मैहर में कार्यकर्ताओं ने गले में प्याज की माला, हाथ में खाली गैस सिलेंडर और चाय की केतली लेकर प्रदर्शन किया। इंदौर में राजवाड़ा समेत शहर के 24 ब्लॉक में प्रदर्शन हुए। राजवाड़ा पर कार्यकर्ताओं ने लोगों को शक्कर और पनीर बांटा। एक पोस्टर पर 'कैसा खेल, सारा शक्कर खाकर पी गया तेल और महंगाई मुक्त भारत' जैसे नारे लिखे थे।

कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल, गैस और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण की मांग की

सैलाना में 'महंगाई डायन खाए जात' गीत गाकर विरोध

रतलाम के सैलाना में कांग्रेस ने शक्कर के बढ़ते दाम और अन्य वस्तुओं की महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर रैली में शामिल हुए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने राहगीरों को शक्कर बांटी।

श्योपुर में बिजली बिल से ई-20 तक के दामों पर प्रदर्शन

श्योपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर महंगाई का विरोध किया। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर कार्यकर्ता प्रमुख बाजारों से निकले और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में बिजली बिल, गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, शक्कर की कीमत और ई-20 ईंधन को लेकर नाराजगी जताई गई।

जबलपुर

शुक्रवार 28 अगस्त 2026

श्रावण मास शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा

वर्ष : 21, अंक : 115

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 31

न्यून. 23

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

पीएम मोदी कर रहे हालात की मॉनिटरिंग, जयशंकर ने दिल्ली में की बड़ी बैठक, भारत से मदद लेकर 2 विमान नेपाल पहुंचे

नेपाल में आया 'जल'जला 359 को लील गया 1500 से अधिक लापता, इनमें 288 भारतीय भी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को नेपाल के हालात को लेकर बड़ी बैठक की

भारत से नेपाल राहत सामग्री लेकर पहुंचा विमान

अब चौतरफा कीचड़ दिख रहा है

एजेंसी ▶▶ काठमांडू/नई दिल्ली

नेपाल में आई बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 359 पहुंच गया है। 1500 से अधिक लोग लापता हैं। इनमें 288 भारतीय हैं। बाढ़ के कारण कई क्षेत्रों का परिवहन और संपर्क ढांचा भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नेपाली सेना ने प्रभावित इलाकों से 250 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित निकाला है।

नेपाल में कई लोग अब भी लापता हैं। इनमें कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। इस बीच, नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार में भी प्रशासन अलर्ट पर है। गंडक, नारायणी और कोसी नदी के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। गृह मंत्रालय समेत कई केंद्रीय मंत्रालय लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह से फोन पर फिर बात कर हर संभव मदद का भरोसा दिया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि इस मुश्किल घड़ी में भारत के लोग नेपाल के अपने भाई-बहनों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए बुधवार को दस टन मानवीय सहायता की पहली खेप के बाद गुरुवार को भी भारत ने दूसरी 37.5 टन खेप रवाना कर दी

35 पुल और 45 सस्पेंशन ब्रिज ढहे, 13 जलविद्युत परियोजनाएं नष्ट

- **एमईए इस मामले में अलग-अलग मंत्रालयों, राज्य सरकारों, टूर ऑपरेटरों और प्रोजेक्ट अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहा**
- **नेपाल में फंसे तमिलनाडु के 21 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया**

पांच बड़े समूह में लोग फंसे या लापता

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि फंसे या लापता लोगों में पहला ग्रुप 73 लोगों का है जो त्रिशूली-1 पावर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिर, तमिलनाडु के 37 और 49 नागरिकों के दो अलग-अलग ग्रुप, जिन्होंने सम्राट और फ्लाई एवरेस्ट ट्रैवल्स के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा की थी। पश्चिम बंगाल के 32 भारतीय नागरिकों का एक ग्रुप है जो रसुवा जिले के तिमुरे में सम्राट ट्रैवल्स की मदद से यात्रा की थी। फिर, अलग-अलग राज्यों के 61 भारतीय नागरिकों का एक ग्रुप और फिर केरल के 33 भारतीय नागरिकों का एक ग्रुप। ये पांच बड़े ग्रुप हैं जिनमें कुल मिलाकर 288 लोग हैं जिनके बारे में हम बात कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संभव है कि कुछ लापता भारतीय चीन की तरफ भी हों। करीब 200 भारतीय अब भी चीन की तरफ फंसे हुए हैं।

भोपाल के कोलार इलाके में रहने वाले परिवार के 29 रिश्तेदार लापता

फोन पर लोकेशन बताई, कहा- हम नहीं बच पाएंगे, फिर संपर्क टूट गया

देवकी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार क्षेत्र के कुल 29 रिश्तेदार नेपाल गए थे, जिनमें दो शादीशुदा जोड़े यानी भाइयों और उनकी पत्नियों समेत परिवार के कई सदस्य शामिल हैं। परिवार की सदस्य देवकी अधिकारी ने 'हरिभूमि' को बताया कि यात्रा के दौरान उन्हें आगे आने वाले खतरे की कोई चेतावनी नहीं मिली थी। रास्ते में अचानक बाढ़ की जानकारी मिलने पर परिवार के सदस्य पहाड़ पर चढ़े और सुरक्षित रहने के लिए एक मकान की छत पर पहुंच गए। देवकी अधिकारी के अनुसार वहां से परिवार के सदस्यों ने फोन कर अपनी लोकेशन बताई और कहा कि उनकी जान खतरे में है और शायद वे बच नहीं पाएंगे। उन्होंने परिवार से अपने बच्चों का ध्यान रखने को भी कहा। इसके कुछ ही देर बाद फोन पर बातचीत के दौरान अचानक सब कुछ खामोश हो गया और संपर्क टूट गया। परिवार ने प्रशासन और सरकार से लापता सदस्यों की तलाश तेज करने और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए तत्काल मदद की अपील की है।

यात्रा के दौरान उन्हें आगे आने वाले खतरे की कोई चेतावनी नहीं मिली थी

नई दिल्ली में मप्र सरकार ने बना दिया कंट्रोल रूम

डॉ. मोहन यादव

संकट में फंसे मध्य प्रदेश वासियों की सहायता एवं आवश्यक जानकारी के लिए राज्य सरकार द्वारा नई दिल्ली में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नेपाल में यात्रा पर गए मध्यप्रदेश के नागरिक एवं उनके परिजन आवश्यक सहायता और जानकारी के लिए कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबरः 011-26772005 तथा वॉट्सएप नंबरः 9818963273 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ई-मेलः recp1mpbhawan@mp.gov.in पर भी सूचना दे सकते हैं।

मप्र सरकार ने अभियोजन की मंजूरी नहीं दी

मंत्री विजय शाह के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे पूर्व सैनिक

रिटायर्ड मेजर जनरल बोले- ये लाखों सैनिकों का अपमान

प्रेस वार्ता में बोलते हुए पूर्व सैनिक श्याम श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की जांबाज महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी का मामला अब अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामाजिक रूप ले चुका है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व सैनिक विभाग के पूर्व अध्यक्ष मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने प्रदेश की वर्तमान सरकार और पूरे मंत्रिमंडल पर हमला बोला। उन्होंने बेहद आक्रोशित लहजे में कहा कि जब देश और सेना का सवाल आता है, तो सैनिक अपना सब कुछ न्योछावर करके देश को सुरक्षित रखते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश शासन अपनी ही सेना की महिला अफसर को अपशब्द कहने वाले मंत्री को बचाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा- जो लोग देश और सेना के नाम पर वोट लेते हैं और सरकारें बनाते हैं, वे देश की इतनी बड़ी सैन्य अधिकारी को गाली दिए जाने के बाद भी कोई एक्शन नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्दी ही भूतपूर्व सैनिक विजय शाह के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे।

हाईकोर्ट ने दिया झटका

फ्रीज बैंक खातों का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा अब ममता गुट

कोलकाता। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले टीएमसी गुट को पार्टी के चार बैंक खाते चलाने की अंतरिम अनुमति देने से इंकार कर दिया है। इन खातों में करीब 804 करोड़ जमा हैं और पुलिस ने इनसे निकासी पर रोक लगा रखी है। कोलकाता हाई कोर्ट ने गुरुवार को इसी मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसी राहत देने से उसके पहले के आदेश का असर खत्म हो जाएगा। उस आदेश में राजनीतिक दल के रोजमर्रा के खर्च पूरे करने की अनुमति दी गई थी। मामले की अगली सुनवाई दुर्गा पूजा की छुट्टियों के बाद होगी। कोर्ट ने इससे पहले दोनों पक्षों को अपना-अपना पक्ष बताते हुए हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया।कोर्ट ने कहा कि खातों को किस गुट को दिया जाना है, इस पर पहले चुनाव आयोग को फैसला करना चाहिए। टीएमसी में एक गुट ममता बनर्जी के नेतृत्व वाला है, जबकि दूसरा पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला है। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट के सामने रखी गई।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा, 4 लोगों की मौत

इंफाल । मणिपुर के कांगपोकपी में गुरुवार की सुबह एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। इम्फाल-तामेंगलॉन्ग रोड पर स्थित गांवों के पास अज्ञात शस्त्रधारियों ने अचानक हमला कर दिया। इस अंधाधुंध गोलीबारी में नागा समुदाय के चार आम नागरिकों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हिंसा के बाद से एक ग्रामीण लापता भी बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, ये घटना सुबह करीब 8:30 बजे मकुई आशांग और थानम्बा नागा गांवों के बीच घटी। ये इलाका आईटी रोड के किनारे बसे नागा गांवों के लिए आवाजाही की लाइफलाइन माना जाता है। घटना के तुरंत बाद इलाके में दोनों तरफ से रुक-रुक कर भारी गोलाबारी की खबरें भी सामने आईं। गोलीबारी में जान गंवाने वाले चारों लोग नागा समुदाय से जुड़े सामाजिक और शैक्षणिक चेहरे थे। हमले के पीछे किन लोगों का हाथ था और इस वारदात की वजह क्या थी, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं। घायल व्यक्ति को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लापता ग्रामीण की तलाश के लिए जंगल और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

50 हजार संविदा ऑपरेटरों को मिलेगा 2400 ग्रेड पे

ग्वालियर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील निरस्त करते हुए प्रदेश के 50 हजार से अधिक संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को 2,400 रुपए ग्रेड पे देने के आदेश पर मुहर लगा दी है। न्यायालय ने 1,900 रुपए ग्रेड पे के स्थान पर 2,400 रुपए ग्रेड पे दिए जाने के एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखा। निर्णय से राज्य के शासकीय विभागों में संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटरों को लाभ मिलेगा।

25 लाख के सोने-चांदी के जेवरात चोरी में 2 गिरफ्तार

इंदौर। संयोगितागंज क्षेत्र में मकान का ताला तोड़कर 25 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार हुए। रोहित जायसवाल और चंदन अंबोली ने शहर में एक मकान का ताला तोड़कर करीब 25 लाख की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चोरी के बाद दोनों ने जेवरात आपस में बांट लिए और घर के पास जमीन में गड्ढा खोदकर उन्हें दबा दिया।

बारिश से प्रदेश में नदियां उफनीं, रास्ते कटे

ग्वालियर में 2 युवकों के शव मिले छतरपुर में स्कूलों की छुट्टी घोषित

पारा 8 डिग्री तक नीचे पहुंचा

राजधानी का लिंक रोड नंबर-1, दोपहर 2 :21 बजे का दृश्य

- ***आज दो दर्जन जिलों में भारी बारिश***
- ***24 घंटे में सबसे अधिक बारिश ओरछा में 205 मिमी रही***
- ***आधे प्रदेश में मध्यम से हल्की बारिश के साथ बादल और रिमझिम जारी रहेगी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार बारिश के बीच गुरुवार को दिन के तापमान में तेजी से कमी आई। कई इलाकों में नदियों में उफान से ग्रामीण क्षेत्रों के रास्ते जिला मुख्यालय से कटे रहे।

प्रदेश में बारिश के बीच मुरैना में आसन नदी में बहने वाले ग्वालियर के 2 युवकों के शव गुरुवार को बरामद किए गए। छतरपुर में नदी-नाले उफान पर हैं। यहां स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। इंदौर में गाड़ी अड्डा स्थित वाल्मीकि बस्ती में सड़क के बीच करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया। आगर-मालवा के नलखेड़ा में सीसी रोड बह गई। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।दिन का पारा औसतन दो डिग्री गिरकर सामान्य से औसतन 4 डिग्री तक नीचे पहुंच गया। इससे उमस गर्मी से राहत रही। दतिया में सर्वाधिक 8 डिग्री तक नीचे दर्ज हुआ है। यहां अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री रहा। बैतूल, भोपाल, दमोह, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, नौगांव, राजगढ़, सागर, टीकमगढ़ आदि जिलों में सामान्य से 4 से 7 डिग्री तक नीचे रहा है। कई जिलों में भारी से तेज बारिश के बीच नदियों का जल स्तर बढ़ा है, जिससे सामान्य हालात बिगड़ गए।

20 से 80 मिमी के बीच बारिश

24 घंटे में सबसे अधिक बारिश ओरछा में 205 मिमी रही। नलखेड़ा 165, सुसनेर 132, सेंवढ़ा 130, पृथ्वीपुर 130, आगर 110, इंदरगढ़ 110, निवाड़ी 102, सारंगपुर 93.5, मऊ 92, पलेरा 90 और दतिया में 85.1 मिमी दर्ज हुई। शेष 40 से अधिक शहरों में 20 से 80 मिमी के बीच बारिश हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार तक करीब दो दर्जन जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी सिस्टम सक्रिय रहने से प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा।

आज यहां भारी से अति भारी बारिश

शुक्रवार तक छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में कुछ जगह अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। राजगढ़, बैतूल, आगर, गुना, शिवपुरी, दतिया, भिंड, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, पन्ना, दमोह, मैहर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बुरहानपुर, खंडवा, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, मंदसौर, नीमच, अशोकनगर, ग्वालियर, मुरैना, उमरिया, डिंडोरी, जबलपुर,नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, सागर,पांढुर्णा में हल्की से मध्यम बारिश होगी।

बाइक सवार दो युवक घायल

इंदौर में सिंधिया के कारकेड की गाड़ी से जोरदार टक्कर

पुलिस ने विशिष्ट वाहन को लेकर नहीं दिया स्पष्टीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर के व्यस्त कालानी नगर चौराहा पर बुधवार देर रात एक सड़क हादसा सामने आया है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारकेड (काफिले) में शामिल एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दो महिला पुलिस अधिकारियों का विवादित कार्यकाल

कटनी का अगला सीएसपी कौन सप्ताह भर से खाली पड़ा है पद

लोगों ने कहा- ईमानदार अफसर मिले

नेहा पच्चीसिया

ख्याति मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में नगर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) का पद पिछले एक सप्ताह से खाली पड़ा है। पूर्व सीएसपी नेहा पच्चीसिया के खिलाफ दर्ज एफआईआर, निलंबन और उनके फरार होने के बाद यह कुर्सी रिक्त हुई है। इससे पहले इस पद पर पदस्थ रहीं ख्याति मिश्रा का कार्यकाल भी पारिवारिक विवादों और पुलिस बल के दुरुपयोग के आरोपों के चलते भारी विवादों में रहा था, जिसके बाद सीएम के हस्तक्षेप से उनका तबादला कर दिया गया था। हाल ही में नेहा पच्चीसिया पर अवैध वसूली, प्रशासनिक अधिकारियों को धमकाने और हत्या के आरोपी से जुड़े जमीन सौदे में नाम आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर निलंबन और एफआईआर की कार्रवाई की गई है। लगातार दो महिला पुलिस अधिकारियों के विवादित कार्यकालों ने शहर में खाकी की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है।

रिश्वतखोर सरकारी कर्मचारियों ने तो हद कर डाली

भिंड में 10 हजार में तय हुई थी डील, 5 हजार की पहली किस्त लेते लोकायुक्त ने पटवारी को दबोचा

मेहगांव में जमीन के नामांतरण के लिए मांग रहा था घूस

लोकायुक्त पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

मेहगांव में जमीन के नामांतरण के लिए रिश्वत मांगने वाले पटवारी को लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को 5 हजार रुपए लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सिमार हल्के में पदस्थ पटवारी संजय बघेल पर आरोप है कि उसने फरियादी से नामांतरण के एवज में पहले 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में 10 हजार रुपए में सौदा तय हुआ। फरियादी की शिकायत पर लोकायुक्त ने सत्यापन के बाद ट्रैप की कार्रवाई की और पांच हजार रिश्वत की पहली किस्त लेते ही पटवारी को दबोच लिया। सरसेड़ा निवासी राघवेंद्र बघेल ने अपनी पत्नी के नाम जमीन खरीदी थी।

उधर, शहडोल में पटवारी ने अनाथ युवती से की अश्लील हरकतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

पीड़िता

जिले के सोहागपुर तहसील (हल्का नंबर 72) में पदस्थ पटवारी आशीष सोनकर पर एक बेसहारा अनाथ युवती ने पद के दुरुपयोग, अश्लील बातचीत और रिश्वतखोरी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने वॉट्सएप चैट के स्क्रीनशॉट और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के साथ कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपी है। पीड़िता के अनुसार माता-पिता के निधन के बाद उसने पुश्तैनी जमीन के काम और जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पटवारी से संपर्क किया था। आरोप है कि पटवारी ने काम के एवज में 20 हजार रुपए मांगे, जिसमें से 15 हजार रुपए नकद ले लिए गए।

नेपाल में मंडरा रहा नया संकट

चीन ने दी चेतावनी, 72 घंटे में टूट सकती है एक बड़ी अवरोधक झील

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

नेपाल में भोटेकोसी नदी में अचानक आई बाढ़ से मची तबाही के बाद खतरा अभी टला नहीं है। गुरुवार को चीन की तरफ से इसे लेकर हाई अलर्ट भेजा गया है। चीन के जल संसाधन मंत्रालय ने कहा कि नेपाल में छोछेन खोला और पुरेपू त्सांगपो नदियों के संगम के पास एक बड़ी अवरोधक झील (बैरियर लेक) बन गई है, जिसका जल आयतन गुरुवार सुबह तक 20 लाख घन मीटर अनुमानित है और झील पहले ही ओवरफ्लो हो रही है। अगले 3 दिनों में 30 लाख घन मीटर अतिरिक्त पानी के झील में आने की उम्मीद है, जिससे इसके टूटने का उच्च जोखिम है। चीनी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि झील पहले से ही ओवरफ्लो हो रही है और आने वाले दिनों में इसमें और पानी आने से इसके टूटने का खतरा है। बता दें, बाढ़ के बाद नेपाल में एक बड़ी बैरियर झील बन गई है। चीनी अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि झील पहले से ही ओवरफ़्लो हो रही है और आने वाले दिनों में और पानी आने से इसके टूटने का खतरा बढ़ गया है।

झील पहले से ही ओवरफ्लो हो रही आने वाले दिनों में और पानी भरेगा

छोछेन खोला और पुरेपू त्सांगपो नदियों के संगम के पास नया खतरा

उपग्रह से ली गई तस्वीर में नेपाल में भोटेकोसी नदी में बाढ़ से बनी अवरोधक झील

झील में 30 लाख घन मीटर अतिरिक्त पानी आने की आशंका

चीन के जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार सुबह तक झील का आयतन लगभग 20 लाख क्यूबिक मीटर था। अगले तीन दिनों (72 घंटों में) में झील में 30 लाख क्यूबिक मीटर और पानी आने की उम्मीद है, जिससे इसके टूटने का बहुत ज़्यादा खतरा है। बता दें यह झील नेपाल में छोचेन खोला और पुरेपु त्सांगपो नदियों के संगम के पास बनी है।

बाढ़ का कंप्यूटर आधारित मॉडल सिमुलेशन कर रहे

चीनी अधिकारी इसकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बाढ़ के संभावित रास्तों का वास्तविक समय में अनुमान लगाने के लिए कंप्यूटर आधारित बाढ़ मॉडल चलाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य बचाव दलों को समय पर जानकारी देना और नीचे की ओर आने वाली किसी नई बाढ़ के खतरे को कम करना है। छोचेन और पुरेपु नदियां तिब्बत से निकलती हैं और नेपाल में प्रवेश करने से पहले आपस में मिल जाती हैं, जहां इस नदी को भोटेकोशी के नाम से जाना जाता है। भोटेकोशी, त्रिशूली नदी की मुख्य ऊपरी सहायक नदी है।

बाढ़ का कारण ग्लेशियर ढहना, भूकंप नहीं: यूएस

जमीन खिसकने की उपग्रह तस्वीर

नेपाल में आई भीषण बाढ़ के बारे में यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने साफ किया कि बुधवार सुबह नेपाल में आई जानलेवा अचानक बाढ़ (फ्लैश फ्लड) की वजह भूकंप नहीं, बल्कि जमीन खिसकना (लैंडस्लाइड) था। एजेंसी ने साफ किया कि जिस घटना को शुरू में भूकंप बताया गया था, वह असल में ग्लेशियर के ढहने और मलबे के बहाव की घटना थी। इसी वजह से बाद में निचले इलाकों में भारी तबाही मची। प्लैनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों की शुरुआती स्टडी से पता चला कि नेपाल-चीन के रसुवागढ़ी बॉर्डर क्रॉसिंग से लगभग 20 किमी (12 मील) उत्तर-पूर्व में लेंडे नदी में बर्फ और चट्टानों के खिसकने से मलबे वाली बाढ़ आ गई थी। ये नदी भोटे कोशी की एक सहायक नदी है जो चीन से नेपाल की ओर बहती है। स्काटलैंड की डंडी यूनिवर्सिटी ने भी यही कहा है।

सुरक्षाकर्मी वृद्ध महिला को जेसीबी में बचाकर ले जाते हुए

दुनियाभर के नेताओं ने जताया शोक

ईयू और अधिक सहायता के तैयार: उर्सुला

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। नेपाल में प्रभावित इलाकों का नक्शा तैयार करने और जमीनी स्तर पर राहत कार्यों में सहायता देने के लिए कोपरनिकस प्रणाली को सक्रिय किया गया है। यूरोपीय संघ और अधिक सहायता देने के लिए भी तैयार है।

राहत और बचाव कार्यों में सहयोग कर रहे: गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इस भीषण बाढ़ से मुझे गहरा दुख हुआ है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। यूएन राहत और बचाव प्रयासों में सहयोग कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र की टीमें बाढ़ प्रभावित समुदायों को हरसंभव मदद पहुंचा रही हैं।

जनता के प्रति हार्दिक संवेदनाएं: तकाइची

जापान की पीएम सनाए तकाइची ने बाढ़ त्रासदी पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा कि मैं नेपाल सरकार और नेपाल की जनता के प्रति अपनी हार्दिक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 5 जापानी नागरिक लापता हैं, जो मेरे लिए गहरी चिंता का विषय है। नेपाल स्थित जापानी दूतावास ने उनसे संपर्क करने की कई कोशिशें की हैं।

पीड़ितों को अस्पताल में ले जाते बचावकर्मी

खबर संक्षेप

ईडी ने 2 बैंक खाते और 3 बैंक लॉकर्स किए फ्रीज

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोनल कार्यालय ने पीएमएलए के तहत की गई कार्रवाई में मुंबई और वडोदरा में सात रिहायशी/बिजनेस ठिकानों पर छापेमारी की है। तीन बैंक लॉकरों की तलाशी ली गई। जांच एजेंसी ने 'बिलपावर लिमिटेड' द्वारा किए गए लोन फ्रॉड के मामले में यह कार्रवाई की है। इस दौरान ईडी ने 43 लाख रुपए नकद तो 12 करोड़ रुपए के गहने जब्त किए हैं, जबकि 27 लाख रुपए वाले दो बैंक खाते और तीन बैंक लॉकर्स फ्रीज कर दिए हैं।

अलास्का में प्लेन क्रैश 4 लोगों की मौत

अलास्का। अमेरिका के अलास्का में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र के उथले पानी में जा गिरा। इस हादसे में विमान में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। हादसा अलास्का के एक दूरदराज के तटीय कस्बे के पास हुआ। पाइपर पीए-24 विमान अलास्का के सबसे बड़े शहर एंकोरेज से उड़ान भरकर छोटे कस्बे सेल्डोविया के एयरपोर्ट की ओर जा रहा था। सेल्डोविया का एयरपोर्ट एंकोरेज से 219 किमी दक्षिण-पश्चिम में स्थित है।

एससीओ शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल, रूस के राष्ट्रपति पुतिन से होगी मुलाकात

29 अगस्त से उज्बेकिस्तान-किर्गिज गणराज्य के दौरे पर रहेंगे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

पीएम नरेंद्र मोदी 29 अगस्त से 1 सितंबर 2026 तक उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की यात्रा करेंगे। वे 29–30 अगस्त को द्विपक्षीय यात्रा पर उज्बेकिस्तान जाएंगे, जबकि 31 अगस्त से 1 सितंबर तक किर्गिज गणराज्य में 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्जियोयेव के निमंत्रण पर पीएम 29–30 अगस्त को ताशकंद की राजकीय यात्रा करेंगे। यह पीएम मोदी की उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा होगी। इस दौरान दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे और दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। वार्ता में व्यापार एवं निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और जन-से-जन संबंधों में सहयोग की समीक्षा की जाएगी। दोनों नेता 'विकसित भारत 2047' और 'उज्बेकिस्तान-2030' के साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर भी विचार करेंगे।

पीएम मोदी एससीओ शिखर सम्मेलन को करेंगे संबोधित

व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर होगी चर्चा

पुतिन के साथ होगी अहम द्विपक्षीय बैठक

पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन फाइल फोटो

विदेश मंत्रालय ने बताया है कि 26वें एससीओ समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक बेहद अहम द्विपक्षीय बैठक होने जा रही है। इस बैठक में द्विपक्षीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति (तेल और गैस), उर्वरक सहयोग और आपसी रणनीतिक साझेदारी पर विशेष चर्चा की उम्मीद है।

31 अगस्त से 1 सितंबर तक बिश्केक के दौरे पर रहेंगे

उज्बेकिस्तान के बाद पीएम नरेंद्र मोदी किर्गिज गणराज्य के राष्ट्रपति सदिर जापारोव के निमंत्रण पर बिश्केक जाएंगे। यहां वे 31 अगस्त से 1 सितंबर तक आयोजित होने वाले 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह शिखर सम्मेलन शंघाई सहयोग संगठन की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। भारत 2017 से एसीओ का पूर्ण सदस्य है। पीएम सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंच पर भारत की प्राथमिकताओं सुरक्षा, कनेक्टिविटी और अवसर को रेखांकित करेंगे।

ताशकंद में पूर्व पीएम शास्त्री को देंगे श्रद्धांजलि

पीएम ताशकंद स्थित शास्त्री स्मारक का दौरा भी करेंगे। यहां वे पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसके साथ ही, ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी स्थित महात्मा गांधी सेंटर का दौरा करके भारत और उज्बेकिस्तान के दोनों देशों के बीच आपसी संबंधों को और प्रगाढ़ करेंगे।

द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

पीएम सम्मेलन से इतर एससीओ देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। इसके अलावा, वे छठे विश्व नोमैड खेलों के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे, जो मध्य एशिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।

आतंकवाद के मुद्दे पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति

एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान भारत आतंकवाद के मुद्दे पर 'जोरदार ढंग से अपना पक्ष रखेगा। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सीबी जॉर्ज ने साफ कर दिया है कि आतंकवाद और सीमा पर आतंक पर भारत जीरो टॉलरेंस की नीति पर ही चलेगा। भारत का मानना है कि आतंकवाद पूरी इंसानियत के लिए एक बड़ा खतरा है। बिश्केक के मंच से भारत वैश्विक समुदाय को यह बड़ा संदेश देगा कि आतंकियों को पनाह देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उन्हें जवाबदार ठहराया जाए।

एससीओ का सदस्य है भारत

एससीओ से तात्पर्य 'शंघाई सहयोग संगठन' है। इसकी स्थापना 15 जून 2001 को हुई थी। चीन की राजधानी बीजिंग में इसका मुख्यालय है। यह यूरेशिया का एक राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा गठबंधन है, जो सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग, क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देता है। भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस इसके प्रमुख सदस्य देश हैं।

वैश्विक नेताओं का जुटेगा जमावड़ा

12-13 सितंबर को भारत मंडपम में होगा 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में 12-13 सितंबर को होगा। इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स के सदस्य और सहयोगी देशों के नेताओं के साथ-साथ आउटरीच के लिए आमंत्रित नेता भी शामिल होंगे। भारत इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।

भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का मुख्य विषय है: 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण'। ऐसा विषय जो पीएम नरेंद्र मोदी के मानव केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। ये 'मानवता सर्वोपरि' की भावना पर आधारित है। इन क्षेत्रों के अलावा, नेता साझा प्राथमिकताओं पर ब्रिक्स के भीतर सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करेंगे और आपसी महत्व के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने नजरिए साझा करेंगे।

ब्रिक्स के प्रतीक चिन्ह में 'नमस्ते' का भाव

25 शहरों में 350 से अधिक बैठकें

इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में, ब्रिक्स की रणनीतिक साझेदारी को तीन मुख्य स्तंभों के इर्द गिर्द बुना गया है। जो राजनीतिक और सुरक्षा, आर्थिक और वित्तीय, तथा सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान है। इसे मजबूत करने के लिए भारत के 25 से अधिक शहरों में 350 से अधिक बैठकें और उच्च-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों और बिजनेस-टू-बिजनेस तथा लोगों के बीच संपर्क की पहलों के माध्यम से, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता ने व्यावहारिक और विकास-उन्मुख परिणामों के जरिए ब्रिक्स सहयोग को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है। भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है।

इस साल ब्रिक्स की स्थापना को 20 साल पूरे

वर्ष 2026 एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी है क्योंकि इस साल ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 साल पूरे कर रहा है। भारत की अध्यक्षता वाले ब्रिक्स लोगो में परंपरा और आधुनिकता का मेल दिखता है। इसकी पंखुड़ियां ब्रिक्स सदस्य देशों के जीवंत रंगों को दर्शाती हैं, जो उनकी सामूहिक ताकत और एकता को उजागर करती हैं। केंद्र में बना 'नमस्ते' का भाव भारत की गर्मजोशी, सम्मान और मिलजुलकर काम करने की भावना को दिखाता है। ब्रिक्स में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। ब्रिक्स के सहयोगी देश- बेलारूस, क्यूबा, बोलीविया, कजाकिस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम हैं।

ओसाका में निवेशकों से बोले मंत्री गोयल

भारत की विकास यात्रा में जापानी बिजनेस के लिए कई बड़े अवसर

एजेंसी ▶▶ ओसाका

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जापान के आसोका में 100 से ज्यादा भारतीय और 250 जापानी बिजनेसमेन और इन्वेस्टर्स से बातचीत की। उन्होंने भारत की तेज़ विकास दर, निवेश-आधारित सुधारों और भारत की विकास यात्रा में जापानी बिजनेस के लिए बढ़ते अवसरों पर ज़ोर दिया। कहा कि भारतीय टैलेंट अलग-अलग सेक्टर में जापान की जरूरतों को पूरा करने में योगदान दे सकता है। भारत जापान के साथ आर्थिक संबंध मज़बूत करने और ऐसी पार्टनरशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो साझा विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाएं।

इन्वेस्टर्स को संबोधित करते गोयल

एफडीआई का प्रवाह तेज करने पर जोर

गोयल ने कहा कि प्रक्रियाओं एवं नियमों में सुधार, अधिक कारगर केवाईसी मानदंड और मंजूरी प्रक्रिया को सुगम बनाने से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह तेज होगा और निवेशकों को अधिक सुविधा मिलेगी। भारत ज्यादातर क्षेत्रों में स्वतः मंजूर मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देता है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कनाडाई निवेशकों से की मुलाकात

एआई, स्पेस और दुर्लभ खनिज के क्षेत्र में निवेश का किया आह्वान

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में निवेशकों के लिए अनुकूल नीतिगत माहौल, टैक्स से जुड़ी ज्यादा निश्चितता और लगातार हो रहे सुधारों का जिक्र करते हुए कनाडाई कंपनियों से देश में अलग-अलग सेक्टर और इलाकों में नए मौकों और पार्टनरशिप की संभावनाओं को तलाशने की अपील की। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से गुरुवार को दी गई। यह अपील वित्त मंत्री सीतारमण ने टोरंटो में कनाडा की प्रमुख कंपनियों के सीईओ, प्रेसिडेंट और सीनियर एग्जीक्यूटिव्स के साथ एक हाई-लेवल बिजनेस राउंडटेबल के संबोधन के दौरान की।

> ट्रांसपोर्टेशन, ट्रांसमिशन, शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर क्लीन एनर्जी क्षेत्र में सहयोग की अपील की

कनाडाई निवेशकों से चर्चा करतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

गिफ्ट आईएफएससी में करें निवेश

वित्त मंत्री सीतारमण ने ग्लोबल निवेशकों के लिए गिफ्ट-आईएफएससी को एक प्लेटफॉर्म के तौर पर बताया और ओटीपीपी को भारत के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करने और भारत में बड़े निवेश के मौकों को तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ओएमईआरएस के प्रेसिडेंट और सीईओ ब्लेक हचेसन से मुलाकात की और भारत में ओएमईआरएस के लगातार भरोसे की सराहना की। साथ ही, उन्होंने संस्थान को इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट में अपने निवेश को आधार बनाकर लंबे समय के जुड़ाव को और गहरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कई क्षेत्रों के दिग्गज एक साथ आए

इस राउंडटेबल में स्वच्छ टेक्नोलॉजी, जरूरी मिनरल्स, रेयर अर्थ्स, ऊर्जा भंडारण, सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोटिव, टेक्सटाइल्स, ग्रीन स्टील, एयरोस्पेस, अंतरिक्ष, साइबर सिक्योरिटी, बायोटेक्नोलॉजी, एआई, एसेट मैनेजमेंट, हायर एजुकेशन और स्किल्स डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों के बिजनेस लीडर्स एक साथ आए। निर्मला सीतामरण उन्होंने ओंटारियो टीचर्स पेंशन प्लान (ओटीपीपी) की प्रेसिडेंट और सीईओ जो टेलर से मुलाकात की और भारत में ओटीपीपी के लंबे समय के भरोसे और एनआईआईएफ के साथ उसकी पार्टनरशिप की सराहना की। बातचीत में पार्टनरशिप और को-इन्वेस्टमेंट के जरिए ओटीपीपी के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश को बढ़ाने के मौकों पर चर्चा की गई, जिसमें ट्रांसमिशन, ट्रांसपोर्ट, शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

भारत की गिनाई उपलब्धियां

वित्त मंत्री ने बातचीत में ट्रांसपोर्टेशन, ट्रांसमिशन, रिन्यूएबल एनर्जी, शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में मौकों पर ध्यान दिया गया। इसमें भारत की मजबूत ग्रोथ, बढ़ते मिडिल क्लास और इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरतों का लाभ उठाने पर जोर दिया गया। वित्त मंत्री ने भारत के निवेशक-अनुकूल पॉलिसी माहौल, टैक्स से जुड़ी ज्यादा निश्चितता और चल रहे सुधारों का जिक्र किया। उन्होंने ओएमईआरएस को भारत में अलग-अलग सेक्टर और इलाकों में नए मौकों और पार्टनरशिप को तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू के टीवी इंटरव्यू ने राजनीति को गरमाया

परिसीमन बिल पर विशेष सत्र बुलाए जाने की चर्चा पर खरगे ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिख इस मामले में स्पष्टीकरण देने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के द्वारा एक टीवी इंटरव्यू के दौरान परिसीमन बिल को लेकर दिए गए बयान ने देश की राजनीति को गरमा दिया है। उनके बयान को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। साथ ही उन्होंने एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की भी मांग की है।

अगले चुनावों से ही महिलाओं के लिए 33% आरक्षण देने को कहा

खरगे ने 2029 के अगले लोकसभा चुनावों से ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत प्रभाव से लागू करने की मांग की है। पीएम मोदी के नाम लिखी इस चिट्ठी में खरगे ने कहा है कि सरकार परिसीमन को लेकर जो भी प्रस्ताव तैयार कर रही है उस पर चर्चा के लिए सभी राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों की एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। खरगे का कहना है कि प्रस्तावित मसौदे को संसद में लाने से पहले सभी विपक्षी दलों को उसका अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाए।

विशेष सत्र की अटकलों पर जताई चिंता

खरगे ने अपने पत्र में 16 जुलाई 2026 को लिखे गए अपने पिछले पत्र का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा हाल ही में दिए गए एक टीवी इंटरव्यू के बाद यह साफ होता जा रहा है कि सरकार परिसीमन से जुड़ा नया विधेयक लाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने पर विचार कर रही है। शायद यही कारण है कि संसद के मानसून सत्र का सत्रावसान करने में लगातार देरी की जा रही है।

लोकसभा सीटों की संख्या 25 वर्षों तक न बदलें

खरगे ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति स्पष्ट है। लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या अगले 25 वर्षों तक नहीं बदली जानी चाहिए। इसके साथ ही राज्यों के हिसाब से लोकसभा सीटों की मौजूदा संख्या भी 25 वर्षों तक बरकरार रखने की मांग की गई है। कांग्रेस का तर्क है कि परिसीमन जैसे बड़े मुद्दे पर जल्दबाजी के बजाय व्यापक राजनीतिक चर्चा जरूरी है।

ये रहा बहुमत का गणित

बजट सत्र के दौरान मोदी सरकार द्वारा लाया गया 131वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में अपेक्षित दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर सका था। 528 सांसदों में से 298 ने इसके पक्ष में और 230 ने इसके खिलाफ मतदान किया था, जिससे यह विधेयक गिर गया था। पहले की तुलना में संसद में एनडीए की स्थिति मजबूत हुई है। सबसे पहले पंजाब से आने वाले आप के राज्यसभा के 7सांसदों ने भाजपा का दामन थाम लिया था। पश्चिम बंगाल में टीएमसी को मिली करारी हार के बाद लोकसभा के 20 सांसदों ने अपना अलग गुट बना लिया। सरकार को डीएमके और शरद पवार की पार्टी से भी इस पर समर्थन मिलने की उम्मीद है।

भाजपा-अकाली दल के गठबंधन की बढ़ी अटकलें

दोनों दल साथ आए तो पंजाब में बदलेगी कई सीटों पर तस्वीर

पंजाब में भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के संभावित पुनर्गठन की चर्चाएं तेज हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के विधानसभा-वार आंकड़ों से इस गठबंधन की संभावित ताकत का आकलन किया गया है। यदि दोनों दल साथ आते हैं तो करीब 21 विधानसभा क्षेत्रों में उनका संयुक्त वोट कांग्रेस या आप से अधिक हो सकता है। यह केवल एक गणितीय विश्लेषण है।अलग-अलग चुनाव लड़ने के बावजूद दोनों दलों ने कुल 32 विधानसभा क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाई थी। इन दोनों दलों के वोटों को जोड़ने पर कई अन्य सीटों पर भी चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

खबर संक्षेप

तेलुगू डाइरेक्टर पवन पर गंभीर आरोप, जेल

चेन्नई। पवन सादिनेनी तेलुगू सिनेमा के जाने-पहचाने डाइरेक्टर हैं। पवन मल्टी-लैंग्वेज फिल्म 'आकासम लो ओका तारा' पर काम कर रहे थे। इन सब के बीच उन पर गंभीर आरोप लगे हैं। पवन पर एक महिला की शिकायत पर यौन शोषण, मारपीट और शादी का झांसा देकर धोखा देने का केस दर्ज करया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

पर्यटक बस पेट्रोल पंप से टकराई, 20 घायल

कोच्चि। केरल के एर्नाकुलम जिले के कक्कूर में गुरुवार को करीब 35 यात्रियों को ले जा रही एक पर्यटक बस पेट्रोल पंप के एक हिस्से से टकरा गई, जिससे कम से कम 20 लोग घायल हो गए। सड़क पर अचानक मुड़ रहे एक दोपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में बस बेकाबूहो गई। बस कलाडी से विवाह समारोह के लिए लेकर जा रही थी।

बाली पहलवान को मिली उम्रकैद की सजा

रोहतक। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल राठी की अदालत ने 15 साल पुराने हत्या के मामले में महम से इनेलो के पूर्व विधायक बलबीर सिंह उर्फ बाली पहलवान समेत 7 को दोषी करार दिया। कोर्ट ने गुरुवार को सातों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। अन्य 8 को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

पीएम मोदी ने बालकृष्णन के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवेकानंद शिला स्मारक एवं विवेकानंद केंद्र के अध्यक्ष ए. बालकृष्णन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने कहा कि बालकृष्णन ने 5 दशक से अधिक समय स्वामी विवेकानंद के आदर्शों और राष्ट्र सेवा को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'एक्स' पर तस्वीर भी साझा की।

बेंगलुरू में होना था आयोजन

एनएलएसआईयू ने रद्द कर दिया दीक्षांत समारोह,डिग्री पर सवाल!

इस बार नहीं होगा कार्यक्रम
बिना समारोह ही मिलेगी डिग्री

एजेंसी ▶▶ बेंगलूरू

यहां स्थित राष्ट्रीय विधि विद्यालय (एनएलएसआईयू) ने 2026 में स्नातक होने वाले छात्रों का 34वां वार्षिक दीक्षांत समारोह रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 3 अगस्त को छात्रों को ईमेल भेजकर बताया था कि दीक्षांत समारोह 12 सितंबर को आयोजित किया जाएगा

अब 27 अगस्त को जारी एक नोटिस में विश्वविद्यालय ने कहा है कि कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण इस बार दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किया जा सकेगा। विश्वविद्यालय ने नोटिस में कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद 34वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित करना संभव नहीं है।

छात्रों ने किया था सीजेआई का विरोध

दीक्षांत समारोह रद्द करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब एनएलएसआईयू के छात्रों और पूर्व छात्रों ने भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पर आपत्ति जताई थी।एनएलएसआईयू के 700 से अधिक छात्रों और पूर्व छात्रों ने दोनों के दीक्षांत समारोह में शामिल होने का विरोध किया था। उन्होंने भारतीय विधिज्ञ परिषद से राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (नलसार) के छात्रों और शिक्षकों से बिना शर्त माफी मांगने की मांग भी की थी।

अब छात्रों को दी ये सुविधाएं

- विश्वविद्यालय ने छात्रों को डिग्री और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के 2विकल्प दिए हैं।
- छात्र अपने प्रमाणपत्र डाक/कूरियर के माध्यम से मंगवा सकेंगे।
- छात्र चाहें तो परिसर में आकर अपने प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकेंगे।
- विकल्प को चुनने के लिए विश्वविद्यालय एक नया प्रपत्र जारी करेगा।
- प्रक्रिया की जानकारी सभी स्नातक छात्रों के साथ साझा की जाएगी।
- स्नातक छात्रों को संबंधित शासी निकायों से मंजूरी के बाद डिग्री दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने सैकड़ों खिलाड़ियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को वर्चुअली संबोधित किया

खेलों को बनाना है राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा, खेलेंगे तो ही खिलेंगे

पदक संख्या तभी बढ़ेगी जब सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग में हमारी भागेदारी हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ओलंपिक में शामिल आधे खेलों में भारत की भागीदारी नहीं होने पर अफसोस जताया और कहा कि देश की पदक संख्या तभी बढ़ सकती है जब सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग जैसे उन खेलों में भी भारतीय खिलाड़ी तैयार हों जिनमें अब तक उन्होंने हिस्सा नहीं लिया है।

शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस से पहले 'खेलो इंडिया संवाद' के लिए विभिन्न स्थानों पर जुटे सैकड़ों खिलाड़ियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि खेलों को लेकर उनका दृष्टिकोण केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है बल्कि खेलों को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाना है। ओलंपिक में कई अलग-अलग खेल होते हैं... भारतीय टीमें इनमें से आधे खेलों में भी हिस्सा नहीं लेतीं जिसका मतलब है कि हम पदकों की कुल संख्या के एक बड़े हिस्से के लिए प्रतिस्पर्धा ही नहीं करते।

खेलो इंडिया संवाद के तहत गुजरात के गांधीनगर में आयोजन

1,500 नामी-गिरामी प्रतिभागियों ने किया संवाद

खेलो इंडिया संवाद के तहत गुजरात के गांधीनगर में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक युवाओं और एथलीटों ने हिस्सा लिया। मीडिया से बातचीत के दौरान, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के 5,000 से अधिक कॉलेज जुड़े। कार्यक्रम में 1,500 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें द्रोणाचार्य और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कोच तथा सक्रिय खिलाड़ी भी शामिल रहे। एथलीटों ने देश के युवाओं के साथ संवाद कर खेलों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्र सरकार ने देशभर में मजबूत खेल इकोसिस्टम और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 36,000 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसके तहत खेल सुविधाओं और अकादमियों के विकास पर काम किया जाएगा।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया

पैरा खिलाड़ियों को मिसाल बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि पैरा खिलाड़ी इस बात की बेहतरीन मिसाल हैं कि खेल न केवल खिलाड़ियों बल्कि उनके परिवारों, आसपास के लोगों और यहां तक कि उनके शहरों का जीवन भी बदल सकता है। जब कोई खिलाड़ी सफल होता है तो यह सिर्फ उसकी सफलता नहीं होती बल्कि इससे उसके परिवार, स्कूल, कॉलेज और जिले का भी गौरव बढ़ता है। दुनिया को उस स्थान के बारे में पता चलता है जहां से वह आता है।

पेरिस ओलंपिक में केवल आधे खेलों में हिस्सा लिया

उन्होंने कहा कि और दशकों से ऐसा ही होता आ रहा है। हमने 2012 में केवल 13 खेलों में हिस्सा लिया था। 20 से अधिक खेलों में हमारी भागीदारी नहीं थी और देश में भी बहुत से लोगों को इन प्रतियोगिताओं के बारे में पता तक नहीं था। पीएम मोदी ने कहा कि दूसरे देश इन खेलों में पदक जीतते हैं और हम उनमें हिस्सा तक नहीं लेते। अपने पदकों की संख्या बढ़ाने के लिए हमें इन खेलों में भी सुधार करना होगा। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत ने खेलों की सूची में शामिल 32 में से 16 खेलों में हिस्सा लिया था।

हमें इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगी

ओलंपिक की सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग प्रतियोगिताओं में अब तक किसी भारतीय ने हिस्सा नहीं लिया है। ये दोनों खेल 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के कार्यक्रम का हिस्सा हैं। मोदी ने कहा कि उदाहरण के लिए सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग को ही लें। हमारे पास इतना लंबा समुद्र तट और इतने विशाल पहाड़ी क्षेत्र हैं जहां इन जैसे खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि हो सकती है। जल खेलों से लेकर शीतकालीन खेलों तक हमारे पास इसके लिए जरूरी जनसंख्या और भौगोलिक परिस्थितियां भी हैं। इसके बावजूद दुनिया में इन खेलों में कहीं भी भारतीय नजर नहीं आते। इसलिए हमें अलग-अलग क्षेत्रों में इन खेलों को बढ़ावा देने के अवसर तलाशने होंगे। अपनी पदक संख्या बढ़ाने के लिए हमें इन खेलों में भी महारत हासिल करनी होगी।

खेल से चैंपियन ही नहीं, बेहतर प्रतियोगी भी बन सकेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस 15 अगस्त को मैंने लाल किले की प्राचीर से देश के लिए भारत के खेल संबंधी दृष्टिकोण को सामने रखा। जब मैं खेलों की बात करता हूं तो इसका मतलब केवल पदक जीतना नहीं है। यह विकसित भारत के निर्माण में भारत की खेल शक्ति और युवा शक्ति को एक साथ जोड़ने का अभियान है। गिरना, फिर उठना और दोबारा आगे बढ़ना... खेल हमारे भीतर यही जज्बा पैदा करता है। स्क्रीन से अधिक खेल केंद्रों की अहमियत है। प्ले स्टेशन से अधिक खेल के मैदानों की अहमियत है। प्रधानमंत्री ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भी श्रद्धांजलि दी जिनकी जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई जाती है। करीब 100 साल पहले भारतीय हॉकी टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी और उस टीम में ध्यानचंद भी शामिल थे।

नशो से दूर रहें युवा

युवाओं में चरित्र निर्माण के लिए खेलों को जरूरी बताते हुए मोदी ने कहा कि नशे की समस्या से युवाओं को दूर रखने में भी खेलों की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि नशे का सेवन देश के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। खेल हमें सिर्फ चैंपियन बनना नहीं सिखाता बल्कि बेहतर प्रतियोगी बनना भी सिखाता है।

कानपुर में बड़ा हादसा

टेक-ऑफ के 20 मिनट बाद गिरा विमान इंस्ट्रक्टर के साथ ट्रेनी पायलट की मौत

एजेंसी ▶▶ कानपुर

यहां के कटरी क्षेत्र के नत्थूपुरवा इलाके में गुरुवार दोपहर एक बड़ा विमान हादसा हुआ जिसमें गर्ग एविएशन सेंटर का एक ट्रेनी एयरक्राफ्ट अचानक क्रैश हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में विमान में सवार इंस्ट्रक्टर सचिन भाटिया और ट्रेनी पायलट अभिषेक पुजारी की मौत हो गई है।

2 माह के भीतर दूसरी घटना

गर्ग एविएशन सेंटर के विमान के साथ दो माह के भीतर यह दूसरी बार इस तरह का हादसा हुआ है। उड़ान भरने के महज 20 मिनट बाद विमान नत्थूपुरवा गांव के बाहरी इलाके में खेतों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस 4 सीटर डुअल इंजन ने सुबह करीब 11:30 बजे उड़ान भरी थी।

साइबर ठगी पर जागरुकता

'तुरंत शिकायत' करने के लिए जागरुक किया, रैना सम्मानित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यहां बढ़ते साइबर अपराध के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा अभियान शुरू किया है और कुछ ऐसे चेहरों को सम्मानित किया जो अब चर्चा का विषय बन गए हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई के सह्याद्री अतिथिगृह में साइबर जागरूकता पर बनी फिल्म 'ऑपरेशन 1930' के ट्रेलर और '1930 साइबर एंथम' को लॉन्च किया। इसके जरिए महाराष्ट्र सरकार का उद्देश्य लोगों को साइबर ठगी के नए तरीकों से सतर्क करना है और लोगों को ठगी होने पर तुरंत शिकायत करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने एक्टर शरद केलकर, जावेद जाफरी, कॉमेडियन समय रैना और अन्य दिग्गजों को सम्मानित किया। सम्मान को लेकर काफी चर्चाएं हैं क्योंकि जिन्हें सम्मानित किया गया है उनमें समय रैना का नाम भी शामिल है।

नड्डा से मिले आरक्षण रिफॉर्म के प्रतिनिधि

सभी ने मुलाकात को सौहार्द्रपूर्ण बताया,7 सितंबर को फिर मिलेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यहां केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और आरक्षण में रिफॉर्म को लेकर बीते 21 अगस्त को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने वाली टीम के लोगों ने मुलाकात की। दोनों ही पक्षों ने इस मुलाकात को सौहार्द्रपूर्ण बताया और ये भी कहा गया कि अगली मुलाकात 7 सितंबर को होगी। नड्डा ने एक्स पर पोस्ट किया, 21 को जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन के उपरांत पूर्व निर्धारित समय के अनुसार हर्ष दुबे, रण बहादुर सिंह चौहान व मृत्युंजय पाठक, टीम के सदस्यों से वार्ता हुई।

मुलाकात को संवाद के लिए बताया अहम

हर्ष दुबे ने पोस्ट किया, सर्व समाज के हित में सकारात्मक पहल। आज हमारी टीम ने नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान प्रदर्शन के संबंध में उनसे संक्षिप्त चर्चा हुई। यह मुलाकात संवाद की दिशा में अहम कदम है।

बागी टीएमसी गुट को भाजपा ने दिया पहला झटका

नगर निगम चुनाव में साथ लड़ने से किया इनकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सायोनी घोष, काकोली घोष दस्तीदार और सुदीप बंदोपाध्याय समेत टीएमसी से अलग हुए 20 सांसदों वाले गुट को भाजपा ने करारा झटका दिया है। भाजपा ने इस गुट के साथ मिलकर कोलकाता नगर निगम चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एनसीपीआई में शामिल हुए सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा था कि उनकी पार्टी कोलकाता नगर निगम का चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ेगी। सुदीप ने पत्रकारों से कहा कि हमने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से बात कर ली है, जिन्होंने इसकी पुष्टि की है। लेकिन केएमसी चुनाव प्रभारी और केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने साफ कर दिया था कि इस चुनाव में भाजपा अकेले ही मैदान में उतरेगी।



सुदीप बंद्योपाध्याय

केएमसी चुनाव साथ लड़ने पर कोई चर्चा नहीं की

मजूमदार ने न्यू टाउन स्थित अपने आवास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष पहले ही कह चुके हैं कि राज्य में भाजपा का कोई सहयोगी नहीं है। हमने बंगाल में विधानसभा चुनाव किसी सहयोगी के साथ नहीं लड़ा था। हम अकेले लड़े और कई सीटें जीतीं। इसलिए, किसी सहयोगी के साथ मिलकर केएमसी चुनाव लड़ने पर कोई चर्चा नहीं हुई है। मेरे पास भी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

केंद्रीय राज्य मंत्री मजूमदार

सीएम या प्रदेशाध्यक्ष ही बात करेंगे

मजूमदार ने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है और इस मुद्दे पर केवल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य या नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ही बात कर सकते हैं। भाजपा के एक नेता ने कहा कि अगर दोनों साथ मिलकर चुनाव लड़ती है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा। तब टीएमसी के भ्रष्ट लोग, जिनके खिलाफ हमने सालों तक लड़ाई लड़ी, भाजपा के समर्थन से चुनकर आ जाएंगे।

लोकसभा में बहुमत में आड़े तो नहीं आएगा...

अगर चुनावों में दूरी बनाती है तो इसके दूरगामी असर देखने को मिल सकते हैं। भाजपा लोकसभा और राज्यसभा में दो तिहाई बहुमत का जुगाड़ करने के लिए टीएमसी के बागी सांसदों का साथ चाहती है। ऐसे में अगर ये गुट भाजपा से नाराज हुआ तो मोदी सरकार अपने मनचाहे कुछ बिलों खासकर परिसीमन बिल को पास कराने में विफल रह सकती है क्योंकि अभी भी एनडीए के पास संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई संख्या का जुगाड़ नहीं हो सका है। चर्चा यह भी है कि इस नाराजगी की भरपाई भाजपा केंद्र सरकार में इस बागी गुट को एक या दो मंत्री पद देकर कर सकती है।

हरियाणा विधानसभा के बाहर कांग्रेस विधायकों की पुलिस से झड़प

कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरा

हुड्डा ने कहा- मेरे साथ धक्का-मुक्की हुई पुलिस की वर्दी में सरकार ने भेजे 'गुंडे'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन कांग्रेस विधायकों ने सड़क से लेकर सदन तक सरकार को घेरा। कानून व्यवस्था, दिल्ली में छात्रों पर कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावे की चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने पैदल मार्च किया।

इस दौरान पुलिस और कांग्रेस विधायकों के बीच झड़प भी हुई। कांग्रेस का आरोप है कि पुलिस ने विधायकों को रोकने के लिए जगह-जगह बैरिकेडिंग की और लाठीचार्ज भी किया। इससे कई विधायकों को चोंटे आई हैं। भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि मैं सरकार की इस दमनकारी कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हर नागरिक और जनप्रतिनिधि को अपनी बात रखने का संवैधानिक अधिकार है। जिस तरह धक्का-मुक्की कर रही थी, ऐसा लग रहा था मानो सरकार ने पुलिस की वर्दी में गुंडे भेज रखे हों।

सत्र के पहले दिन बवाल, 6 कांग्रेस विधायक सस्पेंड

हरियाणा विधानसभा सत्र का गुरुवार को पहला दिन था। पहले दिन ही सदन में भारी बवाल हुआ जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने कांग्रेस के 6 विधायकों को सस्पेंड कर दिया। इन विधायकों में इंदुराज नरवाल, बलराम दांगी, आदित्य सुरजेवाला, गोकुल सेतिया, विकास साहरण और शकुंतला खटक शामिल हैं। स्पीकर ने कहा कि इन सदस्यों का आचरण सदन में अशोभनीय रहा और इसके चलते इन्हें आज की कार्यवाही से सस्पेंड किया गया।

लंबे युद्ध में वही देश टिकेंगे, जिनके पास उन्नत तकनीक मजबूत सप्लाई चेन और औद्योगिक क्षमता होगी: रक्षामंत्री



हरिभूमि जबलपुर।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले युद्धों में वही देश बेहतर तरीके से टिक पाएंगे, जिनके पास उन्नत तकनीक, मजबूत सप्लाई चेन, सुदृढ़ औद्योगिक क्षमता और लगातार नवाचार करने की क्षमता होगी। भारत का लक्ष्य रक्षा क्षेत्र की महत्वपूर्ण जरूरतों के लिए विदेशी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम करना और देश में ही रक्षा उपकरणों का निर्माण, रखरखाव तथा आधुनिकीकरण करना है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को जबलपुर की व्हीकल फैक्टरी में टी-72 और टी-90 टैंकों की ओवरहालिंग सुविधा का भूमिपूजन किया। करीब 472 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाली इस परियोजना में प्रतिवर्ष 80 टैंकों के ओवरहालिंग की क्षमता तैयार की जाएगी। इससे भारतीय सेना को समय पर ओवरहाल किए गए टैंक उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और सेना की ऑपरेशनल रेडीनेस और मजबूत होगी।

सेना की 230 टैंकों की सालाना जरूरत

सेना को हर वर्ष करीब 230 टैंकों के ओवरहालिंग की जरूरत होती है। वर्तमान में अवाडी स्थित हेवी व्हीकल्स फैक्टरी में प्रतिवर्ष 150 टैंकों के ओवरहाल की क्षमता है। जबलपुर में 80 टैंकों की नई क्षमता विकसित होने के बाद सेना की वार्षिक जरूरत पूरी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि ड्रोन, मिसाइल, सैटेलाइट, प्रिसीजन गाइडेड हथियार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर वारफेयर के कारण युद्ध का स्वरूप बदल रहा है, लेकिन टैंकों की उपयोगिता समाप्त नहीं हुई है। बल्कि उन्हें आधुनिक सेंसर और नई तकनीक से लैस कर बदलते युद्धक्षेत्र के अनुरूप तैयार करने की जरूरत है।

टैंक, ड्रोन और मिसाइल का एकीकृत इस्तेमाल जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्ध किसी एक हथियार या प्लेटफॉर्म के भरोसे नहीं लड़ा जा सकता। टैंक, पैदल सेना, तोपखाना, ड्रोन, वायु शक्ति, निगरानी और प्रिसीजन हथियारों की संयुक्त क्षमता निर्णायक होगी। भारतीय सेना की 'इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप' अवधारणा इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस सैनिकों को आधुनिक टैंक, ड्रोन, मिसाइल, तोपखाना, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और ऊर्जा हथियार जैसी क्षमताओं से लैस करने पर है। जबलपुर में बनने वाली ओवरहालिंग सुविधा इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

चार दशक में 4400 टैंकों की आपूर्ति

राजनाथ सिंह ने बताया कि अवाडी की हेवी व्हीकल्स फैक्टरी पिछले चार दशकों में भारतीय सेना को करीब 4400 टैंक उपलब्ध करा चुकी है। उन्होंने कहा कि एवीएनएल को टी-72 और टी-90 श्रेणी के टैंकों की ओवरहालिंग का करीब 25 वर्षों का अनुभव है। नई सुविधा से गुणवत्ता, उत्पादकता और तकनीकी नवाचार को नई गति मिलेगी।

रक्षा इकोसिस्टम को मिलेगी नई ताकत : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में रक्षा क्षेत्र में हो रहे निवेश को प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मध्यप्रदेश के रक्षा इकोसिस्टम को मजबूती मिलेगी और स्थानीय एमएसएमई की भागीदारी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि देश हर प्रकार की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने जबलपुर में रक्षा क्षेत्र के विस्तार को स्थानीय उद्योग, रोजगार और निवेश के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया।

आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को मिली रफ्तार

रक्षा मंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश का रक्षा क्षेत्र तेजी से मजबूत हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा उत्पादन करीब 1.80 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो 2014 में करीब 46 हजार करोड़ रुपए था। रक्षा निर्यात भी बढ़कर लगभग 39 हजार करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।उन्होंने कहा कि भारत अब वैश्विक रक्षा विनिर्माण, तकनीकी साझेदारी और भरोसेमंद रक्षा आपूर्ति के क्षेत्र में अपनी भूमिका मजबूत कर रहा है।

जबलपुर के एमएसएमई को मिलेगा बड़ा अवसर

टैंकों की ओवरहालिंग सुविधा से जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों के एमएसएमई को भी नए अवसर मिलेंगे। मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक और हाइड्रोलिक कंपोनेंट, असेंबली तथा विभिन्न सब-सिस्टम की मांग बढ़ेगी। इससे स्थानीय उद्योगों को रक्षा क्षेत्र की सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह परियोजना सैनिकों के लिए उपयोगी होने के साथ ही जबलपुर के युवाओं, श्रमिकों और छोटे उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

फेक्ट फ़ाइल

- 472 करोड़ रुपए की यह परियोजना।
- जबलपुर को टी-72 और टी-90 जैसे मुख्य युद्धक टैंकों के ओवरहाल, रखरखाव और आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण केंद्र।
- स्थानीय एमएसएमई और रोजगार के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे।

एमपी को डिफेंस और एयरोस्पेस हब बनाने की तैयारी

राजनाथ सिंह ने मध्यप्रदेश सरकार की उद्योग, निवेश और रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट एमपी 3.0, उद्योग-अनुकूल नीतियों और निवेश को आसान बनाने वाली व्यवस्थाओं से प्रदेश में रक्षा क्षेत्र के विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं।ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में 3073 हेक्टेयर भूमि पर रक्षा विनिर्माण की संभावनाएं और 16,960 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्तावित निवेश मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख डिफेंस एवं एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम हैं।कार्यक्रम में रक्षा उत्पादन विभाग के सचिव संजीव कुमार, एवीएनएल के सीएमडी सत्यव्रत मुखर्जी सहित रक्षा उत्पादन विभाग, एवीएनएल और सशस्त्र सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

ट्रैफिक ब्लॉक के चलते कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस का फरीदाबाद में ठहराव अस्थायी रूप से रद्द

जबलपुर। उत्तर रेलवे द्वारा हजरत निजामुद्दीन-पलवल रेलखंड के फरीदाबाद स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के लिए 1 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक 45 दिनों का ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके चलते कुछ ट्रेनों के ठहराव में अस्थायी बदलाव किया गया है। पश्चिम मध्य रेल से संचालित गाड़ी संख्या 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस का फरीदाबाद स्टेशन पर निर्धारित ठहराव भी प्रभावित रहेगा। 31 अगस्त से 14 अक्टूबर 2026 के बीच निर्धारित सात ट्रिप के दौरान ट्रेन फरीदाबाद स्टेशन पर नहीं रुकेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि उक्त अवधि में यात्रा की योजना बनाते समय इस बदलाव का ध्यान रखें। यात्रा से पहले ट्रेन के ठहराव एवं संचालन की नवीनतम जानकारी एनटीईएस अथवा रेलवे के अधिकृत माध्यमों से प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

4 सप्ताह में लौटाएं रिकवरी, वरना डीजीपी कैलाश मकवाना व्यक्तिगत रूप से पेश हों

हाईकोर्ट की सख्त चेतावनी, सेवानिवृत्त महिला पुलिस अधिकारी की रिकवरी का मामला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। सेवानिवृत्त महिला सब-इंस्पेक्टर के वेतन से अवैध रूप से काटी गई 17 लाख की राशि वापस न करने के मामले में अदालत ने पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना सहित तीन शीर्ष अधिकारियों को अंतिम अवसर दिया है।जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि आगामी 4 सप्ताह के भीतर याचिकाकर्ता की पूरी राशि वापस नहीं की जाती, तो डीजीपी कैलाश मकवाना, तत्कालीन भोपाल एसपी ममतेश माली और पेंशन अधिकारी शोभा भाकरिया को अगली सुनवाई 28 सितंबर पर अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।भोपाल में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर लजवर खानम 30 अप्रैल 2016 को पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुई थीं। विभाग ने सेवानिवृत्ति के पश्चात उनके वेतन से 17 लाख की रिकवरी का आदेश जारी किया था। याचिकाकर्ता ने इस कटौती को हाईकोर्ट जबलपुर में चुनौती दी थी। 11 मई 2024 को अदालत ने कटौती को अवैध ठहराते हुए पूरी राशि लौटाने का आदेश दिया था।राज्य सरकार ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में दर्ज चुनौती दी, जहां 12 फरवरी 2026 को सरकार की अपील खारिज हो गई।सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। तर्क प्रस्तुत किया गया कि सुप्रीम कोर्ट से राहत न मिलने के बावजूद प्रशासनिक ढिलाई के कारण आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है, जो सीधा अवमानना का मामला है।इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कोर्ट ने रिकॉर्ड देखकर स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाईकोर्ट के आदेश पर कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई गई है। केवल रिव्यू याचिका लंबित होने के आधार पर अदालत के अंतिम आदेश के अनुपालन को टाला नहीं जा सकता।हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका की सुनवाई स्थगित करते हुए अधिकारियों को 4 सप्ताह की समय-सीमा दी है।

रक्षा मंत्री को बताई छावनी क्षेत्र की मूलभूत समस्याएं

जबलपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जबलपुर आगमन पर कैंट विधायक अशोक रोहाणी के मार्गदर्शन में प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट कर छावनी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने छावनी परिषद में निवासरत किसानों की भूमि अदला-बदली के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराने, छावनी परिषद का नगर निगम में विलय करने तथा क्षेत्र में सभी श्रेणियों के मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य कराने की मांग रखी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कैंट के पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल एवं संजय जैन तथा किसानों के प्रतिनिधि सिराज अहमद और देवेंद्र बावरिया उपस्थित रहे।

रक्षा मंत्री ने राकेश सिंह के निवास पर भाजपा पदाधिकारियों से की भेंट

जबलपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जबलपुर प्रवास के दौरान लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सिविल लाइन स्थित निवास पहुंचे। यहां संभाग के जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने दोनों नेताओं का अभिनंदन किया। रक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने मंत्री राकेश सिंह के परिजनों से भी भेंट की।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, सांसद आशीष दुबे, राहुल लोधी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, नीरज सिंह, अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे, मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जबलपुर नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, जीएस ठाकुर, रानू तिवारी, रामरतन पायल, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, दीपांकर बैनर्जी, डॉ. जितेंद्र जामदार, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे, डॉ. वाणी अहलुवालिया, संदीप रजक, भारत सिंह यादव, पंकज दुबे, राजेश दाहिया, रंजीत पटेल, श्रीकान्त साहू, भी स्वागत किया।

संत अलॉयसियस कॉलेज के पदक वितरण समारोह में विद्यार्थियों को मिले 46 स्वर्ण पदक

जबलपुर। संत अलॉयसियस महाविद्यालय (स्वशासी) में सत्र 2025-26 का पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि यूनाइटेड बोर्ड ऑफ क्रिश्चियन हायर एजुकेशन इन एशिया की अध्यक्ष डॉ. परीना गुप्ता लॉरेंस रहीं, जबकि अध्यक्षता कैथोलिक धर्मप्रांत जबलपुर के बिशप डॉ. जे.जी. वलन अरासु ने की। विशिष्ट अतिथि प्रो. सैंड्रा जोसेफ एवं डॉ. फा. डेविस जॉर्ज उपस्थित रहे। डॉ. परीना गुप्ता लॉरेंस ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और आलोचनाओं को प्रेरणा में बदलने का संदेश दिया। बिशप डॉ. जे.जी. वलन अरासु ने कहा कि समाज को आलोचनात्मक सोच, समस्या समाधान की क्षमता और

सही बात के पक्ष में खड़े होने का साहस रखने वाले युवाओं की जरूरत है। प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोज ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में विद्यार्थियों को कुल 46 स्वर्ण पदक एवं 36 प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कला संकाय की रिया अग्रवाल, विज्ञान की वर्णिका गुप्ता, वाणिज्य की खुशी गुप्ता और प्रबंधन संकाय की भूमिका वाधवानी ने तीन-तीन स्वर्ण पदक हासिल किए। समारोह में डॉ. मीता दरबारी, प्रशंस दरबारी एवं प्रलयकांत की ट्रायंगल्स पायथोगोरस, डॉ. कैरोलिन सैनी की अपने हिस्से का आसमान, डॉ. नीलांजना पाठक की बियोंड द लिटेलर, डॉ. रूपाली अहलुवालिया एवं डॉ. सुरभि जैन की ऑडिटिंग, डॉ. कोमल रावत एवं डॉ. तरविंदर कौर की एसेंशियल ऑफ इंश्योरेंस प्रैक्टिस तथा डॉ. मीनाक्षी स्वामी की डिजिटल मार्केटिंग ऑपर्च्यूनिटीज, चैलेंजेस एंड फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स का विमोचन किया गया। आयोजन में उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नीलांजना पाठक, डॉ. रूपाली अहलुवालिया, डॉ. निशा पांडेय, डॉ. रीता चौहान, डॉ. रश्मि पतरस एवं डॉ. प्रियंका सिन्हा की विशेष भूमिका रही। मंच संचालन प्रौद्युम्न सेन एवं सृष्टि मिश्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन तंज़िला खान ने दिया।

रक्षाबंधन पर कटनी-सतना के बीच चलेगी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रेल प्रशासन ने कटनी-सतना-कटनी के बीच 4-4 ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन मार्ग में पटवारा, झुकेही, पकरिया रोड, अमदरा, घुनवारा, भदनपुर, मैहर, उंचेहरा एवं लगरगवां स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन में सामान्य श्रेणी एवं एसएलआरडी कोच रहेंगे। गाड़ी संख्या 09015 कटनी-सतना रक्षाबंधन अनारक्षित स्पेशल 28 से 31 अगस्त तक प्रतिदिन कटनी से सुबह 5:45 बजे रवाना होकर 8:45 बजे सतना पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 09016 सतना-कटनी स्पेशल इसी अवधि में प्रतिदिन सतना से शाम 6:30 बजे रवाना होकर रात 8:50 बजे कटनी पहुंचेगी। रेल प्रशासन के अनुसार स्पेशल ट्रेन के संचालन से रक्षाबंधन के दौरान यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी ।

रक्षा मंत्री से जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की मांग

जबलपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जबलपुर प्रवास के दौरान महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की मौजूदगी में उनसे सौजन्य भेंट की। इस दौरान जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर स्थापित करने की मांग रखी गई। चेंबर प्रतिनिधियों ने बताया कि शहर में स्थित सुरक्षा संस्थानों एवं मध्य कमान सेना मुख्यालय को देखते हुए डिफेंस क्लस्टर की स्थापना से औद्योगिक एवं आर्थिक विकास को गति मिल सकती है। रक्षा मंत्री ने मांग पर प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। चेंबर मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र ने बताया कि रक्षा मंत्री को दिए निवेदन में भारत सरकार की एमएसएमई नीति के तहत स्थानीय सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों से 20 से 25 प्रतिशत खरीदी सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। विशेष रूप से व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में निर्मित वाहनों के कलपुर्जों की आपूर्ति स्थानीय सहायक एवं सूक्ष्म-लघु उद्योगों से कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश देने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता, शंकर नागदेव, अखिल मिश्र एवं राजेन्द्र सूद शामिल रहे।

श्रावणी उपाकर्म में पंचगव्य प्राशन से होता है समस्त दोषों का क्षय : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी

ऋषि पूजन के बाद विप्रों ने धारण किया नवीन यज्ञोपवीत, नर्मदा तट जिलहरी घाट पर हुआ श्रावणी उपाकर्म

जबलपुर। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री के परम सान्निध्य में ब्राह्मणों का महापर्व श्रावणी उपाकर्म श्रद्धा और वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। उपनीत द्विजों ने मां नर्मदा के पावन तट जिलहरी घाट पहुंचकर विधि-विधान से श्रावणी उपाकर्म किया। इसके पश्चात शंकराचार्य मठ में सप्तऋषियों का पूजन संपन्न हुआ।

पंचगव्य प्राशन से आत्मशुद्धि का विधान

ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री ने कहा कि श्रावणी उपाकर्म ब्राह्मण समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन पंचगव्य प्राशन कर हेमाद्रि संकल्प लिया जाता है। इसके माध्यम से वर्षभर में जाने-अनजाने में हुए ज्ञात-अज्ञात दोषों के लिए प्रायश्चित किया जाता है। इसके बाद ऋषियों का पूजन कर नवीन यज्ञोपवीत धारण किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संस्कार और वैदिक परंपरा के प्रति निष्ठा का प्रतीक है।

प्रतिवर्ष होता है आयोजन

ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री ने बताया कि श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में प्रतिवर्ष श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया जाता है। यहां श्रावणी उपाकर्म संपन्न करने के बाद सभी विप्र श्रद्धापूर्वक रक्षाबंधन का पर्व मनाते हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से भी ब्राह्मण पहुंचते हैं।

यह रहे पूजन में उपस्थित- आयोजन में आचार्य राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, पंडित पवन मिश्रा, पंडित शारदानंद द्विवेदी, आचार्य दिनेश गर्ग, पंडित गौरीशंकर तिवारी, पंडित कमलेश शास्त्री, टेकचंद शर्मा, ऋषि, हरिशंकर, पंडित सुशील, पंडित शशिकांत तिवारी, पंडित अखिल तिवारी, पंडित तुलसी अवस्थी, पंडित रमेश दुबे, पंडित दिनेश दुबे, पंडित अंकित दीक्षित, पंडित पीयूष दुबे, पंडित वैभव दुबे सहित आसपास के क्षेत्र के ब्राह्मण उपस्थित रहे।

शक्कर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस ने फूंका केंद्र-प्रदेश सरकार का पुतला

कस्तूरबा गांधी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में रानीताल चौक पर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि, जबलपुर।

शक्कर के दाम 70 रुपये प्रति किलो के पार पहुंचने सहित बढ़ती महंगाई के विरोध में गुरुवार को कस्तूरबा गांधी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रानीताल चौक पर प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष समर्थ अवस्थी ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रतीकात्मक पुतला दहन किया और आमजन को शक्कर वितरित कर विरोध जताया।

समर्थ अवस्थी ने कहा कि शक्कर, प्याज, पेट्रोल-डीजल सहित रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम परिवारों का बजट बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है और सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। कांग्रेस महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज बनकर संघर्ष जारी रखेगी। प्रदर्शन में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सौरभ शर्मा, दिनेश यादव, अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, शिशिर नन्होरिया, अमित मिश्रा, राहुल यादव, अनुराग गढ़वाल, सतीश तिवारी, मेवालाल पटेल, कमलेश यादव, खुर्शीद अंसारी, प्रवेंद्र चौहान, हर्षित यादव, अंशित सोनी, सरबजीत सिंह रील, मनीष चंसोरिया, रितेश गुप्ता, मनोज नामदेव, रंजीत ठाकुर, अमर धर्म, संजय सोनी, आशीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कृष्णा ने जीता स्वर्ण पदक

जबलपुर। विगत दिवस प्रज्ञा मंडप लेबर चौक में जिला स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन पॉवर लिफ्टिंग के तत्वावधान में किया गया, जिसमें कृष्णा पटेल ने सब जूनियर वर्ग में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में वे श्री फिटनेस में सचिन ठाकुर के अंडर में कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और आगे राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो की दिल्ली में आयोजित होने जा रही है उसमें मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कृष्णा की सफलता के लिए जिला सचिव शैलेन्द्र श्रीवास्तव, संजय बिल्लोरे, राकेश तिवारी, सचिन यादव, कमलेश पटेल, नरेंद्र तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

रक्षाबंधन पर बहनें भाइयों को बांधेंगी रंग-बिरंगी राखियां, बाजारों में रौनक

सिहोरा। भाई-बहन के पवित्र प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व आज उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बहनें भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर राखी बांधेंगी और उनकी लंबी उम्र की कामना करेंगी, वहीं भाई बहनों की रक्षा का संकल्प लेंगे। पर्व को लेकर सिहोरा-खितौला के बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल है। राखी की दुकानों पर कार्टून, चंदन, रेशम और चांदी की राखियों की मांग बनी हुई है। मिठाई, गिफ्ट और रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ नजर आई। भाइयों को राखी बांधने के लिए दूसरे शहरों एवं गांवों से अपने मायके पहुंचने वाली बहनों की वजह से बस स्टैंड और बसों में भी खासी भीड़ रही। कई बहनें बसों के इंतजार में घंटों खड़ी नजर आईं।

रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापना की मांग, महापौर को सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने गुलौआताल में पूर्व में प्रस्तावित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर महापौर को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने बताया कि वर्ष 2016-17 में गुलौआताल के सौंदर्यीकरण के बाद तालाब के जलीय तट पर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसका आदिवासी समुदाय सहित अनेक लोगों ने विरोध किया था। संगठन के अनुसार, तत्कालीन नगर निगम आयुक्त एवं महापौर ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा स्थापित करने तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को अन्य स्थान पर स्थापित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक प्रतिमा स्थापित नहीं हुई। संगठन ने बताया कि नगर निगम की एमआईसी द्वारा प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव पारित किए जाने की जानकारी भी मिली है। ज्ञापन के माध्यम से आदिवासी संगठनों के पदाधिकारियों ने तत्काल प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि 15 दिनों के भीतर प्रतिमा स्थापित नहीं की गई तो बहुजन चेतना विकास मोर्चा उग्र आंदोलन करेगा।

"मानसिक स्वास्थ्य कल्याण" विषय पर कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना एवं प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर के तत्वावधान में 27 अगस्त को महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में 'मानसिक स्वास्थ्य कल्याण' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि म.प्र. लोकसेवा आयोग के सदस्य प्रो. नरेन्द्र कुमार कोष्टी ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच एवं भावनात्मक संतुलन के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है। कार्यक्रम संयोजक एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग के संभागीय समन्वयक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को तनाव, चिंता एवं दैनिक जीवन की चुनौतियों से सकारात्मक ढंग से निपटने के लिए मार्गदर्शन देना है। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने मानसिक स्वास्थ्य को भावनात्मक, मानसिक एवं सामाजिक संतुलन का आधार बताया। विषय विशेषज्ञ डॉ. एस.एन. शर्मा एवं दमनजीत सिंह ने योग, ध्यान, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार एवं सकारात्मक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। पीपीटी के माध्यम से भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। डॉ. राहुल पटेल ने आभार व्यक्त किया।

महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस सिहोरा का हुंकार प्रदर्शन

सिहोरा। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा ने बढ़ती महंगाई और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में विशाल जनजागरूकता रैली एवं हुंकार कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन में पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया, नगर प्रभारी फिरोज खान, सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष शिव नामदेव एवं विवेक यादव की उपस्थिति में हुआ। प्रदर्शन के दौरान पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर, शक्कर एवं प्याज की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध जताया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका क्षेत्र की समस्याओं एवं महंगाई कम करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम सिहोरा को ज्ञापन सौंपा। विरोध के अनोखे तरीके के तहत आम नागरिकों एवं व्यापारियों को सांकेतिक रूप से चुटकी भर चीनी और प्याज वितरित किया गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जनता को महंगाई से राहत मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रकाश कुररिया, जितेंद्र श्रीवास्तव, राजेश पटेल, राहुल श्रीवास्तव, संदीप ब्यौहार, मंजू मिश्रा, पवन सोनी, बाबा कुरेशी, मुकुल खंपरिया, अमोल चौरसिया, आलोक पांडे, नवनीत शुक्ला, राजा पटेल, संदीप शुक्ला, हिमांशु पांडे, डॉ. रमेश पटेल, आशीष पटेल, पार्षद माधुरी गणेश दाहिया, ममता गोटिया, दीपू पांडे, सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र व्यायाम शाला में सजी 'स्वर साधना' की संगीतमय शाम

जबलपुर।

महाराष्ट्र व्यायाम शाला के 'स्वर साधना' संगीत समूह द्वारा बुधवार, 26 अगस्त को कराओके संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के सुप्रसिद्ध संगीताचार्य एवं इंडियन मिलिटरी कॉलेज, देहरादून के पूर्व संगीत प्रशिक्षक प्रकाश वेरुलकर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। संस्था के उपाध्यक्ष शरद आठले एवं सचिव अविनाश हलबे ने प्रकाश वेरुलकर का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर स्मिता एवं रविन्द्र तुंगार, मंगला एवं राजेन्द्र खोकले, अविनाश हलबे, श्याम कुलकर्णी, रेणुका बेहरे, मोहन रामचंद्र देशपांडे, नीता डिके, विदुला एवं मोहन विट्ठलराव देशपांडे, शीतल पंगेरकर, अंजलि अत्रे, विद्या चितले एवं प्राची पापरीकर ने करीब तीन घंटे तक एकल एवं युगल गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। श्रोताओं ने कलाकारों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्मिता तुंगार एवं रविन्द्र तुंगार की प्रमुख भूमिका रही।

सोयाबीन में फलियां कम और दाना भराव कमजोर हो तो अपनाएं ये उपाय

जबलपुर। सोयाबीन की फसल इस समय फूल, फली निर्माण एवं दाना भराव की महत्वपूर्ण अवस्था में है। कई क्षेत्रों में फूल-फलियों का झड़ना, कम फलियां बनना एवं दाना भराव कमजोर होने की समस्या सामने आ रही है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों डॉ. आराधना कुमारी एवं पादप कार्यिकी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र तिवारी ने किसानों को इसके लिए आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी है। वैज्ञानिकों के अनुसार अत्यधिक वर्षा या सूखा, तापमान में उतार-चढ़ाव, पोषक तत्वों की कमी एवं पौधों पर शारीरिक तनाव से फूल और फलियों का झड़ना बढ़ सकता है। फली धारण सुधारने के लिए उपयुक्त अवस्था में NAA 20-40 पीपीएम का पर्णीय छिड़काव तथा प्रतिकूल मौसम में थायोयूरिया 750 पीपीएम (0.75 ग्राम/लीटर पानी) का छिड़काव किया जा सकता है। आवश्यकता अनुसार जल में घुलनशील NPK 19:19:19 अथवा 17:44:00 का 0.5 प्रतिशत (5 ग्राम/लीटर पानी) घोल का छिड़काव भी किया जा सकता है। बोरॉन एवं जिंक की कमी होने पर मिट्टी अथवा पौध परीक्षण तथा स्थानीय अनुशंसा के आधार पर इन सूक्ष्म पोषक तत्वों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। दाना भराव के दौरान नमी के तनाव की स्थिति में KNO_3 का एक प्रतिशत (10 ग्राम/लीटर पानी) पर्णीय छिड़काव किया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल में कीट एवं रोगों की नियमित निगरानी करने, पर्याप्त नमी बनाए रखने तथा जलभराव से बचने की सलाह दी है। लंबे समय तक बारिश न होने पर उपलब्धता के अनुसार जीवनरक्षक सिंचाई करें। साथ ही PGR, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं उर्वरकों की अधिक मात्रा का प्रयोग न करें और विभिन्न रसायनों को बिना अनुकूलता की जानकारी के एक टंकी में मिलाकर छिड़काव से बचें। व्यावसायिक उत्पादों की मात्रा हमेशा लेबल एवं कृषि विशेषज्ञ की अनुशंसा के अनुसार ही निर्धारित करें।

पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी ने 160 अनुकंपा संविदा कर्मियों को किया नियमित : ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 160 अनुकंपा संविदा कर्मियों को नियमित नियुक्ति प्रदान की है। उन्होंने इसे कर्मचारी कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इससे पहले मप्र ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा भी 43 कार्मिकों को नियमित किया गया था। ऊर्जा मंत्री तोमर ने नियमित हुए सभी कर्मियों को बधाई देते हुए पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी से दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा जताई। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) ने बताया कि दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नीति-2018 एवं संशोधित नीति-2023 के तहत संविदा पदों पर नियुक्त किया गया था। वर्ष 2026 की योजना के तहत पात्र संविदा कर्मियों को समकक्ष नियमित पदों पर नियुक्ति दी गई है। नियमित किए गए 160 कर्मियों में कार्यालय सहायक श्रेणी-3 प्रशिक्षु के 159 तथा लाइन परिचारक प्रशिक्षु का एक कर्मी शामिल है। इनमें अनारक्षित वर्ग के 52, अन्य पिछड़ा वर्ग के 78, अनुसूचित जाति के 19 तथा अनुसूचित जनजाति के 11 कर्मी शामिल हैं। सभी के नियमित नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं।

तारा बाई मेश्राम- सुराही बिल्डिंग के पीछे बड़ा शनिदेव मंदिर के पास धनी की कुटिया अधारताल निवासी तारा बाई पांडुरंग मेश्राम का 80 वर्ष की आयू में निधन हो गया। वे मुकेश, राकेश, योगेश, रिंकू मेश्राम व संगीता गजभिये की माँ इंजी. प्रवीण गजभिये समाजसेवी की बुआ थी। अंतिम संस्कार करिया पाथर श्मशान घाट में हुआ।

श्रीमती वीथिका चटर्जी- शंकर नगर सुहागी निवासी श्री दिलीप चटर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती वीथिका चटजी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती प्रकाश कौर चड्ढा- नर्मदा रोड हांडा पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री अवतार सिंह चड्ढा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रकाश कौर चड्ढा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री प्रदीप किशोर चंदा- अमन अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन पचपेढ़ी निवासी श्री प्रदीप किशोर चंदा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री मोहन लाल कहार- फेस वन तिलहरी निवासी श्री मोहन लाल कहार (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जसवीर सिंह- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री जसवीर सिंह

का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्रीमती पार्वती बावरिया- बगीचा नं. 67 सदर निवासी श्री घनश्याम बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बावरिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जगन अहिरवार- चांदमारी तलैया पंचशील स्कूल रोड निवासी श्री जगन अहिरवार (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री प्रकाश सिन्हा- धनवंतरी नगर पुरवा गढ़ा रोड निवासी श्री प्रकाश सिन्हा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी- बड़ी मदार टेकरी निवासी श्री लल्लू चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री सुरेश निनोरिया- ग्रीन शोभापुर रांझी निवासी श्री सुरेश निनोरिया (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती माया सोनकर- छोटी ओमती निवासी श्री आरआर सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती माया सोनकर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री राकेश अवस्थी- ग्राम रैगवां पाटन रोड निवासी श्री राकेश अवस्थी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री कल्लू प्रजापति- कछियाना मोहल्ला द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कल्लू प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

नवीन कुमार जैन- हाथीताल निवासी नवीन कुमार जैन

(सेवानिवृत्त सभा सचिव, नगर निगम) का कस्मिक निधन 75 वर्ष की आयु में इंदौर में हो गया है। अंतिम संस्कार इंदौर मोक्षधाम में संपन्न हुआ। वे नितिन जैन अंकित जैन (पुत्र) प्रवीण जैन के बड़े भाई थे।

संकीर्तन की अलख जगाने वालों का सम्मान श्रावण अनुष्ठान का हुआ सोल्लास समापन

जबलपुर।

चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जबालीपुरम द्वारा श्रावणमास में आयोजित 30 दिवसीय घर-घर प्रातः संकीर्तन अनुष्ठान का श्रीराम-हनुमान मंदिर, शास्त्री ब्रिज में मंगल आरती के साथ सोल्लास समापन हुआ। मूर्ति महावीर ट्रस्ट के सौजन्य से संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के सानिध्य में घंटा, शंख एवं मृदंग की सुमधुर धुनों पर भक्तजन भाव-विभोर होकर झूम उठे। संयोजक देवेंद्र नेमा ने बताया कि अनुष्ठान में भक्तों ने पूर्ण आस्था एवं श्रद्धा के साथ सहभागिता की। समापन अवसर पर मंडल द्वारा नियमित एवं समर्पित भक्तजनों को अभिनंदन-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आयोजन को गरिमामय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सूत्रधार देवेंद्र नेमा का मूर्ति महावीर ट्रस्ट एवं मंडल की ओर से शाल, श्रीफल एवं माता की चुनरी भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर देवेंद्र त्रिपाठी, नीतू-सुधीर, हरिवल्लभ जेठा, कमलेश जेठा, कृष्णकांत गुप्ता, कमलेश मिश्रा, मुकेश मालवीय, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, सत्य प्रकाश नामदेव, मोहित तिवारी, सत्यनारायण दुबे, प्रभाकर चतुर्वेदी, विशाल पंड्या, धीरज वंशकार, रज्जू सोनी, अमित विश्नोई, पप्पू चौबे, मनोज विश्वकर्मा, सुनील नामदेव, अवधेश गौतम, अशोक विश्वकर्मा, मनोज गुलाबवानी, प्रकाश हर्डीकर सहित मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

अमन-चैन और सद्भाव के साथ जश्न-ए-मिलादुन्नबी जुलूस निकला

पाटन। कौमी एकता की मिसाल पाटन नगर में बुधवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के अवसर पर ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर के बाजार से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जो मुख्य मार्ग से चौधरी मोहल्ला, गुरु मोहल्ला होते हुए मदार छल्ला पहुंचा, जहां हाजिरी एवं सलातो-सलाम के साथ जुलूस का समापन हुआ। जुलूस में करीब 12 वर्षीय मोहम्मद फैजान ने तकरीर के माध्यम से पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं एवं आदर्श जीवन को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। जुलूस में आकर्षक झांकी भी शामिल रही। मुस्लिम समाज के लोगों ने टोपी पहनकर, दरूद-सलाम पेश करते हुए छोटे झंडे लहराए। नगर की मस्जिदों एवं घरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। पूरे जुलूस में अमन-चैन, शांति एवं सद्भाव का संदेश नजर आया। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए। इस अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर लंगर तकसीम किया गया। थाना के पास प्रतिष्ठित युवा समाजसेवी पंडित सुरेंद्र गुरु की ओर से गुरु मोहल्ला मुस्लिम कमेटी के शेख बहादुर, शेख रहीम एवं शेख आसिफ पत्रकार के सहयोग से लंगर वितरित किया गया। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दीपा ज्वेलर्स का आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

नई दिल्ली। दीपा ज्वेलर्स लिमिटेड ने अपने 460 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 168-177 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ एक सितंबर को खुलेगा और तीन सितंबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 31 अगस्त को बोली लगा पाएंगे।

पुष्प ब्रांड को आईपीओ के लिए सेबी से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। पैकेड मसाला कंपनी पुष्प ब्रांड (इंडिया) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। आईपीओ में मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 74.45 लाख तक शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

एचएमपीएल को एनएचएआई से 194 करोड़ का ठेका मिला

नई दिल्ली। अवसंरचना एवं ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से 193.85 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है। तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्ग-45 में 52.82 किलोमीटर पर स्थित परनूर टोल प्लाजा के लिए उपभोक्ता शुल्क एजेंसी के तौर पर नियुक्ति का 'लेटर ऑफ अवॉर्ड' (एलओए) मिला है।

जुनिपर ग्रीन का एसजेवीएन के साथ बिजली खरीद समझौता

नई दिल्ली। जुनिपर ग्रीन एनर्जी ने अपनी अनुषंगी कंपनी जुनिपर निर्जरा एनर्जी के माध्यम से 50 मेगावाट की स्थिर एवं प्रेषणीय नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता किया है। बिजली खरीद समझौते पर 25 साल की अवधि के लिए 4.25 रुपये प्रति यूनिट की दर से हस्ताक्षर किए गए हैं।

प्रिज्म का शुद्ध लाभ चार गुना होकर 994 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली। आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2025-26 में चार गुना से अधिक होकर 994 करोड़ रुपये रहा है। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 2025-26 में 49.7 प्रतिशत बढ़कर 9,358 करोड़ रुपये हो गई।

आईआईएफसीएल से एसीएमई ने जुटाए 1571 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। एसीएमई सोलर होल्डिंग्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजस्थान में एसीएमई रिन्यूटेक सिक्स्थ की 300 मेगावाट की सुनिश्चित बिजली आपूर्ति वाली परियोजना के लिए इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) से 1,571 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता हासिल की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि इस परियोजना के लिए उसने प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर वित्त पोषण हासिल किया है।

भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि दूसरी तिमाही में घटने का अनुमान : इक्रा

राजस्व वृद्धि घटकर 13 से 15 फीसदी रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारतीय कंपनियों की राजस्व वृद्धि पहली तिमाही के 21.3 प्रतिशत से घटकर 13-15 प्रतिशत रह सकती है। इस दौरान कंपनियों का परिचालन लाभ मार्जिन भी एक प्रतिशत घटने का अनुमान है।

- पहली तिमाही में राजस्व वृद्धि 21.3 प्रतिशत रही

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। इक्रा रेटिंग्स के समूह प्रमुख (कॉरपोरेट रेटिंग्स) जितिन मक्कड़ ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में कमजोर वैश्विक मांग से निर्यात आधारित क्षेत्रों का प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है, जबकि घरेलू मांग अपेक्षाकृत मजबूत बनी हुई है।

वाहन, खुदरा, एफएमसीजी अच्छी वृद्धि दर्ज कर सकते हैं

मक्कड़ ने कहा कि वाहन, खुदरा, टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु और आतिथ्य जैसे क्षेत्र घरेलू खपत पर निर्भर होने के कारण सूचना प्रौद्योगिकी, परिधान एवं घरेलू वस्त्र तथा तराशे गए हीरों जैसे निर्यात-आधारित क्षेत्रों की तुलना में बेहतर राजस्व वृद्धि दर्ज कर सकते हैं।

पैकेजिंग के ऊंचे लागत से मार्जिन पर दबाव : इक्रा ने कहा कि कच्चे माल, ईंधन, माल ढुलाई और पैकेजिंग की ऊंची लागत से भारतीय कंपनियों के परिचालन लाभ मार्जिन पर दबाव बना रहेगा। दूसरी तिमाही में यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 1-1.5 प्रतिशत तक घट सकता है। मक्कड़ ने कहा कि दूसरी तिमाही में कंपनियों के मुनाफे के परिदृश्य में अप्रैल-जून तिमाही की तरह राजस्व वृद्धि और परिचालन लाभ मार्जिन के बीच अंतर देखने को मिल सकता है।

कम बारिश जोखिम पैदा कर सकता है

मक्कड़ ने कहा कि अगस्त-सितंबर में सामान्य से कम बारिश का अनुमान कृषि उत्पादन और ग्रामीण खपत के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। इससे दूसरी तिमाही में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है, जिसका असर ग्रामीण मांग पर निर्भर और कृषि-आधारित क्षेत्रों की आय वृद्धि तथा मार्जिन पर पड़ सकता है।

बढ़ी लागत का बोझ इन्होंने ग्राहकों पर डाला

इन क्षेत्रों की अधिकांश कंपनियां पश्चिम एशिया संघर्ष और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट से बढ़ी लागत को कीमतों में बढ़ोतरी के जरिये ग्राहकों पर डालने के प्रयास कर रही हैं। इक्रा ने कहा कि धातु एवं खनन, तेल एवं गैस उत्पादन, दूरसंचार और कुछ उपयोगिता कंपनियां अनुकूल कीमतों, परिचालन क्षमता के बेहतर इस्तेमाल या बढ़ी लागत का बोझ ग्राहकों पर डालने के कारण अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं।

तेल शोधन कंपनियों पर मार्जिन घटने का दबाव

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि तेलशोधन कंपनियों के मार्जिन पर पेट्रोलियम उत्पादों से कम वसूली और विपणन मार्जिन घटने के कारण दबाव बना रहेगा। विमानन, वाहन, एफएमसीजी और सीमेंट जैसे ऊर्जा-गहन क्षेत्रों पर कच्चे तेल और उससे जुड़े उत्पादों, पाम तेल तथा कोयले की ऊंची कीमतों का असर पड़ सकता है। इससे माल ढुलाई और पैकेजिंग सामग्री की लागत भी बढ़ेगी।

देश की दूसरी सबसे बड़ी ईंधन खुदरा कंपनी बीपीसीएल ने किया स्पष्ट

ई20 को ई10 से बदलने का फैसला नहीं, पुराने वाहन के लिए कम एथेनॉल वाले पेट्रोल पर चर्चा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की दूसरी सबसे बड़ी ईंधन खुदरा कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि ई20 पेट्रोल को ई10 से बदलने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। कंपनी ने कहा कि फिलहाल चर्चा पुराने वाहनों के लिए कम एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल का विकल्प उपलब्ध कराने और देशभर में इसकी आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर है।

बीपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजय खन्ना ने कंपनी की वार्षिक आम बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अगर सरकार एथनॉल मिश्रण नीति में बदलाव करती है तो ई20 से ई10 पेट्रोल पर जाने में कंपनी को कोई परिचालन या आपूर्ति संबंधी बड़ी चुनौती नहीं होगी। उन्होंने कहा, ''मैंने कभी नहीं कहा कि ई20 को ई10 से बदला जाएगा।

एथेनॉल मिश्रण नीति में बदलाव को लेकर अंतिम फैसला नहीं

चेयरमैन ने कहा कि कुछ हलकों में यह चर्चा जरूर हो रही है कि पुराने वाहन के मालिकों को कम एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल का विकल्प दिया जाना चाहिए। खन्ना ने कहा, ''इसका मतलब यह नहीं है कि ई20 खत्म हो जाएगा और ई10 आ जाएगा।'' उन्होंने कहा कि एथनॉल मिश्रण नीति में बदलाव को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

सरकार दावों को बार-बार खारिज कर रही

हालांकि, सरकार ने इन दावों को बार-बार खारिज किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि कई तरह के ईंधन की एक साथ आपूर्ति के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करना और उसका रखरखाव करना व्यावहारिक रूप से कठिन होगा। नागेश्वरन और पुजारी ने भी अपने लेख में कहा था कि ई20 से बड़े पैमाने पर वाहन इंजन को नुकसान पहुंचने के दावों के पर्याप्त प्रमाण नहीं हैं।

- देशभर में कम एथेनॉल वाले पेट्रोल की आपूर्ति व्यवस्था को लेकर चर्चा
- सरकार के एथेनॉल मिश्रण नीति में बदलाव पर कंपनी को परेशानी नहीं
- पुराने वाहन के मालिकों को कम एथेनॉल वाले पेट्रोल का विकल्प मिले

ई20 का पुराने वाहनों के प्रदर्शन पर असर ई20 पेट्रोल को पिछले साल चरणबद्ध तरीके से पेश किया गया था और एक अप्रैल से देशभर के पेट्रोल पंप पर बिक्री के लिए यही एकमात्र पेट्रोल मिश्रण उपलब्ध है। कुछ उपभोक्ताओं और उद्योग से जुड़े लोगों ने दावा किया है कि ई20 के इस्तेमाल से पुराने वाहनों के प्रदर्शन पर असर पड़ता है और उनके कुछ कलपुर्जों को नुकसान हो सकता है।

ई10 पर वापस जाना कंपनियों के लिए बड़ी चुनौती होगी : ई10 पर वापस जाने का फैसला होता है तो पेट्रोलियम कंपनियों के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे में बदलाव करना बड़ी चुनौती नहीं होगी। हालांकि, ई20 की जगह ई10 लाने और ई20 के साथ ई10 को एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में उपलब्ध कराने में अंतर है।

पुराने दोपहिया वाहनों के लिए दिक्कतें

हालांकि, उन्होंने कहा कि इससे पुराने दोपहिया वाहनों के बड़े बेड़े के लिए दिक्कतें पैदा हो सकती हैं। लेखकों ने सुझाव दिया था कि ई20 के साथ ई10 जैसे कम एथनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल को भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि पुराने वाहनों की सुरक्षा के साथ सरकार का एथनॉल कार्यक्रम जारी रखा जा सके।

तीनों पेट्रोल उपलब्धता पर लॉजिस्टिक संबंधी दिक्कत

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पिछले महीने कई मौकों पर कहा था कि प्रत्येक पेट्रोल पंप पर सामान्य पेट्रोल, ई10 और ई20 तीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने से बड़ी लॉजिस्टिक संबंधी दिक्कतें पैदा होंगी।

देश का ईवी बाजार 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपए का होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- पांच करोड़ रोजगार भी पैदा होंगे : गडकरी
- देश में फिलहाल 57 लाख बिजलीचालित वाहन पंजीकृत

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार वर्ष 2030 तक बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और इससे पांच करोड़ रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

गडकरी ने 'सीआईआई-आईटीसी टिकाऊ विकास उत्कृष्टता केंद्र' की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि देश में फिलहाल 57 लाख बिजलीचालित वाहन पंजीकृत हैं और कुल वाहन बाजार में ईवी की पहुंच सात प्रतिशत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''भारत का ईवी बाजार वर्ष 2030 तक 20 लाख करोड़ रुपये मूल्य का हो जाएगा। ऐसे में यह क्षेत्र 2030 तक पांच करोड़ रोजगार भी पैदा करेगा। गडकरी ने कहा कि भारत में हर साल एक लाख इलेक्ट्रिक बस की मांग है, लेकिन देश में सालाना केवल 50,000-60,000 ईवी बस का ही विनिर्माण हो पा रहा है। गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच साल में भारत के वाहन उद्योग को दुनिया में पहले स्थान पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा, ''यह मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं है।'' सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि भारत में निर्मित वाहनों की गुणवत्ता अच्छी और लागत कम होने के कारण दुनिया की प्रमुख वाहन कंपनियां देश में मौजूद हैं।

गडकरी ने कहा कि जब उन्होंने परिवहन मंत्री का पद संभाला था, तब भारतीय वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर करीब 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

लॉजिस्टिक लागत आठ फीसदी करने का लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत जीवाश्म ईंधन के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है और इसके कारण प्रदूषण की समस्या भी पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन भविष्य का महत्वपूर्ण विकल्प है। गडकरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य देश की लॉजिस्टिक लागत को घटाकर आठ प्रतिशत करना है।

एसएंडपी ने भारत की साख रेटिंग को 'ट्रिपल बी' पर कायम रखा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एजेंसी ने भारत को गतिशील और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला बताया

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को भारत की संप्रभु साख रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' पर बरकरार रखा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत गतिशील एवं तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और यहां नीतिगत पूर्वानुमेयता बनी हुई है।

एसएंडपी ने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और कृषि क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि कुछ धीमी पड़ सकती है, लेकिन आर्थिक बुनियाद मजबूत रहने और अगले दो-तीन वर्षों में तेज वृद्धि को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

अमेरिकी एजेंसी ने कहा कि भारत की रेटिंग को गतिशील एवं तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, मजबूत बाह्य क्षेत्र और स्थिर संस्थानों का सहारा है, जिससे नीतियां अनुमान लगाने योग्य बनी रहती हैं। एसएंडपी ने भारत की दीर्घकालिक रेटिंग को 'बीबीबी' और अल्पकालिक 'ए-2' रेटिंग का बरकरार रखा। वहीं, दीर्घकालिक रेटिंग का परिदृश्य स्थिर है।

टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी की सौर परियोजना चालू...

नई दिल्ली। टाटा पावर की अनुषंगी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के बीकानेर में 72.5 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना चालू करने की घोषणा की। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी ने बयान में कहा कि इस परियोजना से उत्पादित बिजली की आपूर्ति कंपनी की अनुषंगी टीपी वर्धमान सूर्या के जरिये टाटा स्टील को की जाएगी। कंपनी ने कहा कि इस परियोजना से सालाना 16.6 करोड़ यूनिट हरित ऊर्जा का उत्पादन होने की उम्मीद है। इससे हर साल 1,18,856 टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। टाटा स्टील की इस परियोजना में 1,71,360 सौर मॉड्यूल लगाए गए हैं, जिनका निर्माण टीपी सोलर लि. ने किया है।

यामाहा ने भारत में बनी वाईजेडएफ-आर2 उतारी

- मोटरसाइकिल की कीमत 2.30 लाख रुपए रखी गई
- कंपनी ने सुपरस्पोर्ट पोर्टफोलियो का किया विस्तार

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

इंडिया यामाहा मोटर ने बृहस्पतिवार को अपनी सुपरस्पोर्ट मोटरसाइकिल श्रृंखला का विस्तार करते हुए नई 'वाईजेडएफ-आर2' को वैश्विक स्तर पर पेश किया। चेन्नई संयंत्र में निर्मित इस मोटरसाइकिल की कीमत 2.30 लाख रुपये रखी गई है।

कंपनी ने बताया कि इस मोटरसाइकिल में 200 सीसी का इंजन दिया गया है, जो 26.5 हॉर्सपावर की अधिकतम शक्ति और 19.1 एनएम का अधिकतम टॉर्क पैदा करता है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में 10,000 रुपये की टोकन राशि के साथ इसकी बुकिंग शुरू की थी। यह राशि मोटरसाइकिल की अंतिम कीमत में समायोजित की जाएगी। यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड के कार्यपालक अधिकारी और यामाहा मोटर इंडिया समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हाजिमे आओटा ने कहा कि 200 सीसी का इंजन किसी मौजूदा इंजन में बदलाव करके नहीं, बल्कि पूरी तरह नए सिरे से विकसित किया गया है।

जापान, यूरोप और ताइवान को होगी निर्यात

आओटा के मुताबिक, नई मोटरसाइकिल को वैश्विक स्तर के कड़े उत्सर्जन और सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। इसे मुख्य रूप से जापान, यूरोप और ताइवान जैसे विकसित बाजारों में निर्यात किया जाएगा।

एचडीएफसी बैंक में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 539 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- निफ्टी 24,100 अंक से नीचे फिसला
- कारोबार के अंतिम घंटों में आई तेज बिकवाली

घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को कारोबार के अंतिम घंटे में तेज बिकवाली से लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 539 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 117 अंक नीचे आया।

कारोबारियों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक समेत अन्य प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के साथ वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बने रहने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों की समाप्ति के दिन सेंसेक्स 539.35 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 76,933.59 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 116.90 अंक की गिरावट के साथ 24,090.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। अमेरिकी अदालत में सामूहिक मुकदमा दायर किए जाने की खबर के बाद बैंक के शेयर में 2.08 प्रतिशत की गिरावट आई। सूचकांक में सबसे अधिक भारांश रखने वाली कंपनियों में शामिल रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी एक प्रतिशत टूटा, जिससे सेंसेक्स नुकसान में रहा।

ब्रेंट क्रूड 88.43 डॉलर के पार

इसके अलावा एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत बढ़कर 88.43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बाजार सीमित दायरे में बना हुआ

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''सौदों (वायदा एवं विकल्प खंड में) की समाप्ति के कारण उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में कूटनीतिक समाधान की दिशा में प्रगति नहीं होने से बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है।''

सोना 800 रुपए और टूटा, चांदी स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सोना 1,65,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। स्थानीय बाजारों में रक्षाबंधन के त्योहार से पहले सोने की कीमत 800 रुपये टूटकर 1,65,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 1,66,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

हालांकि, स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रही। सोने की कीमतों में यह गिरावट रक्षाबंधन से एक दिन पहले आई है, जब आम तौर पर लोग उपहार और गहने ज्यादा खरीदते हैं।

शुक्रवार को मनाए जाने वाले इस त्योहार पर भाई-बहन एक-दूसरे को उपहार देते हैं और त्योहार की खरीदारी में सोने-चांदी के गहनों की अहम भूमिका होती है।

सेम्बकॉर्प ग्रीन का आईपीओ के लिए दस्तावेज जमा

नई दिल्ली। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की स्वतंत्र बिजली उत्पादक कंपनी सेम्बकॉर्प ग्रीन इंफ्रा लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 3,750 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी इस राशि का इस्तेमाल कर्ज चुकाने में करेगी। प्रस्तावित आईपीओ में पूरी तरह नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) का कोई हिस्सा नहीं है।

खोले गए बैंक खातों की संख्या 59 करोड़ के पार पहुंची

प्रधानमंत्री जन धन योजना के 12 साल हुए पूरे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार की प्रमुख वित्तीय समावेशन योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के 12 साल पूरे हो गए हैं और इसके तहत खोले गए बैंक खातों की संख्या 59 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय के अनुसार, इन खातों में कुल जमा राशि 3.17 लाख करोड़ रुपये हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को पीएमजेडीवाई की शुरुआत की थी। योजना का उद्देश्य बैंक सुविधाओं से वंचित और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक बैंकिंग तथा वित्तीय सेवाएं पहुंचाना है।

दो लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर

पीएमजेडीवाई के तहत पात्र खाताधारकों को बिना न्यूनतम शेष राशि की अनिवार्यता और रखरखाव शुल्क के मूल बैंक खाता उपलब्ध कराया जाता है। इन खातों के साथ मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड भी दिए जाते हैं, जिन पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है।

- इन खातों में कुल जमा राशि 3.17 लाख करोड़ रुपए हो गई

बीमा और पेंशन की पहुंच बढ़ाने में मदद की

मंत्रालय ने कहा कि खातों में दिखाई देने वाले बचत के रुझान के आधार पर खाताधारक अब ऋण, जिसमें मुद्रा ऋण भी शामिल है, हासिल करने के पात्र हैं। इससे लोगों को अपनी आय बढ़ाने और वित्तीय मजबूती हासिल करने में मदद मिल रही है। मंत्रालय के अनुसार, पीएमजेडीवाई खातों ने लाखों लोगों, विशेषकर असंगठित क्षेत्र के कामगारों तक बीमा और पेंशन की पहुंच बढ़ाने में भी मदद की है।

10 हजार रुपए की ओवरड्रॉफ्ट सुविधा के पात्र

मंत्रालय ने कहा कि पीएमजेडीवाई खाताधारकों को 41.29 करोड़ रुपे कार्ड जारी किए जा चुके हैं और समय के साथ इन कार्ड की संख्या तथा उनका इस्तेमाल बढ़ा है। खाताधारक 10,000 रुपये तक की 'ओवरड्रॉफ्ट' सुविधा के भी पात्र हैं, जिससे आपात स्थिति में उन्हें वित्तीय सहायता मिलती है।

78 प्रतिशत खाते ग्रामीण व अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए

मंत्रालय के अनुसार, पीएमजेडीवाई के 78 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जबकि करीब 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के नाम हैं। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि 19 अगस्त, 2026 तक प्रति खाता औसत जमा राशि 5,356 रुपये थी। पिछले 12 वर्षों में प्रति खाता औसत जमा राशि 3.4 गुना बढ़ी है।

बचत की आदत विकसित होने का संकेत : मंत्रालय ने कहा कि औसत जमा राशि में वृद्धि खातों के बढ़ते इस्तेमाल और खाताधारकों में बचत की आदत विकसित होने का एक और संकेत है। योजना की वर्षगांठ पर वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि पीएमजेडीवाई की सफलता को केवल खोले गए खातों की संख्या के आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए।

चिंतन

हिमालय पर कम हो मानवीय दबाव

नेपाल-तिब्बत सीमा पर आई अचानक बाढ़ ने हिमालय की उस चेतावनी को फिर सामने ला दिया है, जिसे हम बार-बार सुनकर भी अनसुना करते रहे हैं। अब तक 359 शव बरामद होने और करीब 1,500 लोगों के लापता होने की खबर किसी सामान्य प्राकृतिक आपदा का आंकड़ा नहीं है। यह हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यावरणीय संकट की भयावह तस्वीर है। भारत के 288 नागरिकों से संपर्क न होना और 21 भारतीयों का सुरक्षित बचाया जाना इस त्रासदी की सीमा को और स्पष्ट करता है। सवाल अब यह नहीं कि ऐसी आपदा क्यों आई, बल्कि यह है कि अगली आपदा कितनी बड़ी होगी? एक रिपोर्ट के मुताबिक हिमालय पर एक और झील फटने के कगार पर है। ऐसा हुआ तो जल्द एक और त्रासदी का सामना करना पड़ सकता है। नेपाल की बाढ़ के बीच देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान समेत तीन संस्थानों का अध्ययन बेहद गंभीर चेतावनी देता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में 221 ऐसी हिमनदीय झीलों की पहचान हुई है, जिनके फटने पर अचानक बाढ़ का खतरा है। कोसी, यारलुंग जांगबो, मानस और ऊपरी सिंधु नदी घाटियां विशेष रूप से संवेदनशील मानी गई हैं। यानी नेपाल की त्रासदी को केवल एक घटना मानकर भूल जाना खतरनाक होगा। हिमालय के भीतर ऐसे कई संभावित खतरे जमा हैं, जो किसी भी समय बड़ी तबाही का कारण बन सकते हैं। भारत भी इससे सुरक्षित नहीं है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम की कई नदी घाटियां जोखिम में हैं। उत्तराखंड की स्थिति तो और चिंताजनक है। अलकनंदा बेसिन में 219 हैंगिंग ग्लेशियरों की मौजूदगी सामने आई है। इनके टूटने पर केवल बर्फ ही नहीं, बल्कि चट्टान और मलबा भी तेज गति से नीचे आ सकता है। इस संकट की जड़ में जलवायु परिवर्तन है, लेकिन पूरी जिम्मेदारी केवल बढ़ते तापमान पर डालकर हम बच नहीं सकते। हिमालय पर मानवीय दबाव लगातार बढ़ा है। सड़कें, सुरंगें, जलविद्युत परियोजनाएं, होटल, भवन और अनियोजित निर्माण पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना को कमजोर कर रहे हैं। जब हम उस व्यवस्था में जरूरत से ज्यादा हस्तक्षेप करते हैं तो भारी बारिश या ग्लेशियर टूटने जैसी प्राकृतिक घटना विनाशकारी बन जाती हैं। धार्मिक पर्यटन और बढ़ती मानवीय आवाजाही ने भी समस्या को गंभीर किया है। हिमालय आस्था का केंद्र है, लेकिन आस्था के नाम पर उसकी वहन क्षमता को नकारना दूरदर्शिता नहीं है। लाखों लोगों की आवाजाही, वाहनों का दबाव और कचरे का बढ़ता बोझ उस पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर कर रहा है, जो पहले ही तापमान वृद्धि का सामना कर रहा है। अब समय राहत के बाद सब कुछ भूल जाने का नहीं, आपदा से पहले जोखिम घटाने का है। सरकारों को हर बड़ी परियोजना से पहले हिमालय की वहन क्षमता का कठोर आकलन करना होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण सीमित करना होगा, झीलों और ग्लेशियरों की लगातार निगरानी करनी होगी और स्थानीय आबादी को समय रहते चेतावनी देने की व्यवस्था मजबूत करनी होगी। प्रकृति को चुनौती देकर विकास हासिल नहीं किया जा सकता। हिमालय कमजोर होगा तो उसकी कीमत पहाड़ ही नहीं, मैदान भी चुकाएंगे। हमें तय करना होगा कि हिमालय को विकास के नाम पर कितना और काटना है। क्योंकि पहाड़ कम होंगे तो दबाव नहीं घटेगा, हमारी मुश्किलें बढ़ेंगी। हिमालय को बचाने का पहला रास्ता उस पर बढ़ता मानवीय दबाव कम करना ही है।

मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

संकट बढ़ा रहा प्लास्टिक कचरा

पानी, मिट्टी, प्रदूषण के अलावा अनदेखा किया जाने वाला एक संकट कचरे का भी है। दूसरे जानलेवा मसलों की तरह कचरा भी धीरे-धीरे हमें अपने नीचे दबाने, मिटाने की ओर बढ़ रहा है। हरिद्वार की कांवड़ यात्रा के बाद घाटों पर करीब 8,000 टन कचरा छोड़ दिया जाना केवल सफाई व्यवस्था की समस्या नहीं है। यह उस गहरे संकट का संकेत है जिसमें धार्मिक आस्था, पर्यटन, उपभोग और हमारी कचरा संस्कृति पर्यावरणीय जिम्मेदारी से लगातार दूर होती जा रही है। हमें तय करना होगा कि हमारी धार्मिक यात्रा किसी नदी को गंदा करके, किसी पहाड़ को प्लास्टिक से ढककर पूरी नहीं हो सकती। अब समय कचरे के पहाड़ों को हटाने का नहीं, ऐसे पहाड़ पैदा होने से रोकने और नीति बनाने का है।

मौजूदा दौर में कुछ मसले ऐसे हैं जिनके बारे में लगातार बोला-बताया तो जाता है, लेकिन उन पर कोई असर पड़ता दिखाई नहीं देता। पानी, मिट्टी, प्रदूषण के अलावा अनदेखा किया जाने वाला एक संकट कचरे का भी है। दूसरे जानलेवा मसलों की तरह कचरा भी धीरे-धीरे हमें अपने नीचे दबाने, मिटाने की ओर बढ़ रहा है। हरिद्वार की कांवड़ यात्रा के बाद घाटों पर करीब 8,000 टन कचरा छोड़ दिया जाना केवल सफाई व्यवस्था की समस्या नहीं है। यह उस गहरे संकट का संकेत है जिसमें धार्मिक आस्था, पर्यटन, उपभोग और हमारी कचरा संस्कृति पर्यावरणीय जिम्मेदारी से लगातार दूर होती जा रही है।

आस्था का अधिकार सबको है, लेकिन आस्था के नाम पर प्रकृति को कचरे का ढेर बना देना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। पिछले वर्ष 2025 में केदारनाथ धाम में रिकॉर्ड 17 लाख 68 हजार लोगों ने बाबा केदार के दर्शन किए। इस विशाल धार्मिक यात्रा के साथ केदारनाथ धाम में लगभग 2,300 टन कचरे का पहाड़ भी जमा हो गया। हर यात्री ने औसतन डेढ़ किलो कचरा छोड़ा। यह कचरा गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ धाम तक फैला था। इसमें करीब 100 टन प्लास्टिक और 2,200 टन अन्य कचरा था। उच्च हिमालयी क्षेत्र में जमा यह कचरा पारिस्थितिकी, जलस्त्रोतों, वनस्पतियों और वन्यजीवों के लिए गंभीर चुनौती है। समस्या केवल धार्मिक यात्राओं तक सीमित नहीं है। दिल्ली सरकार की 23 दिसंबर 2025 को एनजीटी को दी गई जानकारी के अनुसार शहर में प्रतिदिन 11,852 टन कचरा उत्पन्न होता है। इसमें से 7,611 टन यानी 64.2 प्रतिशत कचरे का प्रतिदिन प्रसंस्करण किया जाता है, जबकि लगभग 4,241 टन यानी 35.8 प्रतिशत कचरा प्रतिदिन डंपसाइटों भलस्वा और गाजीपुर में निपटान के लिए बच जाता है। इसका अर्थ है कि कचरे का पहाड़ केवल हिमालय या तीर्थस्थलों में नहीं बन रहा, बल्कि महानगरों के आसपास भी लगातार बढ़ रहा है। 'सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट' (सीएसई) की नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर दिन करीब 19 हजार टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। इसमें से प्लास्टिक का 62 प्रतिशत पैकेजिंग के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि वैश्विक औसत लगभग 40 प्रतिशत है। प्लास्टिक पैकेजिंग की खपत सालाना 8 से 9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। ऑनलाइन खरीदारी ने इस संकट को और तेज किया है। एक सामान्य ऑनलाइन डिलीवरी में पॉली मेलर, प्लास्टिक रैप, टेप, लेबल और अतिरिक्त पैकेजिंग जैसी कई सामग्रियां शामिल होती हैं। प्रत्येक ऑनलाइन ऑर्डर के साथ नया पैकेजिंग कचरा पैदा होता है। ई-कॉमर्स बाजार जितना बढ़ता जा रहा है, पैकेजिंग कचरे की मात्रा भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड' के अनुसार भारत में हर साल लगभग 39 लाख टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें से लगभग आधा ही एकत्र किया जाता है और एकत्र किए गए कचरे में से भी लगभग 50 प्रतिशत का ही रिसाइकिल किया जाता है। शेष कचरा कहां जाता है? इसका बड़ा हिस्सा लैंडफिल, नदियों और समुद्रों में पहुंचता है या उसे जला दिया जाता है। जलाने से वायु-प्रदूषण और जहरीले उत्सर्जन का खतरा बढ़ता है। प्लास्टिक हमारे हवा, पानी और भोजन में भी प्रवेश कर रहा है। वर्ष 2000 से 2019

के बीच लगभग 3 करोड़ टन प्लास्टिक समुद्री वातावरण में जमा हुआ था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि मौजूदा प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक समुद्रों में मछलियों की तुलना में प्लास्टिक की मात्रा बहुत गंभीर स्तर तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष तमिलनाडु के जंगलों से एक ही दिन में 55 टन प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया था। कोयम्बटूर के निकट मारुथमलाई की तलहटी में एक गर्भवती हथिनी की मृत्यु हुई और उसकी आंत में प्लास्टिक की थैलियां पाई गई। यह घटना बताती है कि मनुष्य द्वारा फेंका गया कचरा अंततः वन्यजीवों में प्रवेश कर रहा है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 70.73 लाख टन कपड़ा कचरा उत्पन्न होता है। इसमें लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा फैक्ट्रियों और विनिर्माण इकाइयों का उपभोग-पूर्व कचरा है, जबकि 58 प्रतिशत हिस्सा उपभोक्ताओं द्वारा फेंके गए पुराने कपड़ों और घरेलू वस्त्रों का है। कपड़ा उद्योग का संकट केवल पुराने कपड़ों के कचरे तक सीमित नहीं है। कपड़ा रंगाई और प्रसंस्करण इकाइयों से निकलने वाला जहरीला और संदूषित पानी स्थानीय जलस्त्रोतों और भूजल को प्रदूषित कर सकता है। बिना रीसाइक्लिंग के फेंका गया कपड़ा लैंडफिल पर दबाव बढ़ाता है और जैविक पदार्थ के सड़ने से मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं। सीएसई के अनुसार आज दुनिया में बनने वाले 60 प्रतिशत से अधिक नए कपड़ों में किसी-न-किसी रूप में प्लास्टिक आधारित फाइबर का इस्तेमाल होता है। इसका मतलब है कि 'फास्ट फैशन' का संकट केवल कपड़ों की अधिक खपत नहीं, बल्कि प्लास्टिक की बढ़ती खपत का भी संकट है। ऐसे में कंपनियों को केवल उत्पादन और बिक्री के लिए नहीं, बल्कि उत्पाद के उपयोग के बाद पैदा होने वाले कचरे के लिए भी जवाबदेह बनाना होगा। सबसे पहले अनावश्यक उपभोग को कम करना जरूरी है। जिस पैकेजिंग की आवश्यकता नहीं है, उसका उत्पादन ही क्यों किया जाए? ऑनलाइन खरीदारी में अनावश्यक प्लास्टिक रैप और अतिरिक्त पैकेजिंग पर रोक होनी चाहिए। दूसरा कदम पुनः उपयोग है। ऐसी पैकेजिंग सामग्री को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें बार-बार इस्तेमाल किया जा सके। तीसरा कदम पुनर्चक्रण है, लेकिन रीसाइक्लिंग को हर समस्या का समाधान मानना भी गलत है। ऐसी सामग्री डिजाइन करनी होगी जिसे वास्तव में और आर्थिक रूप से रिसाइकिल किया जा सके। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण कदम है जवाबदेही। उत्पादक कंपनियों को उत्पादक उत्तरदायित्व केवल कागजी अनुपालन नहीं, बल्कि वास्तविक जिम्मेदारी के रूप में लागू करना चाहिए। तीर्थस्थलों और पर्यटन क्षेत्रों में विशेष कचरा प्रबंधन व्यवस्था होनी चाहिए। यात्रियों की संख्या के आधार पर कचरा-उत्पादन का अनुमान लगाया जाए, स्रोत पर कचरा अलग किया जाए, एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रभावी रोक हो और तीर्थयात्रियों को 'जो लाएं, वापस ले जाएं' के सिद्धांत से जोड़ा जाए। धार्मिक यात्राओं और बड़े आयोजनों में आयोजकों, प्रशासन, स्थानीय निकायों और यात्रियों की साझा जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सबसे बढ़कर उपभोक्ता संस्कृति में बदलाव जरूरी है। 'खरीदो, इस्तेमाल करो और फेंक दो' की संस्कृति को 'कम खरीदो, लंबे समय तक इस्तेमाल करो, पुनः उपयोग करो और पुनर्चक्रण करो' की संस्कृति में बदलना होगा। असली संकट यह है कि हमने विकास, सुविधा, उपभोग और आस्था को प्रकृति की सीमाओं से अलग कर दिया है। हमें तय करना होगा कि हमारी धार्मिक यात्रा किसी नदी को गंदा करके, किसी पहाड़ को प्लास्टिक से ढककर या किसी जंगल में कचरा छोड़कर पूरी नहीं हो सकती। अब समय कचरे के पहाड़ों को हटाने का नहीं, ऐसे पहाड़ पैदा होने से रोकने और नीति बनाने का है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विज्ञापन विवाद
डॉ. मोनिका शर्मा

परंपरागत भाव-चाव को बेरंग करने की कुत्सित सोच

फिल्मी दुनिया के चर्चित चेहरों और विज्ञापन कंपनियों द्वारा भारतीय पर्वों और परम्पराओं का उपहास उड़ाने के प्रवृत्ति कई बार दिखी है। कभी पहनावे के विचित्र रंग-ढंग तो प्रस्तुतीकरण में भावनाओं से खेलने का इरादा। स्पष्ट दिखता है कि इनके लिए न तो जनभावनाओं की अहमियत है और न ही इन्हें रीति-रिवाज के पारिवारिक रंगों को बेरंग की फिक्र है। एक ज्वेलरी ब्रांड के विज्ञापन को लेकर आ रही आमजन की प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि इस बार भी यही खेल खेला गया है। सवाल यह है कि सामाजिक समरसता और जुड़ाव के भाव को पोसने वाले सहज विज्ञापन क्यों नहीं बनाए जा सकते? साथ ही प्रश्न यह भी उठता है कि प्रस्तुतीकरण और हैरान-परेशान करने वाली संकल्पना का अंदाज़ हर बार केवल एक समुदाय के त्योहारों के साथ ही क्यों अपनाया जाता है? ध्यातव्य है कि विवादित विज्ञापन में अभिनेत्री कृति सेनन के परिधान और अपने कुत्ते को राखी बांधने की बात आमजन को खटक रही है।कहना गलत नहीं होगा कि विज्ञापन में अभिनेत्री द्वारा जैसे कपड़े पहने गए हैं, रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाते हुए आम परिवारों में तो नहीं पहने जाते। राखी का त्योहार भाई-बहन के स्नेह साथ से जुड़ा एक सुंदर पर्व है। आज भी सभी परिजन-स्वजन मिलकर यह त्योहार मनाते हैं। घर-परिवार के गरिमामयी परिवेश में जीवनशैली के ऐसे रंग तो नहीं ही दिखते। जबकि क़रीब 35 सेकंड के इस विज्ञापन में कृति सेनन रक्षाबंधन मनाते हुए सफ़ेद रंग का लहंगा और साथ में डीप-नेक ब्रालेट स्टाइल का ब्लाउज़ पहनने दिखती हैं। साथ ही अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधती हैं। यह सब एक पावन त्योहार का मज़ाक उड़ाने की जानबूझकर की गई कोशिश ही प्रतीत होता है।आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले इस विवादित विज्ञापन को लेकर अभिनेत्री का कहना है कि त्योहार या संस्कृति को पहनावे से नहीं जोड़ना चाहिए। एक महिला होने के नाते, उन्हें क्या पहनना चाहिए ये उन्हें नहीं बताया जाए। राहुल गांधी ने उनका समर्थन करते हुए इंस्टाग्राम पर उनकी स्टोरी को शेयर किया है। साथ ही राहुल गांधी ने कहा है कि 'एक महिला क्या पहनती है, क्या करती है और कहां जाती है - यह उनकी पसंद है। महिलाओं को उनकी आजादी का इस्तेमाल करने के लिए ट्रोल करना बंद करें। इस पोस्ट के साथ नेता प्रतिपक्ष ने हैशटैग 'स्मैश द पेट्रियार्की' (पितृसत्ता को तोड़ो) का भी इस्तेमाल किया है। वहीं अभिनेत्री और सांसद कंगना राणावत द्वारा अपनी पोस्ट में कही बात का अर्थ यह है कि हमारे पास परिधानों के बहुत से विकल्प होते हैं। स्टाइल के नाम पर अजब-गजब प्रयोग करने के बजाय त्योहारों को परंपरा और शालीनता के साथ भी मनाया जा सकता है। वस्तुतः, रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन को ही नहीं पारिवारिक सम्बन्धों को भी जोड़ता है। प्रेम व दायित्व निर्वहन का यह सूत्र भाई-बहन के रिश्ते को ही नहीं पारिवारिक परिवेश में भी अपनेपन को पोषित करता है। बिखरते रिश्तों के मौजूदा दौर में सम्बन्धों को संजीदगी से सहेजने और दृढ़ता से थामे रखने की सोच को बल देता है। यह रिश्ता बच्चों के लिए भौतिक और भावनात्मक सहारे का स्रोत होता है। जो अकेलेपन और अवसाद से बचाने की भी क्षमता रखता है। सुखद है कि नई पीढ़ियां भी इस डोर के स्नेह से जुड़ी रहती हैं। मेल-मिलाप और रिश्तों के मायने समझती हैं। ऐसे में परंपरागत भाव-चाव से परे इस विज्ञापन में शामिल कई चीज़ें पर्व की गरिमा और जुड़ाव को ठेस पहुंचाने वाली लगती हैं। पहनावे के इस अंदाज़ और विज्ञापन की संकल्पना को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा आपत्ति जताना भी इसी बात की तस्दीक करता है। विडम्बना ही है कि हर बार त्योहारी मौसम में आस्था का रंग ही नहीं, उपहास का बेरंग बर्ताव भी खूब देखने को मिलता है। व्रत-उत्सवों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कुछ भी परोसने का व्यवहार आम हो चला है। विज्ञापनों से लेकर व्यक्तिगत पोस्ट्स तक, चर्चित चेहरे और कम्पनियां खूब नकारात्मकता परोसती हैं। अब तो कमोबेश हर त्योहारी रीत-रिवाज का ही मजाक बनाया जाता है। जान-बूझकर पर्वों के परंपरागत रंगों को धूमिल करने का प्रयास किया जाता है। असल में यह सोशल मीडिया मंचों पर चर्चा पाने का एक सस्ता तरीका बन गया है। पहले भी देखने में आया है कि बहुत से उत्पादों, सेवाओं और कंपनियों द्वारा प्रचार पाने की लालसा में सोची-समझी संकल्पना के साथ ऐसे विज्ञापन बनाए गए हैं। विडम्बना ही है कि विवादित या आलोचनात्मक कंटेन्ट वाले विज्ञापन बनाकर सार्वजनिक रूप से नकारात्मक चर्चा पाना भी उपलब्धि मानी जाने लगी है। निःसंदेह, परंपरागत पर्वों को लेकर कुछ न कुछ नकारात्मक जोड़ने या सकारात्मक भाव-चाव को पीछे कर देने का खेल जनमानस को ठेस पहुंचाने वाला है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य

संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है। प्रश्न यह उठता है कि इस अनंत गति को अनवरत जारी रखने के लिए आवश्यक बल किस स्नेत से प्राप्त होता है?

सुदर्शन रूप में भक्त की प्रेत से रक्षा



संकलित
प्रेरणा

संत अनंतकृष्ण बाबा जी के पास एक लड़का सत्संग सुनने के लिए आया करता था। संत से प्रभावित होकर बालक द्वारा दीक्षा के लिए प्रार्थना करने पर बाबा जी ने कहा कि महामंत्र का 11 लाख जप करके आओ उसके बाद विचार करेंगे। लगभग कुछ महीनों के पश्चात जप की संख्या पूरी करने के बाद वह बाबा के पास पुनः आया। बाबा ने बालक को कहा 11 लाख और जप करके आना। अभी 3-4 वर्ष ही बीते थे साधक जीवन में प्रवेश किए हुए, उसके मन में श्रद्धा की कमी होने लगी । वह एक दिन कहीं जा रहा था रास्ते में एक तांत्रिक को कुछ सिद्धियों का प्रदर्शन करते हुए देखा। तांत्रिक ने उससे अपने बारे में पूछा, उसने अपनी उपासना के बारे में बताया । तांत्रिक ने पूछा कि तुम इतने वर्षों से इतनी संख्या में जप करते हो, साधना करते हो उससे तुम्हे कुछ अनुभूति हुई? हमारी तरह प्रेत सिद्ध कर लो, तुम्हारे सब काम प्रेत कर दिया करेगा, बालक ने तांत्रिक से साधन की विधि जानी और शीघ्र ही थोडे मंत्रो के जप से ही सिद्ध प्राप्ति कर ली। उसने तांत्रिक से कहा कि मुझे तो कोई प्रेत सिद्ध हुआ नहीं। तांत्रिक ने कहा पुनः प्रयास करो। इस बार भी प्रेत प्रकट नहीं हुआ। तांत्रिक ने प्रेत को बुलाकर पूछा कि तुम इसके सामने क्यों नहीं प्रकट होते हो? उस प्रेत ने कहा मैं तो जैसे ही इसके थोड़े निकट जाता हूँ, इसके पीछे एक सुदर्शन चक्र प्रकट हो जाता है। मैं महान बलवान होने पर भी उस चक्र के तेज के सामने टिक नही सकता। अवश्य ही कोई शक्ति इसकी रक्षा करती है।

सटाका

आज की पाती

प्याज की बढ़ती कीमत महंगाई का एक और झटका

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी हों। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि अब देश के कुछ राज्यों में इसकी कीमत 50 रुपए प्रति किलो से ऊपर हो चुकी है। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं। लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई।

– प्रकाश सिंह, कुरुक्षेत्र

ट्रेंड

लोहे की दीवार

टी-72 और टी-90 टैंक हमारी सीमाओं पर दुश्मन के लिए काल और हमारे सैनिकों के मनोबल का प्रतीक हैं। जबलपुर की व्हीकल फैक्ट्री की नई ओवरहॉलिंग सुविधा यह तय करेगी कि हमारी 'लोहे की दीवार' हमेशा फिट, मजबूत और युद्ध के लिए तैयार रहे।

- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

महिला विश्वविद्यालय

बिहार की बहनों के लिए एक "महिला विश्वविद्यालय" बनाया जाएगा, जहाँ हमारी बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगी। इस महिला विश्वविद्यालय में प्रोफ़ेसर से लेकर वाइस-चांसलर और अन्य सभी पदों की ज़िम्मेदारी सिर्फ़ महिलाएँ ही संभालेंगी।

- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार

जवाबदेही की मांग

डॉक्टरों की भारी कमी का सामना कर रहे देश में, यह देखना दुखद है कि हज़ारों एमबीबीएस डॉक्टर नई दिल्ली के रणजीत सिंह पार्क में प्रदर्शन कर रहे हैं। वे 'नेशनल बोर्ड ऑफ़ एग्ज़ामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज़' से जवाबदेही की मांग कर रहे हैं।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

एंट्रेंस एग्ज़ाम

हम स्कूल में बच्चों को कुछ और सिखाते हैं, लेकिन कॉलेज में एडमिशन के लिए उनका टेस्ट किसी और चीज़ पर होता है! सरकार की विनीत जोशी कमिटी ने स्कूल की पढ़ाई और कॉलेज में एडमिशन के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्ज़ाम के बीच इस अंतर को माना है।

- **कमल हासन**, फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रिंस हैरी और मेगन ब्रिटेन लौटे

प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ब्रिटेन पहुंचे। ब्रिटिश मीडिया की खबरों में दावा किया गया है कि हैरी अपने बच्चों आर्ची और लिलिबेट के अगले महीने शुरू होने वाले नए स्कूल सत्र के लिए ब्रिटेन लौटे हैं। हैरी और मेगन के कैलिफोर्निया से निजी विमान से बर्मिंघम हवाईअड्डे पहुंचने की खबर है। माना जा रहा है कि परिवार लंदन के बाहर सुरम्य कॉट्सवोल्ड्स इलाके में स्थित एक निजी संपत्ति में रहेगा। ड्यूक और डचेस ऑफ ससेक्स के प्रवक्ता ने बीबीसी से कहा, 'यह ऐसी बात नहीं है जिस पर हम टिप्पणी करें।'द डेली टेलीग्राफ' ने एक सूत्र के हवाले से कहा, ' 'वे कितने समय तक रहेंगे? मुझे नहीं पता, लेकिन यह लंबा समय होगा। छह महीने, एक साल, दो साल... कौन जानता है।' अखबार के मुताबिक, दंपति की योजना एक 'अंतरराष्ट्रीय' परिवार के रूप में रहने की है और वे अमेरिका तथा पुर्तगाल में अपने घर बरकरार रखेंगे। सात वर्षीय प्रिंस आर्ची और पांच वर्षीय प्रिंसेस लिलिबेट सितंबर में शुरू होने वाले शरद ऋतु सत्र से एक ब्रिटिश स्कूल में पढ़ाई करेंगे। हैरी और मेगन के ब्रिटेन लौटने की खबर पिछले सप्ताह आई थी। उस समय बकिंघम पैलेस ने कहा था कि वह शाही परिवार के 'नॉन वर्किंग' सदस्यों से संबंधित घटनाक्रम पर टिप्पणी नहीं करता।

ऑफ बीट

मानव-मेंढक संबंधों का इतिहास जटिल रहा है

दरअसल, मेंढकों के प्रति हमारा आकर्षण नया नहीं है। जैसा कि हमारे शोध से पता चला है, मानव–मेंढक संबंधों का इतिहास लंबा और जटिल है – और यह सब अच्छा नहीं है। हम मेंढकों से प्यार क्यों करते हैं? मेढकों से सचमुच प्रेम करने वाले लोगों का एक समृद्ध इतिहास है। यह दिलचस्प है, क्योंकि बहुत से लोग सरीसृपों और उभयचरों की तुलना में स्तनधारियों और पक्षियों को अधिक पसंद करते हैं। लेकिन मेंढक एक अपवाद है – कई कारणों से। लोग बच्चों जैसे चेहरों की ओर आकर्षित होते हैं। मेंढकों की कई प्रजातियों में बड़ी आंखें होती हैं। न दांत और न नुकीले पंजे होने के कारण, वे तुरंत खतरनाक भी नहीं लगते, जबकि उनमें से कई की त्वचा का रंग सुंदर होता है और कुछ अविश्वसनीय रूप से छोटे होते हैं। मेंढक वास्तव में प्राकृतिक दुनिया के गहनों में से हैं, टोड के विपरीत, जो – अपने अधिक सांसारिक रंगों और 'मस्सेदार त्वचा' के साथ – आमतौर पर अधिक लोगों का पसंद नहीं आते हैं। इनकी सुंदरता हमें उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के घने वर्षावनों में अधिकांश लोगों की दृष्टि से छिपी जीवंत प्रकृति की व्यापक संपदा से जोड़ती है। और वे हमें हमारे अपने आंगन में प्रकृति से भी जोड़ते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

भोपाल में 7 दिवसीय श्रीरासलीला समारोह सहित प्रदेशभर में होंगे आयोजन

राजधानी सहित प्रदेश में रक्षाबंधन, बलराम जयंती और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर होंगे अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन, बलराम जयंती एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संस्कृति, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, पर्यटन, जेल, गृह, पशुपालन, जनजातीय कार्य विभाग सहित कमिश्नर और कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए है।

बलराम कृषि महोत्सव पर आयोजन

बलराम जयंती 2 सितम्बर के अवसर पर बलराम कृषि महोत्सव के तहत कृषि संबंधी पारंपरिक कलारुपों की विशेष प्रस्तुतियों के साथ आधुनिक कृषि उपकरण एवं बीज और प्राकृतिक खेती केन्द्रित प्रदर्शनी, सह-संवाद जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितम्बर 2026 को प्रदेशभर में भव्य स्तर पर मनाई जाएगी। जन्माष्टमी बाललीला का पर्व है, इसीलिए बच्चों को विशेष रूप से आयोजनों से जोड़ने के लिए स्कूलों में मटकी प्रतियोगिता आदि की विशेष प्रस्तुति स्कूलों में आयोजित होगी।

रक्षाबंधन पर्व पर आयोजन

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र अनुसार रक्षाबंधन पर्व 28 अगस्त, 2026 को सामाजिक रिश्तों से प्रकृति तक विस्तार कर जल, प्रकृति और पर्यावरण से गहन संबंध के रक्षण का संकल्प एवं आह्वान के लिए विभिन्न वर्ग को जोड़ने के लिए एक राखी एक संकल्प, रक्षासूत्र एक राखी एक रिश्ता, पेड़ को राखी-प्रकृति से भाईचारा जैसी गतिविधियाँ जनसहभागिता के साथ आयोजित की जाएगी। छात्रों के लिए स्कूलों में प्रकृति की रक्षा के लिए कहानी, पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में प्रसंग के अनुरुप आयोजन होंगे।

भोपाल में 7 दिवसीय श्रीरासलीला समारोह सहित प्रदेशभर में होंगे आयोजन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय होटलों में ऐसे वातावरण का निर्माण करने के प्रयास होंगे जिससे पर्यटकों को आस्था का अनुभव कराया जा सके। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भोपाल में 7 दिवसीय श्रीरासलीला समारोह का आयोजन एवं श्रीकृष्ण से जुड़े हुए विशेष स्थलों यथा जानापाव इंदौर, अमझेरा धार और गोपाल मंदिर, उज्जैन, सांदीपनि आश्रम, नारायणा, जामगढ़ रायसेन, खातेगांव देवास, पन्ना, शहडोल, उमरिया, मंडला, राघौगढ़ (गुना), भितरवार (ग्वालियर), जावद (नीमच), मल्हारगढ़ (मंदसौर) आदि स्थानों पर जनप्रतिनिधियों मंत्री, सांसद, विधायक आदि के नेतृत्व में स्थलों से जुड़े प्रसंगों के मूल स्वरुप के भाव का विस्तार के लिए विशिष्ट सांस्कृतिक आयोजन किया जाएगा। जिला जेल में भगवान श्रीकृष्ण पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कावंड यात्राओं में जनसुविधाओं एवं सुरक्षा की व्यवस्था

भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हुए विविध प्रसंगों एवं आख्यानों के वास्तविक भाव के लोकव्यापीकरण एवं स्थानों के महत्व अनुरुप कार्यक्रमों का संयोजन कराया जाएगा। श्रावण मास में होने वाली कांवड़यात्रा में कावड़ियों के आने-जाने के मार्ग पर जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा की व्यवस्था के साथ दुर्घटना के रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई विशेष रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री निवास में 4 सितम्बर को होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री निवास पर 4 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में भक्ति गायन, लोकनृत्य एवं मटकी फोड कार्यक्रम एवं 1000 से अधिक छोटे बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के बालस्वरूप में तैयार कर परिजन सहित आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर माखन-मिश्री, लड्डू गोपाल एवं श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप तथा विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से दी गई शिक्षा पर केन्द्रित साहित्य बच्चों को भेंट किए जाएगी। 29 अगस्त से 4 सितम्बर (सप्ताह) में बच्चों के लिए विशेष पोषण तथा स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं प्राथमिक शालाओं में जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों के विशेष पोषण के लिए भोजन व्यवस्था करायी जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने दोहराया प्रदेश की हर बहन की खुशहाली का संकल्प

ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने सीएम को बांधीं स्नेह और विश्वास से भरी राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने स्नेह और विश्वास से भरी राखियां बांधी। इन राखियों के पवित्र धागों ने जहां भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को सुदृढ़ किया। वहीं, प्रदेश की हर बहन के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री के संकल्प को और मजबूत किया। रक्षाबंधन के उपहार स्वरूप लाड़ली बहना योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि देने के लिए ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भी भेंट किया। मुख्यमंत्री को ग्वालियर विमानतल पर तैनात सीआईएसएफ की दो महिला सुरक्षा कर्मियों ने राखियां बांधीं।

मुख्यमंत्री बुधवार को भिंड जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में गोदरेज की चौथी यूनिट का शुभारंभ करने आए थे। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री ट्रांजिट विजिट पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयर टर्मिनल पहुंचे थे। इस अवसर पर कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बघेल, जीडीए के अध्यक्ष मधुसूदन सिंह भदौरिया, महर्षि पतंजलि बोर्ड के अध्यक्ष कौशल शर्मा, नगर निगम सभापति मनोज तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

महिला सुरक्षा कर्मियों ने भी बांधी राखी, सीएम को धन्यवाद पत्र भी भेंट किया

सीएम डॉ. यादव को राखी बांधती बहनें।

अपनों से दूर होने की कसक उनके मन में थी...

एयर टर्मिनल पर तैनात महाराष्ट्र निवासी सुश्री रासकर अश्विनी और राजस्थान निवासी सुश्री पूनम यादव इस बार रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं जा पा रही हैं। अपनों से दूर होने की कसक उनके मन में थी, लेकिन मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते ही उनकी आंखें नम हो गईं। दोनों ने भावुक होकर कहा मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व पर हमें भाई की कमी महसूस नहीं होने दी। लाड़ली बहनों के विश्वास और मुख्यमंत्री की आत्मीयता से रक्षाबंधन का यह अवसर स्नेहिल भावनाओं से भर उठा।

बहन-भाई का रिश्ता केवल एक पर्व तक सीमित नहीं

डॉ. यादव के ललाट पर लाड़ली बहनों ने रोली का तिलक लगाकर राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि बहन और भाई का रिश्ता केवल एक पर्व तक सीमित नहीं है, यह जीवनभर के स्नेह, विश्वास और जिम्मेदारी का रिश्ता है। राखी का धागा हमें याद दिलाता रहेगा कि प्रत्येक बहन उनके परिवार का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की हर बहन के चेहरे पर मुस्कान हो, बेटियां सुरक्षित रहें, आत्मनिर्भर बनें और अपने सपनों को पूरा करते हुए आगे बढ़ें।

मंदिर निर्माण का पावन शुभारंभ

सीएम ने ओंकारेश्वर में पंचायतन मंदिर का किया शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पवित्र नगरी ओंकारेश्वर में स्थित 'एकात्म धाम' में गुरुवार 27 अगस्त को भव्य 'पंचायतन मंदिर' का शिलान्यास कियो। डॉ. यादव ने भारत की दिव्य संन्यास परंपरा के प्रतिनिधियों, षड्दर्शन संत मंडल के पूज्य संतों तथा विशिष्ट अतिथियों के साथ 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री वेंकटेश्वर वेद विज्ञान पीठम धर्मगिरि, आंध्रप्रदेश के प्राचार्य केएसएस अवधानी, दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठम कर्नाटक एवं श्री गुरुकुल के आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान से पंचायतन मंदिर का शिला पूजन का शुभ अनुष्ठान संपन्न हुआ। जगतगुरू आदि शंकराचार्य ने विभिन्न उपासना पद्धतियों के मध्य समन्वय स्थापित करने के लिए 'पंचायतन पूजन' का पुनरुद्धार किया था। भगवत्पाद के इस युगांतरकारी योगदान को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से 'एकात्म धाम' में इस भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। सनातन परंपरा में पंचदेव पूजा का मूल दर्शन विविध स्वरूपों के माध्यम से एक ही 'परम ब्रह्म' की अनुष्ठानिक उपासना करना है।

केंद्र में होगा भगवान शिव का देवालय

प्राचीन पंचायतन शैली पर आधारित इस मंदिर के केंद्र में भगवान शिव का मुख्य देवालय होगा। चारों कोनों पर उप-देवालय स्थित होंगे। ईशान कोण में भगवान विष्णु, आग्नेय कोण में भगवान सूर्य, नैऋत्य कोण में भगवान गणेश और वायव्य कोण में भगवती शक्ति का स्थान नियत है। मुख्य देवालय का शिखर 'सोमतिलक' शैली का होगा। मंदिर का गर्भगृह 'सर्वतोभद्र' शैली में निर्मित है, जिसमें चारों दिशाओं से प्रवेश द्वार होंगे।

विद्यालय के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट प्रदान की

इनर व्हील क्लब ऑफ जबलपुर साउथ ने दिया स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश

जबलपुर। विश्व की सबसे बड़ी महिला सेवा संस्था इनर व्हील के 2026-27 थीम को साकार करते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ जबलपुर साउथ ने हितकारिणी महिला विद्यालय में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन डॉ. मंजुशा वैषम्पायन की आधिकारिक यात्रा के अवसर पर संपन्न हुआ।क्लब द्वारा विद्यालय के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता किट प्रदान की गई, जिसमें डस्टबिन, ग्लव्स, फिनाइल, झाड़ू, तसले आदि शामिल थे।कम्युनिटी वेलफेयर के तहत विद्यालय की दीवारों पर स्वच्छता, जल संरक्षण और बालिका शिक्षा के प्रेरक संदेशों के साथ इनर व्हील लोगो प्रदर्शित किया गया।अध्यक्षा नीति अवस्थी व सचिव नुपुर अग्रवाल ने पार्षद अयोध्या तिवारी, पार्षद संतोष दुबे एवं हितकारिणी विद्यालय के निलेश पांडे का स्वागत किया। डॉ. वैषम्पायन ने क्लब के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में शशि अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, इति गुप्ता, अर्चना गर्ग, मयूरी चौरासिया, स्वाति विश्वकर्मा, डॉ. दीपा सिंह ठाकुर, कमलेश आनंद एवं नीना सेठी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं।

रातीबड़ में 4 करोड़ की अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

भोपाल। शहर में आम लोगों को सस्ते प्लॉट का लालच देकर बुनियादी सुविधाओं से मेहरूम करने वाले बिल्डरों पर कार्रवाई जारी है। बुधवार को हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया की टीम ने रातीबड़ इलाके में खेती की जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित कर प्लाट बेचने पर कार्रवाई की है। रातीबड़ के ग्राम छापरी में खेती की जमीन पर ओरछा धाम नाम से कॉलोनी काटी जा रही थी। जिसमें परेश जैन और पुष्पा द्वारा प्लाट बेचे जा रहे थे। वहीं विनायक फार्म नाम से कॉलोनी दीपेश शर्मा, सोनू शर्मा और अन्य के द्वारा विकसित कर अवैध प्लाट बेचे जा रहे थे। दोनों अवैध कॉलोनी में बनाई गईं सड़कों सहित अन्य निर्माणों को बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया गया है।

ट्रेन की धीमी रफ्तार होने पर जंगल की ओर भागा

बिलासपुर-कटनी रेल मार्ग पर सुरंग में फंसा तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर-कटनी रेल लाइन पर भनवारटंक के पास मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक तेंदुआ अचानक रेल सुरंग के अंदर पटरी पर आ गया। तेंदुए को सामने देखकर ट्रेन की रफ्तार तुरंत धीमी कर दी गई। कुछ देर तक तेंदुआ ट्रेन के आगे पटरी पर चलता रहा और फिर सुरंग से निकलकर जंगल की ओर भाग गया।

रक्षाबंधन से पहले कार्रवाई, जांच के लिए सैंपल लैब में भेजे

पैक्ड बर्फी में वनस्पति और पामोलिन ऑयल खाद्य विभाग ने 114 किलो मिठाई जब्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीहोर रोड स्थित सांई बाबा ट्रेडिंग से 114 किलो मिठाई जब्त की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह कार्रवाई की। जांच के लिए सैंपल लैब में भेजे गए हैं। पैक्ड बर्फी में वनस्पति और पामोलिन ऑयल मिलने का कंटेंट दर्ज था, जिसके बाद बर्फी में मिलावट को देखते हुए मिठाई जब्त की गई है।

रक्षाबंधन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शहर की मावा-मिठाई दुकानों की जांच कर रही है, जिसको देखते हुए बुधवार को टीम ने साईं बाबा ट्रेडिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान अलग-अलग वैरायटी की 114 किलो मिठाई जब्त की गई। जिसकी कीमत कीमत 22 हजार 800 रुपए आंकी गई है। टीम ने मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य लेबोरेटरी भेजे हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए मिठाइयों की जांच की जा रही है।

नंदी स्वीट्स हलवा एवं गोपाल बर्फी की जब्त

मिठाइयों में नंदी स्वीट हलवा 27 किलो, कृष्णा हलवा 27 किलो, गोपाल स्वीट्स बर्फी 30 किग्रा और कृष्णा डिलिशियस स्वीट 30 किलो शामिल है। निरीक्षण के दौरान कृष्णा डिजिशियस स्पीट के पैकेट पर निर्माता ने सामग्री में मिल्क सोलिड, शुगर, वनस्पति और रिफाइंड पामोलिन ऑयल का उल्लेख किया था, जिसके आधार पर मिठाइयों को जब्त किया गया है।

मंत्री से स्टूडेंट्स बोले- पानी की समस्या भी दूर कराइए
विद्यार्थियों ने किया था प्रदर्शन

दो बार सड़क जाम के बाद पेंड्रावन पहुंचे शिक्षा मंत्री छात्रों से की मुलाकात, सेल्फी लेकर बनाया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग-भिलाई।

शिक्षकों की कमी को लेकर दो बार सड़क पर उतरकर धमधा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग जाम करने वाले पेंड्रावन के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्रों से मिलने गुरुवार को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव पहुंचे। प्रदर्शन खत्म होने के दो दिन बाद स्कूल पहुंचे मंत्री ने छात्र-छात्राओं से सीधे बातचीत की। मंत्री ने बताया कि छात्रों की मांग को देखते हुए उसी दिन जरूरी व्यवस्था करने के आदेश दे दिए गए थे। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ सेल्फी ली और वीडियो भी बनाया। छात्रों ने वीडियो में मंत्री को धन्यवाद दिया। मंत्री ने छात्रों से कहा कि आपने फोन पर बात करने की बात कही थी, लेकिन हम खुद आपसे मिलने आए हैं।

उन्होंने स्कूल में पहुंचे तीन नए शिक्षकों से भी मंत्री ने बात की और बेहतर पढ़ाई कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि एक और शिक्षक जल्द ही स्कूल में पदस्थ होगा। उन्होंने स्कूल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्कूल की व्यवस्थाएं ठीक हैं, लेकिन मॉनिटरिंग की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों को निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

गांव के बच्चों को जीईई-नीट की तैयारी कराने की योजना

मंत्री ने कहा कि दुर्ग जिले के सभी हायर सेकंडरी स्कूलों में पढ़ाई नियमित कराने पर विभाग का फोकस है। उन्होंने बताया कि दुर्ग में जीईई और नीकी तैयारी की व्यवस्था की जा रही है। गांवों के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ देने के लिए ई-पोर्टल के जरिए बड़े कोचिंग संस्थानों और उनके फैकल्टी की मदद से विशेष कोचिंग उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विषयवार विशेषज्ञों की मदद से पढ़ाई बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए गुरुवार शाम 5 बजे दुर्ग जिले के हायर सेकंडरी स्कूलों को लेकर संयुक्त संचालकों की बैठक भी रखी गई थी।

बोले- बच्चों की मांग पर उसी दिन निकाला आदेश

पत्रकारों से बातचीत में शिक्षा मंत्री ने कहा कि जब उन्हें छात्रों के आंदोलन की जानकारी मिली, उसी समय विभागीय बैठक में निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग पर तीन शिक्षकों की तत्काल व्यवस्था की गई और प्राचार्य का दूसरी जगह तबादला कर दिया गया। अंडा गांव से नए प्राचार्य की व्यवस्था की गई है।

400 बच्चों के लिए मांगे थे 17 शिक्षक, आंदोलन के बाद 3 पहुंचे

पेंड्रावन स्कूल में करीब 400 से 500 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। छात्रों का कहना था कि 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई के लिए पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं और उन्हें कम से कम 17 शिक्षकों की जरूरत है। खासकर आर्ट्स और कॉमर्स विषयों में शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। इसी मांग को लेकर छात्रों ने 21 अगस्त और फिर 25 अगस्त को धमधा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया था। 25 अगस्त का प्रदर्शन करीब 12 घंटे चला और रात 12 बजे छात्रों ने शिक्षा मंत्री से फोन पर बातचीत और आश्वासन के बाद आंदोलन खत्म किया था। इसके बाद विभाग ने प्राचार्य को हटाने के निर्णय दिए।

चिकित्सा कर्मियों, मरीजों के परिजनों और आसपास के रहवासियों में रहा दहशत का माहौल

बालोद के जिला अस्पताल परिसर में आधी रात भालू घुस आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बालोद जिला मुख्यालय स्थित शासकीय जिला अस्पताल परिसर में गुरुवार की रात एक भालू के अचानक पहुंच गया। रात करीब एक बजे वन्यजीव के अस्पताल परिसर में खुलेआम घूमने की खबर सामने आते ही चिकित्सा कर्मियों, मरीजों के परिजनों और आसपास के स्थानीय रहवासियों में दहशत का माहौल बन गया। अस्पताल जैसे अत्यंत संवेदनशील, महत्वपूर्ण और हमेशा व्यस्त रहने वाले सार्वजनिक स्थान पर किसी भालू की मौजूदगी ने लोगों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और शुरुआती जानकारियों के अनुसार, भालू रात के सन्नाटे और अंधेरे में जिला अस्पताल के मुख्य परिसर के भीतर दाखिल हुआ और काफी देर तक बेखौफ होकर घूमता रहा। गनीमत यह रही कि इस दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना या जनहानि नहीं हुई, अन्यथा स्थिति बेहद खतरनाक हो सकती थी। हालांकि, रात के समय अस्पताल में मौजूद तीमारदारों और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों में इस वन्यजीव की दस्तक से भारी भय व्याप्त हो गया। किसी ने भी इस खतरनाक स्थिति में बाहर निकलने का साहस नहीं जुटाया।

वन विभाग से कार्रवाई की मांग

शहरी इलाकों में बढ़ रही आवाजाही

गौरतलब है कि बालोद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ अब आबादी वाले शहरी और रिहायशी इलाकों में भी जंगली जानवरों की आवाजाही लगातार बढ़ती जा रही है। वनों के कटान और प्राकृतिक आवासों के सिमटने के कारण वन्यजीव भोजन और पानी की तलाश में मानवीय बस्तियों की ओर रुख करने लगे हैं। अब जिला मुख्यालय के मुख्य चिकित्सालय परिसर तक भालू के पहुंच जाने की इस घटना ने वन विभाग के प्रशासनिक अमले के सामने भी एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

अस्पताल प्रबंधन ने यह कहा

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय नागरिकों और अस्पताल प्रबंधन ने वन विभाग से तत्काल सख्त कदम उठाने की अपील की है। लोगों ने मांग की है कि वन विभाग की विशेष टीम को इस क्षेत्र में तैनात किया जाए ताकि भालू की हर गतिविधि पर बारीक नजर रखी जा सके और उसे सुरक्षित तरीके से वापस उसके प्राकृतिक जंगल क्षेत्र में खदेड़ा जा सके। इसके साथ ही, स्थानीय प्रशासन ने आम नागरिकों को विशेष रूप से रात के वक्त अकेले बाहर न निकलने और पूरी सतर्कता बरतने की हिदायत दी है। इस अप्रत्याशित घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर शहरी बस्तियों में वन्यजीवों का दखल इस कदर क्यों बढ़ता जा रहा है।

सैलरी मांगने पर युवती का मोबाइल छीना और हाथ मरोड़ा

बिलासपुर। मंगला चौक स्थित 36 सिटी माल के एक्वा वेलनेस स्पा सेंटर में काम करने वाली युवती के साथ छेड़छाड़, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता रुकी हुई सैलरी मांगने पहुंची, तो स्पॉ संचालक भाइयों ने उसके साथ बदसलूकी करते हुए मारपीट की और मोबाइल छीन लिया। शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपी भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सकरी थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि वह 36 सिटी माल स्थित एक्वा वेलनेस स्पॉ सेंटर में पिछले तीन महीने से काम कर रही थी।

पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म राणबाली का नया पोस्टर रिलीज

नई दिल्ली। विजय देवरकोंडा की अपकमिंग पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'राणबाली' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अभिनेता ने 27 अगस्त को इसे शेयर करते हुए मूवी की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी। इससे विजय और रश्मिका के फैंस काफी एक्साइटेड हैं। पोस्टर में विजय काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। उनकी सॉलिड मूंछें लुक में एक नयापन जोड़ रही हैं। यह लुक फिल्म के 19वीं सदी के परिवेश से मेल खाता है। ट्विटर पर पोस्टर शेयर करते हुए विजय ने लिखा,'16 अक्टूबर को। दुनिया भर के सिनेमाघरों में। रानाबाली।' यह फिल्म पैन इंडिया रिलीज होगा और कई भाषाओं में उपलब्ध होगी।

लाइफ Style

आलिया

ओटीटी पर आज रिलीज होगी अल्फा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सिनेमाघरों में रिलीज के बाद अब दर्शक इस एक्शन से भरपूर स्पाई थ्रिलर को घर बैठे देख सकेंगे। यह फिल्म वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला-केंद्रित फिल्म है, जिसमें आलिया और शरवरी पहली बार साथ नजर आई हैं।

शिव रवैल के निर्देशन में बनी अल्फा 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में दोनों एक्ट्रेस स्पाई का किरदार निभाती हैं और एक खतरनाक मिशन का हिस्सा बनती हैं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा और इसे कहानी को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। नेटफ्लिक्स ने गुरुवार को फिल्म की ओटीटी रिलीज का ऐलान किया। अल्फा 28 अगस्त से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'अल्फा गैंग में शामिल होने के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म की कहानी वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स से जुड़ी हुई है। इसमें आलिया भट्ट आरएंडएडब्ल्यू एजेंट सीता के किरदार में हैं। सीता एक बेहद काबिल एजेंट है, जिसे आगे चलकर अल्फा सोल्जर बनने की ट्रेनिंग दी जाती है। वहीं, शरवरी फिल्म में दुर्गा कौल का किरदार निभा रही हैं, जो सीता की अलग रह रही जुड़वां बहन है। दोनों की जिंदगी एक खतरनाक मिशन के दौरान आपस में जुड़ती है।फिल्म में बॉबी देओल विलेन कर्नल फतेह सिंह लखावत के रोल में नजर आते हैं। उसका एक शक्तिशाली सीरम 'अल्फा' से जुड़ा प्रयोग कहानी को आगे बढ़ाता है।

हॉलीवुड मसाला

विलेन के किरदारों से बनाई पहचान

नई दिल्ली। हॉलीवुड इंडस्ट्री से एक बुरी खबर सामने आ रही है। द रॉकी हॉरर पिक्चर शो मे 'डॉ फ्रैंक एन फरटर' का किरदार से फैंस के दिलों में खास जगह बनाने वाले अभिनेता और सिंगर टिम करी का 80 की उम्र में निधन हो गया है। अभिनेता ने अधिकतर फिल्मों में विलेन के किरदार अदा किए। फिल्मों के साथ-साथ टिम करी ने थिएटर और टेलीविजन पर भी काफी काम किया। उन्हें अपने लंबे करियर में तीन बार टोनी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशन मिलें। टिम करी की आखिरी फिल्म साल 2025 में 'स्ट्रेंज जर्नीः द स्टोरी ऑफ रॉकी हॉरर रिलीज हुई थी।

प्रियंका की रीसेट से ओरलैंडो ने बनाई दूरी

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा और हॉलीवुड एक्टर ओरलैंडो ब्लूम को साथ देखने का फैंस का इंतजार अब शायद लंबा हो सकता है। फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा है। प्रियंका चोपड़ा और ओरलैंडो ब्लूम की अपकमिंग फिल्म 'रीसेट'को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोट्र्स के मुताबिक, ओरलैंडो ब्लूम ने शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले ही इस फिल्म से दूरी बना ली है।एक रिपोर्ट के अनुसार, ओरलैंडो ब्लूम इस सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के साथ एक्टिंग करने के साथ-साथ इसे को-प्रोड्यूस भी करने वाले थे। वह फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के दौरान भी प्रोजेक्ट से जुड़े हुए थे, लेकिन शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले उन्होंने फिल्म छोड़ दी। रिपोर्ट के मुताबिक, अब मेकर्स ओरलैंडो के किरदार के लिए तीन एक्टर्स पर विचार कर रहे हैं।



अनन्या और वॉकर का हुआ ब्रेकअप...

मुंबई। अनन्या पांडे इस वक्त चर्चा में आ गई हैं। इस बार वो अपनी किसी फिल्म नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में छाई हुई हैं। दरअसल, खबरे हैं कि अनन्या और वॉकर ब्लैंको का ब्रेकअप हो गया है। रिपोट्र्स के मुताबिक, करीब 2 साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने अपनी राहें अलग कर ली हैं। अनन्या और वॉकर की मुलाकात अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी के फंक्शन के दौरान हुई थी। वैसे तो दोनों ने कभी ऑफिशियल अपने रिश्ते का ऐलान नहीं किया। लेकिन, दोनों की तस्वीरें कई बार सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। अनन्या और वॉकर की तस्वीरें देख फैंस को उनके रिलेशनशिप का अंदाजा हो गया था। दोनों की जोड़ी को फैंस काफी पसंद भी कर रहे थे। लेकिन, अब कपल के ब्रेकअप ने फैंस को भी हैरान कर दिया है।

द रिवोल्यूशनरीज का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। वेब सीरीज 'द रिवोल्यूशनरीज' के ट्रेलर ने दस्तक दे दी है। यह सीरीज सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और भारत के स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है। निखिल आडवाणी निर्देशित यह ऐतिहासिक ड्रामा सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। आज बुधवार को सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया है। इस दिलचस्प सीरीज में भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा और गुरफतेह पीरजादा अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, जेसन शाह, पाओली डैम और टोटा रॉय चौधरी भी महत्वपूर्ण किरदार अदा करेंगे। गुरुवार को सामने आए ट्रेलर में ट्रेलर चार क्रांतिकारियों रास बिहारी बोस (भुवन बाम), सचिंद्र नाथ सान्याल (रोहित सराफ), प्रतिभा लाहिड़ी (प्रतिभा रांटा) और बाघा जतिन (गुरफतेह पीरजादा) को दिखाया गया है।

टीवी मसाला



केबीसी में पहुंचा दिहाड़ी मजदूर कहानी सुनकर नम हो जाएंगी आंखें

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' पर ऑडियंस ने एक से बढ़कर एक करिश्माई चीजें होती देखी है। यह मंच सालों से उन लोगों को मौका देता आ रहा है, जिन्होंने हमेशा शिक्षा और ज्ञान को जिंदगी में महत्व दिया। ऐसे बहुत से लोगों की इसी रियलिटी शो पर जिंदगी बदलते हमने देखी है। अब हालिया एपिसोड में एक बार फिर ऐसा ही कमाल होता दिखाई पड़ा। महाराष्ट्र के वाशिम के विशाल प्रेमचंद राठौड़ ने जब फास्टेस्ट बजर फर्स्ट राउंड क्लीयर किया तो वह काफी भावुक हो गए। विशाल के साथ शो पर उनके माता-पिता और दोनों बहनें भी आई थीं। उन्हें हॉटसीट तक पहुंचता देखकर परिवार की भी आंखें नम हो गईं। एपिसोड के दौरान जब प्रेमचंद ने अपनी कहानी सुनाई तो ऑडियंस के साथ-साथ अमिताभ बच्चन भी दंग रह गए। उन्होंने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम करते हैं और रोजाना 500-600 रुपए कमाते हैं। विशाल प्रेमचंद ने बताया कि कई दिन ऐसे भी होते हैं जब उन्हें काम नहीं मिलता। मंगलवार के एपिसोड में विशाल 5 लाख रुपए जीतने में कामयाब रहे। विशाल ने बताया कि वह पिछले 3 साल से एमपीएससी (महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग) की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन ,पैसों की तंगी के चलते कभी परीक्षा का फॉर्म तो कभी किताबें खरीदना मुश्किल हो जाता है। विशाल ने कहा कि वह मन लगाकर तैयारी नहीं कर पाते हैं। इसी एपिसोड में विशाल की जर्नी भी दिखाई गई, जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। वीडियो में विशाल ने बताया कि वह अपने पिता के साथ हर रोज दिहाड़ी मजदूर के तौर पर काम की तलाश करते हैं।

सास-बहू के टाइम स्लॉट पर भारती-हर्ष का कब्जा

नई दिल्ली। टेलीविजन पर शाम और रात 8 बजे का स्लॉट हमेशा से 'सास-बहू'के हाई-वोल्टेज ड्रामे, पारिवारिक साजिशों और रोने-धोने की सीरियलों का सबसे बड़ा गढ़ माना जाता रहा है। पिछले कई सालों से इस प्राइमटाइम स्लॉट पर डेली सोप्स का एकछत्र राज रहा है, जहां दर्शक टीवी खोलते ही भारी-भरकम ट्विस्ट्स और आंसुओं में उलझ जाते हैं। लेकिन, अब इस पुराने ढर्रे को चुनौती देने और टीवी पर हंसी का रंग जमाने के लिए इंडस्ट्री की सबसे चहेती लाफ्टर जोड़ी भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने प्राइमटाइम के इस पिच पर एंट्री की है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने एक बहुत बड़ा दांव खेलते हुए अपने नए नॉन-फिक्शन फॉर्मेट 'इंडियन गेम शो विद भारती एंड हर्ष'को ठीक 8 बजे के प्राइमटाइम स्लॉट पर उतार दिया है। शो की टैगलाइन भी मजेदार है, 'जहां दोस्तों को फंसाएंगे और आपको हंसाएंगे'और ये शो अब टीवी के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी खूब सुर्खियां बटोर रहा है।



फेस्टिव वीकएंड में ओटीटी पर होगा जबर धमाल दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में सुपरस्टार यश की 'टॉक्सिक' रिलीज हो चुकी है। संभव है कि आपकी भी लिस्ट में इसे देखने जाना शामिल हो। मगर, ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों और सीरीज का इंतजार भी होगा ही? फिर, इस बार रक्षाबंधन की छुट्टी के साथ वीकएंड भी थोड़ा लंबा होने वाला है। रक्षाबंधन के त्योहार के साथ शनिवार और इतवार की छुट्टी मिल रही है। ऐसे में ओटीटी पर भी खूब मौज रहने वाली है।

बंदर : बॉबी देओल की यह फिल्म भी इस वीक आने वाली है। अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं। उनके अलावा सान्या मल्होत्रा, सपना पब्बी और सबा आजाद भी हैं। इस फिल्म का प्रीमियर कई बडे फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब यह ओटीटी पर रिलीज हो रही है। 28 अगस्त से यह जी5 पर स्ट्रीम होगी।

माइकल : किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन की बायोपिक फिल्म 'माइकल' भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में हैं। यह फिल्म 29 अगस्त को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। बता दें कि यह फिल्म इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी।

बबीता सिंह रिपोर्टिंग : फिल्म 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' भी इसी वीक की लिस्ट में शामिल है। फिल्म में निमिषा सयाजन, बरुण सोबती और अंशुमान पुष्कर मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म भारत समेत दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी में प्राइम वीडियो पर उपलब्ध

होगी। 'बबीता सिंह रिपोर्टिंग' का प्रीमियर 28 अगस्त को होगा। इस रोमांचक ड्रामा का निर्देशन अंबीएका पंडित ने किया है। इसकी लेखिका अमिता व्यास हैं।

जंगल टेल्स विद मोगली : ओटीटी पर इस वीक आपको मोगली की कहानी भी देखने को मिलेगी। एनिमेटिड सीरीज 'जंगल टेल्स विद मोगली' जो रिलीज हो रही है। इसे बच्चों के साथ देख सकते हैं। यह सीरीज 28 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

डार्क मैटर सीजन 2 : अगर आपको साइ-फाई सीरीज पसंद हैं तो यह आपके लिए है। 'डार्क मैटर' सीरीज का यह दूसरा सीजन है, जिसमें 10 एपिसोड हैं। दर्शक इसे एपल टीवी पर 28 अगस्त से देख पाएंगे।

आई, नोबडी : अगर आपको सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों का शौक है तो यह फिल्म आपके लिए है। पृथ्वीराज सुकुमारन की 'आई, नोबडी' इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है और इसे वीकएंड में आप देख सकते हैं। मलयालम भाषा की यह फिल्म जुलाई में सिनेमाघरों में लगी थी।

कभी तकरार, कभी बेइंतहा प्यार, बॉलीवुड की वो भाई-बहन की कहानियां, जो सीधे दिल में उतर जाएंगी

नई दिल्ली। भाई-बहन का रिश्ता शायद दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता है, जहां छोटी-सी बात पर तकरार होती है, लेकिन मुश्किल वक्त में सबसे पहले एक-दूसरे का हाथ थामा जाता है। बचपन की शरारतों से लेकर बड़े होने के बाद की जिम्मेदारियों तक, इस रिश्ते में प्यार, नोकझोंक, नाराजगी और एक-दूसरे के लिए फिक्र हर रंग देखने को मिलता है। बॉलीवुड ने भी इस प्यारे रिश्ते को पर्दे पर कई अंदाज में उतारा है। कहीं भाई अपनी बहन के लिए पूरी दुनिया से लड़ता नजर आया, तो कहीं बहन ने भाई को बचाने के लिए हर मुश्किल का सामना किया।

हम साथ-साथ हैं : साल 1999 में आई फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' के साथ सूरज बड़जात्या एक ऐसी कहानी लेकर आए, जिसको लोग आज भी पसंद करते हैं। फिल्म में मोहनीश बहल, सलमान खान और सैफ अली खान तीन भाइयों के रोल में नजर आए। परिवार में गलतफहमी पैदा होने के बाद रिश्तों में दूरी आती है, लेकिन भाइयों का एक-दूसरे के लिए प्यार कहानी को आगे बढ़ाता है।

जोश : साल 2000 में आई फिल्म 'जोश' में शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय बच्चन ने जुड़वां भाई-बहन मैक्स और शर्ली का किरदार निभाया था. फिल्म की कहानी गोवा में रहने वाले दो प्रतिद्वंद्वी गैंग्स के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्विस्ट तब आता है जब शर्ली को विरोधी गैंग के लीडर प्रकाश के छोटे भाई राहुल से प्यार हो जाता है। यानी एक तरफ भाई की मोहब्बत और दूसरी तरफ भाई-बहन का रिश्ता।

फिजा : अगर भाई-बहन के रिश्ते का सबसे इमोशनल रूप देखना हो तो 'फिजा' जरूर याद आती है। करिश्मा कपूर ने फिजा और ऋतिक रोशन ने उनके भाई अमान का किरदार निभाया था। 1993 के मुंबई दंगों के बाद अमान लापता हो जाता है और फिजा उसे ढूंढने के लिए लंबी तलाश शुरू करती है। यह सिर्फ एक भाई की तलाश नहीं, बल्कि उस रिश्ते की कहानी है, जिसमें बहन हालात के सामने हार मानने के बजाय अपने भाई को वापस लाने के लिए हर हद पार करती है।

जाने तू... या जाने ना : साल 2008 में आई फिल्म 'जाने तू... या जाने ना' भी इसी लिस्ट का हिस्सा है। इमरान खान और जेनेलिया डिसूजा स्टारर इस रोमांटिक-कॉमेडी में प्रतीक बब्बर (अमित) ने जेनेलिया (अदिति) के भाई का किरदार निभाया था. फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे बचपन में साथ खेलने वाले भाई-बहन बड़े होने पर एक-दूसरे से दूर हो जाते हैं, लेकिन जब अदिति को जीवन में सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है, तो उसका भाई अमित ही उसे उसके असल रूप का अहसास कराता है।

'भैया मेरे राखी के बंधन' से लेकर 'ये बंधन तो प्यार का' तक

बॉलीवुड के ये गाने रक्षाबंधन की खुशी को करेंगे दोगुना

नई दिल्ली। रक्षाबंधन के खास मौके पर हम आपको उन गानों के बारे में बता रहे हैं जो इस त्योहार के लिए बने हैं। ये गाने भाई-बहन के इस त्योहार पर सबके कानों में गूंजते हैं। आज भाई-बहन को समर्पित रक्षाबंधन का त्योहार है। देश ही नहीं, विदेश में भी इस त्योहार को खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार से बॉलीवुड भी अछूता नहीं है। बॉलीवुड फिल्मों में कई ऐसे गाने हैं, जो भाई-बहन के प्यार वाले त्योहार रक्षाबंधन पर बने हैं।

मेरे भैया, मेरे चंदा मेरे अनमोल रतन...

अहा, भाई के प्रति प्यार, दुलार के भावों से भरा यह गाना जब भी कानों में गूंजता है, भाई के प्रति बहन के अनन्य और समर्पित प्रेम भाव से दिल मधुरता से भर जाता है। अगर आप भाई बहनों में कोई अनबन हो जाए, तो यह गाना भाई की काफी मदद कर सकता है, बहन को चिढ़ाने में ... और बहन की मदद कर सकता है, प्यारे भैया को मनाने में।

भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना

शैलेन्द्र की कलम से निकला ये गाना भाई-बहन के रिश्ते को बखूबी दर्शाता है। यह गाना रक्षाबंधन पर सबसे ज्यादा बजने वाले गानों में से एक है। इसे लता मंगेशकर ने आवाज दी है। वहीं, इसे शंकर-जयकिशन ने संगीत दिया है। छोटी बहन और बड़े भैया के बीच का मिठास से भरा प्यारा रिश्ता इस गाने में हर कोई महसूस कर सकता है। छोटी बहन की यूं तो कई फरमाइशें लगी रहती है, लेकिन भैया से राखी के बंधन को निभाने की यह मनुहार सुनकर हर किसी को प्यार आ ही जाता है।

बहना ने भाई की कलाई से प्यार बांधा है

सच ही तो है, बहन के प्रेम के बगैर तो राखी को कोई मोल ही नहीं। बहन राखी की डोर के रूप में भैया की कलाई पर अपना ढेर सार प्यार और शुभकामनाएं ही तो बांधती है। और बहन का प्यार ही भाई का संसार होता है। छोटी बहन और बड़े भैया के बीच का मिठास से भरा प्यारा रिश्ता इस गाने में हर कोई महसूस कर सकता है। छोटी बहन की यूं तो कई फरमाइशें लगी रहती है, लेकिन भैया से राखी के बंधन को निभाने की यह मनुहार सुनकर हर किसी को प्यार आ ही जाता है।

हम बहनों के लिए मेरे भैया, आता है इक दिन साल में

पराई होती बहन की मासूम की गुजारिश, किसका मन नहीं पिघलाती होगी भला। हम बहनों के लिए साल में एक दिन आने वाले पर्व पर हर साल, हर हाल में भाई को उपस्थित रहने की भावों से भरी यह अरज, शायद भाई की आंखे नम करने के लिए काफी हैं।

फूलों का तारों का सबका कहना है

हरे रामा, हरे कृष्णा फिल्म का यह प्यारा गाना किसे याद नहीं होगा। बहन को सबसे खास बताने वाले भाव से भरे इस गाने को सुनने के बाद, हर भाई को अपनी प्यारी बहन पर प्यार आ जाता है। नाजों से पली लाड़ली के प्रति मन के भावों को जाहिर करता यह गाना, आज भी भाई बहनों की पहली पसंद बना हुआ है।

रंग बिरंगी राखी लेकर आई बहना

इसी तरह से साल 1962 में रिलीज हुई फिल्म 'अनपढ़' का गाना 'रंग बिरंगी राखी लेकर आई बहना' भी बहुत मशहूर है। राजा मेहदी अली खान की कलम से निकले इस गाने को लता मंगेशकर ने गाया है। मदन मोहन ने इसका म्यूजिक दिया है।

मेरे भैया मेरे चंदा

साल 1965 में रिलीज हुई फिल्म 'काजल' का गाना 'मेरे भैया मेरे चंदा' आज भी बहुत मशहूर है। रक्षाबंधन के दिन यह गाना लगभग हर किसी के कानों में गूंजता है। इस गाने को दिग्गज गायिका आशा भोसले ने गाया है। रवि ने इसको संगीत दिया है।

खबर संक्षेप

कोटक बिजलैब्स सीजन 3 ने विस्तार किया

मुंबई। कोटक बिजलैब्स एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के सीजन 3 की घोषणा की। सीजन 3 अगस्त 2026 से अक्टूबर 2027 तक चलेगा और देशभर के 100 से अधिक स्टार्टअप्स को मेंटरशिप, स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़ने के अवसर और शुरुआती वित्तीय सहायता के माध्यम से सहयोग प्रदान करेगा। शुरुआत से अब तक कोटक बिजलैब्स एक्सेलेरेटर प्रोग्राम को देशभर के स्टार्टअप्स से 4,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम अब तक 125 से अधिक उच्च क्षमता वाले टर्म्प्स को प्रोत्साहित कर चुका है।

आईआईटी ने किया ई-पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा लांच

मुंबई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और इसके प्रभावी इस्तेमाल के लिए कंप्यूटर साइंस की मजबूत बुनियादी समझ की जरूरत को देखते हुए आईआईटी बॉम्बे एजुकेशनल आउटरीच ने कंप्यूटर साइंस एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में ई-पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा शुरू किया है। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस की मजबूत नींव के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पर विशेष जोर दिया गया है। पाठ्यक्रम को आईआईटी बॉम्बे के फैकल्टी ने तैयार किया है और इसका संचालन भी संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

एआई फीचर्स स्मार्टफोन बनी बुनियादी उम्मीद

बेंगलुरु। एआई अब महज एक अतिरिक्त फीचर नहीं, बल्कि बुनियादी उम्मीद बन चुका है। अमेजन के 'बेस्ट इन टेक सर्वे' के मुताबिक, 82 फीसदी स्मार्टफोन खरीदारों के खरीद निर्णय पर एआई फीचर्स का प्रभाव पड़ रहा है।

कपड़े, गिफ्ट आइटम और नारियल की दुकानों पर रही रौनक अच्छा कारोबार

रक्षाबंधन पूर्व बाजारों में उमड़ी ग्राहकी, राखी मिठाई सहित अन्य सामग्रियों की खूब हुई खरीदारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

रिमझिम फुहारों के बीच रक्षाबंधन पूर्व गुरुवार को राजधानी के बाजारों में रक्षाबंधन खरीदारी का उत्साह चरम पर दिखा। शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी रही। राखी, मिठाई, कपड़े, गिफ्ट आइटम, नारियल और पूजन सामग्री की दुकानों पर विशेष भीड़ देखने को मिली। त्योहार की तैयारियों के चलते बाजारों में खरीदी की चहल-पहल होने व्यापारियों के चेहरे पर भी रौनक दिखाई दी। रक्षाबंधन को लेकर बहनों में खास उत्साह है। बाजारों में रंग-बिरंगी और आकर्षक डिजाइन वाली राखियों की बड़ी रेंज उपलब्ध है। पारंपरिक राखियों के साथ बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर, मोटिवेशनल संदेश और फैंसी डिजाइन वाली राखियां भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। कई दुकानों पर राखी के साथ गिफ्ट पैक और भाई-बहन के लिए विशेष कॉम्बो भी उपलब्ध कराए गए हैं।

न्यूमार्केट में भीड़

राखी के साथ उपहारों की भी खूब खरीदारी

राखी खरीदने के साथ ही लोग भाइयों के लिए उपहार भी पसंद कर रहे हैं। कपड़ों की दुकानों पर पुरुषों के परिधान, महिलाओं के कपड़े और बच्चों के कपड़ों की खरीदारी होती दिखाई दी। वहीं, गिफ्ट सेंटरों पर घड़ियां, पर्स, परफ्यूम, कॉस्मेटिक्स, एक्सेसरीज और अन्य उपहार सामग्री की मांग रही है। कई परिवारों ने त्योहार के लिए एक साथ खरीदारी की। बाजार में आने वाले ग्राहकों में महिलाओं और युवाओं की संख्या अधिक रही।

मिठाई दुकानों पर बढ़ी भीड़

रक्षाबंधन के मौके पर मिठाई की मांग भी बढ़ गई है। मिठाई दुकानों पर लोग राखी बांधने के बाद भाई को खिलाने के लिए मिठाइयां खरीदते नजर आए। पारंपरिक मिठाइयों के साथ ड्राईफ्रूट मिठाई, गिफ्ट पैक और आकर्षक पैकिंग वाली मिठाइयों की भी मांग रही। ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कीमतों के पैक भी दुकानदारों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रक्षाबंधन के पूजन से जुड़ी सामग्री की खरीदारी भी जोरों पर रही। नारियल, रोली, अक्षत, कलावा, पूजा थाली और अन्य पूजन सामग्री की खरीदी खूब हुई। कई लोग राखी और पूजन सामग्री एक साथ खरीदते दिखे। मिठाई कारोबारी प्रेमनारायण यादव के मुताबिक रक्षाबंधन पर मिठाई की मांग हर साल बढ़ती है। इस बार ग्राहक छोटे पैक से लेकर गिफ्ट पैक तक खरीद रहे हैं। रक्षाबंधन पूर्व कारोबार तेजी रही। वहीं, कपड़ा व्यापारी श्यामबाबू अग्रवाल और विमल साड़ी एम्पोरियम के नीलेश अग्रवाल ने कहा कि राखी के साथ लोग भाई-बहन दोनों कपड़े खरीद कर रहे हैं। परिवारों की खरीदारी से बाजार में अच्छी रौनक है।

24 लाख करोड़ के निवेश का अनुमान

एलएपीपी इंडिया ने भोपाल प्लांट का किया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

केबल और कनेक्टिविटी समाधान के क्षेत्र में वैश्विक कंपनी एलएपीपी ने मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार का उद्घाटन किया है। विस्तार के बाद भोपाल प्लांट एलएपीपी के दुनिया भर में मौजूद सभी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स में सबसे बड़ा बन गया है। कंपनी ने इस विस्तार के तहत पावर लो-वोल्टेज केबल के निर्माण के लिए नई और आधुनिक सुविधा शुरू की है। इन केबल्स का उपयोग कारखानों, कमर्शियल बिल्डिंग्स, ट्रांसपोर्ट सिस्टम, रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स, यूटिलिटी प्रोजेक्ट्स और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाता है। नई यूनिट का निर्माण वर्ष 2025 में शुरू हुआ था और अब यह पूरी तरह परिचालन में आ गई है।

एलएपीपी ग्रुप के सीईओ मैथियास लिप ने कहा कि भोपाल में किया गया निवेश ग्राहकों को बेहतर और तेज सेवाएं उपलब्ध कराने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंपनी की 'इन इंडिया फॉर इंडिया' रणनीति के तहत भारत में ही उच्च गुणवत्ता वाले कनेक्टिविटी समाधान तैयार किए जा रहे हैं।

फाइव -डे बैंकिंग, पेंशन अपडेशन समेत लंबित मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

यूएफबीयू के नेतृत्व में बैंककर्मियों ने किया 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल का ऐलान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

प्रदर्शन करते बैंककर्मी

बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर बैंकिंग क्षेत्र में एक बार फिर आंदोलन तेज होने जा रहा है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का ऐलान किया है। बैंक कर्मचारी लंबे समय से सप्ताह में 5 दिन काम और 2 दिन अवकाश की व्यवस्था लागू करने सहित पेंशन अपडेशन और अन्य मांगों को लेकर सरकार तथा बैंक प्रबंधन से समाधान की मांग कर रहे हैं। यूएफबीयू बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के 9 प्रमुख संगठनों का संयुक्त मंच है। यूनियनों का आरोप है कि उनकी प्रमुख मांगों पर लंबे समय से अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है। इसी के चलते संगठन ने चरणबद्ध आंदोलन का फैसला किया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस मध्य प्रदेश के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा के अनुसार फाइव -डे बैंकिंग के अलावा पेंशन अपडेशन और कर्मचारियों-अधिकारियों से जुड़े अन्य मुद्दे भी यूनियनों की मांगों में शामिल हैं। यूएफबीयू ने 11 सितंबर की हड़ताल के बाद भी मांगों का समाधान नहीं होने पर आगे बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जा सकती है।

सरकार और बैंक प्रबंधन पर बढ़ेगा दबाव

बैंक यूनियनों के इस आंदोलन से सरकार और बैंक प्रबंधन पर लंबित मांगों को लेकर बातचीत तेज करने का दबाव बढ़ सकता है। फिलहाल कर्मचारियों की नजर 11 सितंबर की प्रस्तावित हड़ताल और उससे पहले होने वाली बातचीत पर रहेगी। यदि दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बनती है तो सितंबर और अक्टूबर में बैंकिंग सेवाओं पर बड़े स्तर पर असर पड़ सकता है।

'लोकली योर्स' अभियान के तहत जबलपुर के स्थानीय कारोबारियों का किया सम्मान

जबलपुर। नर्मदा और भेड़ाघाट की पहचान वाले जबलपुर के स्थानीय कारोबारियों के योगदान को रेखांकित करते हुए कोका-कोला इंडिया एवं उसकी बॉटलिंग पार्टनर उदयपुर बेवरेजेस लिमिटेड ने 'लोकली योर्स' अभियान के तहत स्थानीय दुकानदारों को प्रोत्साहित किया। पहल के जरिए कूलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल तकनीक एवं व्यापारिक साझेदारियों के माध्यम से खुदरा कारोबार को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। कंपनियों के अनुसार, कोका-कोला का कूलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने में मदद करता है, जबकि एआई आधारित 'कोक बडी' सेल्फ-ऑर्डरिंग प्लेटफॉर्म से दुकानदार 24 घंटे इन्वेंट्री प्रबंधन एवं स्टॉक ऑर्डर कर सकते हैं। कोका-कोला इंडिया एवं दक्षिण-पश्चिम एशिया के इंटीग्रेटेड ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट संदीप बाजोरिया ने कहा कि स्थानीय दुकानदार शहर की अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उदयपुर बेवरेजेस लिमिटेड के प्रेसिडेंट विकास अग्रवाल ने कहा कि कंपनी का जबलपुर के वितरकों, खुदरा विक्रेताओं एवं परिवारों के साथ लंबे समय से जुड़ाव है और उनकी प्रगति को अपनी प्रगति मानती है। अभियान में कमल डिपार्टमेंटल स्टोर के कमल हरपलानी, वासु डेयरी के देवेश कुमार गुप्ता एवं बड़कुल स्वीट्स के निपुण बड़कुल ने अपने कारोबारी अनुभव साझा किए। बड़कुल स्वीट्स की व्यावसायिक यात्रा वर्ष 1889 से शुरू होने का उल्लेख करते हुए निपुण बड़कुल ने कोका-कोला के साथ लंबे जुड़ाव की जानकारी दी। अभियान के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों की सफलता की कहानियों को सामने लाते हुए उनके कारोबार को आगे बढ़ाने में सहयोग का प्रयास किया जा रहा है।

मोटुल इंडिया ने जबलपुर में लगाया 'सेहत की समृद्धि' हेल्थ कैंप

जबलपुर। प्रीमियम इंजन एवं औद्योगिक लुब्रिकेंट निर्माता मोटुल इंडिया ने अपनी देशव्यापी स्वास्थ्य पहल 'सेहत की समृद्धि' के तहत जबलपुर में निःशुल्क हेल्थ कैंप आयोजित किया। अभियान के अंतर्गत देश के 27 जिलों में 108 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे 21 हजार से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य है। जबलपुर का शिविर विशेष रूप से ऑटो मैकेनिकों और उनके परिवारों को ध्यान में रखकर आयोजित किया गया। कैंप में चिकित्सकीय परामर्श के साथ ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच, आवश्यक दवाइयां और फर्स्ट-एड किट उपलब्ध कराई गईं। मोटुल इंडिया के स्थानीय कर्मचारियों एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स ने पंजीयन और शिविर संचालन में सहयोग किया। मोटुल इंडिया एवं साउथ एशिया के सीईओ नाओंद पई ने कहा कि पहल का उद्देश्य ऑटोमोटिव इकोसिस्टम से जुड़े लोगों तक निवारक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। स्माइल फाउंडेशन के को-फाउंडर सांतनु मिश्रा ने कहा कि डॉक्टरों, जांच एवं डायग्नोस्टिक सुविधाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाकर अभियान निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी के अनुसार, वर्ष 2024 से अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 18,300 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा चुका है। 'सेहत की समृद्धि' अभियान के तहत दिसंबर 2026 तक देश के अन्य समुदायों तक भी स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय वनमंडल अधिकारी, उत्तर सिवनी वनमंडल, सिवनी (म.प्र.)
e-mail: dfotseoni@mp.gov.in (07692)-220556, FAX-07692-226181

निविदा विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 में उत्तर सिवनी वनमंडल के अंतर्गत डेक्सटॉप कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु ई-टेण्डर प्रक्रिया के तहत निविदा आयोजित है। इच्छुक निविदाकार ऑनलाईन माध्यम से वेबसाईट के द्वारा निविदा प्रस्तुत कर सकते है। निविदा फार्म केवल ऑनलाईन माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किये जावेंगे। निविदा की शर्तें MP TENDERS पोर्टल की वेबसाईट https://mpforest.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है तथा जानकारी कार्यालयीन समय पर दूरभाष क्रमांक 07692-220556 से अथवा कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

क्र.	निविदा का विषय	टेडर आई.डी. क्रमांक
1	उत्तर सिवनी वनमंडल के अंतर्गत डेक्सटॉप कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं सहायक उपकरण का क्रय	2026_MPFD_

निविदा से संबंधित तिथियां एवं विस्तृत निविदा दस्तावेज उपरोक्त टेंडर आई.डी. में https://mptenders.gov.in में अपलोड किया गया है।

वनमंडल अधिकारी
G-17816/26 "स्वच्छता ही सेवा" उत्तर सिवनी वनमंडल

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

ई-नीलामी सूचना

कार्य का विवरण: "अमलाई (AAL) रेलवे स्टेशन पर चिन्हित स्थान, द्वितीय प्रवेश द्वार पर लगभग 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले मिश्रित पार्किंग स्थल की पार्किंग व्यवस्था के प्रबंधन एवं संचालन तथा पार्किंग शुल्क वसूली हेतु लाइसेंसधारी के व्यय पर, तीन (03) वर्षो की अवधि के लिए "लाइसेंस" आवंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है।" कैटलॉग पहले ही दिनांक 19.08.2026 को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं: **कैटेलॉग क्रमांक:** PARK-MIX-AAL-26 **श्रेणी:** पार्किंग – मिश्रित

नीलामी तिथि एवं समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
07.09.2026 13:30:00	PARKING-BSP-AAL-MX-62-26-1	अमलाई (AAL) रेलवे स्टेशन पर चिन्हित स्थान, द्वितीय प्रवेश द्वार पर लगभग 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले मिश्रित पार्किंग की पार्किंग व्यवस्था के प्रबंधन एवं संचालन तथा पार्किंग शुल्क वसूली के लिए लाइसेंस।	1096 दिन

सीपीआर/10/पीएच/366 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जिला-सिवनी
नगर पालिका चौराहा, एन. एच. 7 मार्ग, जिला - सिवनी (म. प्र.) 480661
Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in Phone : 07692221301

पत्र क्रमांक/3470/ज.प्र.शाखा/न.पा.प/2026 **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** सिवनी, दिनांक 27/08/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है जलप्रदाय शाखा निम्न सामग्री की ऑनलाईन दरें (Item Rate) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी, शर्तें एवं टेंडर डाक्यूमेंट ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in/ में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। निविदायें टेण्डर की निर्धारित तिथि (की - डेट) के अनुसार खोली जावेगी।

क्रं.	टेंडर कंमाक एवं जारी दिनांक	प्रस्तावित निर्माण कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र शुल्क EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	2026 _ UAD _532653_1	बंडोल फिल्टर प्लांट 240 एच. पी. मोटर (पीले रंग) का रिवाईडिंग कार्य	15 दिवस 152810	2000 3000	15/09/2026

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/बेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सिवनी

कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
Email –cmodidori@mpurban.gov.in Contact No
एनआईटी क्र. / लो.नि.शा./2026/2276 // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // डिण्डौरी, दिनांक 27/08/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु म. प्र. शासन UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 से प्रभावशील ISSR कम / अधिक प्रतिशत के आधार पर केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली या सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 12/09/2026 समय 17.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

ई-टेंडर क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत एवं ISSR (रुपए में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपए में)	सक्षम पंजी श्रेणी	कार्यावधि
2026_UAD_532563_1	वार्ड क्रमांक 06 में अग्रवाल के घर से गणेश मंदिर तक 532563 सी सी रोड निर्माण कार्य।	489855.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021	9797.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह
2026_UAD_532583_1	वार्ड क्रमांक 06 में सर्वजल के सामने से सचिन जैन के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य।	338699.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021	6774.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह

शर्त- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमति सुनिता अशोक सारस, अध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
श्रीमति सारिका मंटू नायक, उपाध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
श्री रीतेश जैन, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद डिण्डौरी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र)

राशिफल

मेष — आत्मविश्वास चरम पर रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। नौकरी-व्यवसाय में नए अवसर आ सकते हैं। धन लाभ के योग बन रहे हैं।

वृष — आर्थिक स्थिति आज मजबूत बनेगी। पुराने लंबित कार्य पूरे होने के संकेत हैं। परिवार में सुख-शांति रहेगी और पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

मिथुन — कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी और मित्रों का सहयोग मिलेगा। सोच-समझकर महत्वपूर्ण निर्णय लें, जल्दबाजी से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कर्क — आज भावनाओं पर नियंत्रण रखें। कार्य में सावधानी बरतें, छोटी-छोटी गलतियों से बचें। परिवार का पूर्ण सहयोग मिलेगा, जो आपको बल देगा।

सिंह — मान-सम्मान में वृद्धि होगी। सिंह राशि में चंद्रमा होने से आत्मविश्वास और ऊर्जा चरम पर रहेगी। नौकरी में लाभ के योग हैं। धन लाभ संभव है।

कन्या — मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन परिणाम संतोषजनक रहेंगे। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

तुला — रिश्तों में मधुरता आएगी। धन लाभ के अच्छे संकेत हैं। साझेदारी या पार्टनरशिप में सफलता मिलेगी। यात्रा संभव है, जो मनोरंजक साबित होगी।

वृश्चिक — शत्रुओं या विरोधियों से सावधान रहें। धैर्य और संयम बनाए रखें। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्य में सफलता मिलेगी, लेकिन मेहनत ज्यादा करनी होगी।

धनु — यात्रा के योग बन रहे हैं, जो फायदेमंद साबित हो सकते हैं। नए कार्य में सफलता मिलेगी। धार्मिक या आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

मकर — जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन कार्य में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। बड़े फैसले सोच-समझकर लें।

कुंभ — नई योजनाएं आज सफल होंगी। आर्थिक लाभ संभव है। कार्य में प्रगति होगी। मन प्रसन्न रहेगा। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

मीन — मन शांत और प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में सुख-शांति रहेगी। धन लाभ के योग हैं। यात्रा संभव है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

शब्द पहेली - 6330



बाएँ से दाए-
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

ऊपर से नीचे
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. प्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

शब्द पहेली -6329 का हल

सूडोकु नवताल - 6340

★★★★★ कठिनतम

सूडोकु नवताल - 6339 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

पर्व उद्देश्य / डॉ. मोनिका शर्मा

भाई-बहन का रिश्ता बहुत अनमोल होता है। भाई अपनी बहन के लिए और बहन अपने भाई लिए बहुत बड़ा सपोर्ट होती है। जरूरत पड़ने पर दोनों एक-दूसरे की मदद करते हैं, ताकत बनते है। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन, इसी उद्देश्य से मनाते हैं कि उनका रिश्ता हमेशा मधुर रहे, मजबूत बने, वे एक-दूसरे के लिए सबसे न्यारे और प्यारे बनें।

बनो प्यारे-न्यारे से भाई-बहन

प्यारे बच्चो, रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन को स्नेह-प्यार की डोरी से बांधता है। सुरक्षा और संबल देता है। इस त्योहार के नाम पर ध्यान दोगे तो समझ में आएगा 'रक्षा' का मतलब ही सुरक्षा है। साथ ही 'बंधन' का अर्थ है-प्रेम का वह धागा, जो भाई की कलाई पर बहन बांधती है। कितनी प्यारी बात है ना, एक रंगीन धागे से भाई-बहन के जीवन में सतरंगी खुशियां बिखरती हैं। बचपन से जुड़ा यह प्यारा रिश्ता पूरी जिंदगी भाई और बहन दोनों को आपस में जोड़े रखता है। एक सुरक्षा देता है। दोनों को सबल बनाता है। बच्चो, इस जुड़ाव को मजबूती देने के लिए हमेशा एक-दूसरे को अच्छे से समझना जरूरी है। स्नेह-साथ का भाव रखना आवश्यक है। ताकि भाई के मन में अपनी बहन और बहन के मन में अपने भाई का साथ देने वाली भावनाएं हमेशा बनी रहें।

सबसे प्यारे दोस्त

भाई-बहन एक-दूसरे के सबसे प्यारे दोस्त होते हैं। यह दुनिया में आने के बाद होने वाली सबसे पहली दोस्ती भी होती है। बच्चो, स्कूल या आस-पड़ोस में तो तुम्हारे मित्र बाद में बनते हैं, सबसे पहले तो बहन का भाई ही उसका फ्रेंड बनता है। इसी तरह भाई के लिए उसकी बहन ही उसकी पहली मित्र होती है। हल्की-फुल्की नोक-झोंक, मान-मनुहार और खट्टी-मीठी शिकायत वाली प्यारी बातें, सबसे पहले तुम्हें इस रिश्ते में ही देखने-जीने को मिलती हैं। असल में भाई-बहन का यह एक रिश्ता बहुत से रिश्तों को समेटे होता है। फ्रेंड, राजदार, एडवाइजर और कभी-कभी कट्टी हो जाने पर बड़ों से शिकायत करने वाला क्यूट-सा विरोधी। जाने कितने ही रूपों में भाई-बहन एक-दूसरे के साथ जीवन से जुड़ी बातों-हालातों को जीते हैं। इसीलिए तुम सब भी इस रिश्ते को मन से समझने और अपने भाई या बहन से जुड़े रहने में बिल्कुल पीछे नहीं रहना।

मन को स्ट्रेंथ देता बॉन्ड

भाई-बहन का साथ कठिन समय में सबसे बड़ा संबल बनता है। मुश्किलों में भले पूरी दुनिया साथ छोड़ दे, पर भाई कभी अपनी बहन का साथ नहीं छोड़ते, हमेशा अपनी बहन से किया वादा निभाते हैं। वहीं बहनें भी हर परेशानी में अपने भाइयों की हिम्मत बढ़ाती हैं, साथ खड़ी होती हैं। दोनों ही मुश्किल समय में न सिर्फ सबसे पहले मदद के लिए आगे आते हैं बल्कि एक-दूजे की ढाल बनकर साथ डटे रहते हैं। यह बॉन्डिंग दूसरे सभी रिश्तों से कहीं ज्यादा पक्की होती है। साथ ही भाई हो या बहन, पूरे अधिकार से एक-दूसरे से मदद भी मांग सकते हैं। बिना संकोच के अपनी तकलीफें बता सकते हैं। बचपन से ही छोटी-छोटी आदतों को लेकर प्यार से रोक-टोक भी कर सकते हैं। उनकी समझाइश मन को अच्छी लगती है। यही वजह है कि भाई और बहन का यह प्यारा सा अनोखा रिश्ता जिंदगी भर मन को स्ट्रेंथ देने वाला बॉन्ड बना रहता है।

पूरे परिवार को जोड़ता है रक्षाबंधन

रक्षाबंधन का धागा भाई-बहन को एक-दूसरे के साथ ही नहीं, पूरे परिवार के साथ रहना सिखाता है। तुमने देखा होगा कि इस दिन पापा की बहन यानी तुम्हारी बुआजी भी पापा को राखी बांधने आती हैं। ऐसे ही मम्मी के भाई यानी तुम्हारे मामाजी भी मम्मी से राखी बंधवाने आते हैं। वे अपने बचपन की यादें शेयर करते हुए भावुक हो जाते हैं। बड़े होने पर भी प्यार की यह डोरी भाई-बहन को दिल से जोड़े रखती है। यह बात सिखाती है कि परिवार के सभी लोगों में प्यार बना रहना चाहिए। बच्चो, तुम्हें भी अपने प्यारे बहन-भाई के साथ हंसी-खुशी यह प्यारा पर्व मानना चाहिए। पूरे परिवार को जोड़ने वाले मम्मी-पापा को तुम भाई-बहनों के बीच इस जुड़ाव को देखकर बहुत खुशी मिलती है। उनके मन को यह भरोसा मिलता है कि दोनों भाई-बहन यूं ही मान-मनुहार के साथ सदा एक-दूजे का संबल बने रहेंगे। इसीलिए बच्चो, तुम सब भी इस सुंदर पर्व को मनाते हुए प्यारे-न्यारे से भाई-बहन बने रहो। हमेशा एक-दूसरे का संबल बनो, एक-दूसरे की ताकत बनो। *

सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं!

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

रक्षाबंधन आया!

पावन रक्षाबंधन आया,
भैया का भी मन हर्षाया।
बहना फूली नहीं समाई,
फूलों के जैसी मुस्काई।
खिला मिठाई तिलक करेगी,
राखी बांध खूब विहंसेगी।
और रुपए देगा भैया,
थिरकेगा मन ता-ता थैया।

मिलजुल रहते भाई-बहना,
मेलजोल जीवन का गहना।
संकट का जब भी क्षण आए,
बहना की वह लाज बचाए।
जीवन खुशियाली में गुजरे,
दर्द न मन के आंगन उतरे।
रक्षाबंधन का संदेशा,
भगे बहन का हर अंदेशा।

फीलिंग्स

भाई-बहन का अनूठा प्यार

बहन भाई को, भाई बहन को जिस तरह एक-दूसरे से प्यार करते हैं, वह बहुत अनूठा होता है। टीवी के चाइल्ड आर्टिस्ट हरिति जोशी अपने भाई और आयुध भानुशाली अपनी बहन से जुड़ी फीलिंग्स शेयर कर रहे हैं **बालभूमि** के साथ।

भाई के साथ बिताया हर पल है खासः हरिति जोशी

सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभाने वाली हरिति जोशी ने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। रक्षाबंधन के मौके पर हरिति अपने भाई के साथ अपनी बॉन्डिंग के बारे में बताती है, 'मैं अपने भाई से बहुत प्यार करती हूं। वह मेरे लिए सिर्फ मेरा भाई नहीं, बल्कि मेरा सबसे अच्छा दोस्त भी है। वह हमेशा मेरा खयाल रखता है। उसके साथ रहने पर हमेशा कुछ न कुछ मजेदार होता रहता है।' अपने भाई को स्पेशल फील कराने के लिए हरिति हर संभव कोशिश करती है। वह बताती है, 'अपने भाई को स्पेशल फील कराने के लिए मैं उसके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताती हूं। उसकी पसंद का पूरा ख्याल रखती हूं। रक्षाबंधन पर उसे राखी बांधकर उसके हमेशा खुश रहने की कामना करती हूं। यही चीजें हमारे रिश्ते को और खास बनाती हैं।' अपने अब तक के सबसे मेमोरेबल रक्षाबंधन या अपने भाई के साथ बिताए मेमोरेबल मोमेंट्स के बारे में पूछने पर हरिति बताती है, 'भाई के साथ बिताया हर पल मेरे लिए खास है। छोटी-छोटी नोक-झोंक और साथ में की गई मस्ती, ये छोटी-छोटी बातें भाई-बहन के रिश्ते को खूबसूरत बनाती हैं।' इस रक्षाबंधन पर अपने भाई से हरिति क्या स्पेशल गिफ्ट लेगी, वह बताती है, 'मेरे भाई की तरफ से कोई प्यारा-सा सरप्राइज मिल जाए, वही मेरे लिए स्पेशल गिफ्ट होगा। मेरे लिए गिफ्ट से ज्यादा भाई से मिलने वाला प्यार इंपॉर्टेंट है।' *

मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर हैं मेरी बहनः आयुध भानुशाली

सोनी सब के शो 'हस्तिनापुर के वीर' में दुर्योधन का किरदार निभा रहे आयुध भानुशाली को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। रक्षाबंधन के अवसर पर अपनी बहन को लेकर अपनी फीलिंग्स शेयर करते हुए आयुध बताता है, 'मेरी बहन मेरे लिए सिर्फ बहन नहीं, इससे कहीं बढ़कर हैं। वह मुझसे कई साल बड़ी हैं। वह मेरी इकलौती बहन हैं और मैं उनका इकलौता भाई हूं। मेरी बहन मेरी सबसे अच्छी दोस्त, मेरी टीचर और मेरी सबसे बड़ी सपोर्टर भी हैं।' अपनी इतनी प्यारी बहन को स्पेशल फील कराने के लिए आयुध क्या खास करता है, पूछने पर वह बताता है, 'उन्हें स्पेशल फील कराने के लिए हम हर साल उनका जन्मदिन और रक्षाबंधन बड़े ही खास तरीके से मनाते हैं।' अपने अब तक के सबसे मेमोरेबल रक्षाबंधन के बारे में आयुध बताता है, 'मेरा सबसे मेमोरेबल रक्षाबंधन पिछले साल का था। रक्षाबंधन पर मैं अपने शो की शूटिंग के लिए जयपुर में था। मुझे लगा कि इस बार हम साथ में रक्षाबंधन सेलिब्रेट नहीं कर पाएंगे। अगली सुबह जब मैं सोकर उठा तो मेरे सामने मेरी बहन और मेरे पापा बैठे हुए थे। वे मुझे सरप्राइज देने के लिए रात की फ्लाइट लेकर जयपुर आ गए थे। हमने बड़े उत्साह-उमंग के साथ रक्षाबंधन मनाया।' आयुध इस साल रक्षाबंधन पर अपनी बहन को क्या गिफ्ट देगा, वह बताता है, 'इस साल मैं उन्हें ऑल-इन-वन हेयर स्टाइलिंग टूल गिफ्ट करने का प्लान कर रहा हूं।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

ओजोन की सिलाई

हाल में रेनू मंडल की कहानियों का संकलन आया है 'ओजोन की सिलाई'। इस संकलन में प्रकृति, पर्यावरण, विज्ञान के साथ अपने आस-पास के जीवन से जुड़ी 12 कहानियां हैं। पहली कहानी 'अंकुर और बरगद दादा' में छोटे-बड़े के बीच अंतर के साथ-साथ यह भी बताया गया है कि सफलता के लिए निरंतर परिश्रम-धैर्य की आवश्यकता होती है। 'अनोखी टाइम मशीन' कहानी में जंगल की आपसी बंदरबांट और बढ़ रही खींचतान के बीच पेड़-पौधों को लगाकर पानी बचाने का उल्लू का सुझाव मानकर सभी जानवरों ने हरियाली लाकर यह सिद्ध कर दिया कि ऐसे परिवर्तन मन बदलने से ही संभव हैं। 'अब चिंनी आजाद है' कहानी का मूल मंतव्य यही है कि पक्षियों को खुले में मुक्त रहकर ही उन्हें सुखद अनुभूति होती है। शीर्षक कहानी 'ओजोन की सिलाई' में बिगड़ रहे पर्यावरण संतुलन के कारण ओजोन की छतरी में बढ़ते छेद को कैसे रोककर पर्यावरण को संतुलित रखा जाए, बताया गया है। कहानी 'कथनी और करनी' में पेड़-पौधों के संरक्षण देने की बात कही गई है। 'कबूतर का चश्मा' कहानी में भी प्राकृतिक वातावरण को शुद्ध रखने और प्रदूषण से पृथ्वी को मुक्त रखने की सलाह दी गई है। 'फूल और तितली' कहानी में आन्या तितलियों को शीशी में बंदकर रखना चाहती थी, लेकिन उसके पापा ने बताया कि उसकी तरह तितलियों को भी खुलेपन और हवा की जरूरत होती है। बाद में आन्या ने ड्राइंग प्रतियोगिता में खुले बगीचे में रंग-बिरंगी तितलियों का इतना सुंदर चित्र बनाया कि उसे प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। संग्रह की अन्य कहानियां 'बादल की परेशानी', 'रिटर्न गिफ्ट' और 'साथ रहना है जरूरी' में भी संवेदनशील होने की सीख दी गई है। *



पुस्तक: ओजोन की सिलाई, **लेखिका:** रेनू मंडल
मूल्य: 350 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, नई दिल्ली

जीके क्विज-220

1. टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी कौन बन गए हैं?
2. अर्जुन पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
3. ओणम किस राज्य का प्रसिद्ध त्योहार है?
4. उगते सूरज का देश किसे कहते हैं?
5. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की?
6. विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौन-सा है?
7. लोहे का रासायनिक प्रतीक क्या है?
8. संसार का सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?
9. 'गीतांजलि' के लेखक कौन हैं?
10. शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-220 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-219 का उत्तरः 1. अश्मिता चालिहा, 2. अजीत डोभाल, 3. लद्दाख, 4. हर्षवर्धन, 5. 29 अगस्त, 6. 8 ग्रह, 7. लिथियम, 8. जीरो डिग्री, 9. अंटार्कटिका, 10. ग्रीनलैंड

जीके क्विज-219 का सही उत्तर देने वाले: हर्षित-बिलासपुर, कोमल-महासमुंद, ध्रुव-बलौदा बाजार, कशिश-दुर्ग, यशिका-रायपुर, दिव्या-रोहतक, आशुतोष-रायगढ़, प्रिया-महेंद्रगढ़, रोहित-बालोद, स्वीटी-धमतरी, कृष्णा-दुर्ग

कहानी
विमला रस्तोगी

पुलकित को सिखाया सबक

पुलकित अपनी छोटी बहन को बहुत सताया करता था। मम्मी के समझाने का भी उसे कोई असर नहीं होता। यहां तक कि पुलकित के चाचा जी ने भी उसे समझाया फिर भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। पुलकित से तंग आकर उसके चाचा जी ने उसे सबक सिखाने के लिए एक प्लान बनाया। क्या था यह प्लान, क्या पुलकित में कुछ सुधार हुआ? पढ़ो, एक प्यारी-सी कहानी।

छह साल की पंखुरी बहुत ही प्यारी लड़की है। घर में उसका एक भाई पुलकित है, जो उससे चार साल बड़ा है। वह पंखुरी को बात-बात पर तंग करता है, चिढ़ाता है। पंखुरी रोने लगती है। मम्मी को यह सब बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। वह पुलकित को बहुत समझाती रहती हैं, 'देखो बेटा, पंखुरी तुमसे कितनी छोटी है। प्यारी-सी गुड़िया जैसी है। तुम उसे तंग करते हो, यह अच्छी बात नहीं है।'

'अच्छा, अब नहीं तंग करूंगा।' पुलकित मम्मी को भरोसा देता। लेकिन कुछ देर बाद ही वह पंखुरी को फिर परेशान करने लगता। मम्मी खीझ उठतीं। पुलकित के पापा अकसर टूर पर रहते हैं। मम्मी को ही घर-बाहर सब संभालना होता है। पुलकित जिस कॉलोनी में रहता है, उसके चाचा भी वहीं कुछ ही दूरी पर रहते हैं। वह कभी-कभी घर आते हैं। उन्हें भी पुलकित का पंखुरी को तंग करना अच्छा नहीं लगता। वह भी उसे समझाते रहते हैं, लेकिन उस पर कोई असर नहीं होता।

पुलकित बस से स्कूल जाता है। उसके जाने के एक घंटे बाद पंखुरी अपने स्कूल जाती है। वह दोपहर 12 बजे तक स्कूल से आ जाती है। पुलकित 2 बजे आता है।

एक दिन पुलकित स्कूल जाते समय बस्ता लगा रहा था, उसे अपनी पेंसिल नहीं मिली। उसने बहन से पूछा, 'मेरी पेंसिल कहां है पंखुरी?'

'मुझे नहीं पता।' पंखुरी बोली।

'मैं तेरी पेंसिल लेकर जा रहा हूं।' कहकर पुलकित ने पंखुरी की पेंसिल अपने बस्ते में रख ली और तेज कदमों के साथ घर से बाहर निकल गया। पंखुरी उसके पीछे-पीछे भागी, गिर गई, माथा कुर्सी से टकरा गया, वह रोने लगी। मम्मी आईं तो रोते हुए पंखुरी ने उन्हें सारी बात बताई। मम्मी ने देखा, पंखुरी के माथे से खून निकल रहा है। फर्स्ट एड देकर मम्मी तुरंत उसे डॉक्टर के पास ले गईं। उन्होंने उसे ठीक से मरहम-पट्टी कर दी। उस दिन पंखुरी अपने स्कूल नहीं जा पाई। उसी रोज चाचा जी घर आए तो मम्मी ने उन्हें सब बातें बताईं। पापा टूर पर गए थे। मम्मी, पापा को सारी बातें फोन पर बताकर उन्हें परेशान नहीं करना चाहती थीं।

पुलकित स्कूल से वापस लौटा तो पंखुरी के माथे पर पट्टी बंधी देखकर चौंका तुरंत पूछा, 'क्या हुआ इसे?'

'अपनी पेंसिल लेने तुम्हारे पीछे भागी थी, गिर गई। चोट लग गई। जब देखो तब तुम अपनी छोटी बहन को परेशान किया करते रहते हो। यह कितनी गलत बात है।' मम्मी गुस्साईं।

'अब परेशान नहीं करूंगा।' कहकर पुलकित अपनी छोटी बहन के पास बैठ गया। जब तक पंखुरी की चोट ठीक नहीं हुई, पुलकित ने उसे बिल्कुल परेशान नहीं किया। लेकिन कुछ दिनों बाद वह फिर उसे किसी न किसी बात पर तंग करने लगा।

एक दिन पुलकित स्कूल से लौटा तो उसे मम्मी बहुत परेशान-घबराई सी बैठी मिलीं।

'क्या हुआ मम्मी? इतनी परेशान क्यों हैं आप?' पुलकित ने पूछा।

'पंखुरी...' कहते हुए मम्मी का गला भर आया।

'क्या हुआ पंखुरी को..?' पुलकित ने जानना चाहा।

मम्मी ने बताया, 'कुछ देर पहले वह गेट पर खड़ी थी, मैं घर के काम में लगी थी। थोड़ी देर बाद जाकर देखा पंखुरी गेट पर नहीं है।'

'क्या कह रही हो मम्मी! क्या आपने आस-पास के घरों में पूछा? चाचा जी को फोन किया?' पुलकित ने घबराते हुए मम्मी से पूछा।

'हां, मैंने आस-पास के सभी घरों में पूछ लिया। तुम्हारे चाचा जी को भी फोन किया, पंखुरी उनके यहां भी नहीं थी। पता नहीं पंखुरी कहां गायब हो गई?' मम्मी बोलीं।

'मैं चाचा जी के पास जा रहा हूं, उनके साथ पुलिस स्टेशन जाऊंगा।' कहते हुए जल्दी से साइकिल उठाकर पुलकित निकल गया। रास्ते में उसने अपने दोस्त को उसकी बहन के साथ आइसक्रीम खाते देखा तो उसे पंखुरी की बहुत याद आई। राखी भी आने वाली है, स्कूल में अनु बता रही थी। पिछले साल रक्षाबंधन पर कितनी सारी चॉकलेट और मिठाइयां पंखुरी ने मम्मी से मंगवाकर उसे दी थीं। पुलकित मन ही मन यह सब सोचता जा रहा था। उसकी आंखों में आंसू आ गए।

पुलकित चाचा जी के घर पहुंचा। उन्हें सब बातें बताईं। रुंआसा होकर बोला, 'पता नहीं पंखुरी किस हालत में हो? लगता है कोई पकड़ कर ले गया।'

'तुम्हारे लिए तो अच्छा ही हो गया।' चाचा जी ने तंज कसा। 'ऐसा ना कहिए। अब मैं उसे सचमुच में कभी परेशान नहीं करूंगा। कान पकड़ता हूं। जल्दी पुलिस स्टेशन चलिए चाचा जी।' पुलकित रोते हुए बोला।

'चुप हो जाओ पुलकित। आज तुम्हें अपनी गलती का अहसास हो गया है। बैठो, पंखुरी अभी आती होगी।' चाचाजी थोड़ा सहज होते हुए बोले।

'क्या मतलब..?' पुलकित ने चौंक कर पूछा।

'तुम्हारी शैतानियों से मैं, तुम्हारी मम्मी और पंखुरी सब बहुत परेशान थे। तो मैंने भाभी के साथ मिलकर यह प्लान बनाया। तुम्हारे स्कूल से आने से पहले मैं पंखुरी को अपने घर ले आया था। अब तो तुम समझ गए होगे...।' चाचा जी की बात पूरी होने से पहले ही सामने से पंखुरी चाची जी का हाथ पकड़े आ गई। पुलकित ने तुरंत पंखुरी को गले लगा लिया। दोनों भाई-बहन एक-दूसरे का हाथ पकड़े चाचा जी के साथ अपने घर पहुंचे।

कुछ दिन बाद राखी का त्योहार आया। पंखुरी ने लाल रंग की फ्रॉक पहनी, वह बहुत ही प्यारी लग रही थी। पंखुरी ने पुलकित को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। पुलकित ने एक बहुत ही सुंदर गुड़िया उसे उपहार में दी। पापा भी आ गए थे। पुलकित और पंखुरी की कई फोटोज पापा ने खींचीं। घर में सभी बहुत खुश थे। *

रंग भरो-209

रंग भरो-209 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।


डिंपल, दुर्ग

आशना, जांजगीर

मोक्षित, ब्यावर

रूबेन, बिलासपुर

दिव्या, बिलासपुर

कुंजल, रायपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

देवांश-महेंद्रगढ़, आयुष-कोरबा, दिशा-बिलासपुर, कुसुम-रोहतक, काव्या-जबलपुर, सूरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चेतना-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, सचिन-बिलासपुर, तेजस-कोरबा

रंग भरो 210

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बहन अपने भाई को राखी बांध रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

आखिरी मैच में भारत के सामने बेल्जियम को उसी के गढ़ में हराने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वॉवरे (बेल्जियम)। पांच दशक बाद विश्व कप में पदक जीतने का सपना टूटने के बाद भारतीय पुरूष हॉकी टीम आखिरी मैच में जीत के साथ स्वदेश लौटना चाहेगी लेकिन आज शुक्रवार को होने वाले इस मुकाबले में उसके सामने सह मेजबान और मौजूदा प्रो लीग चैम्पियन बेल्जियम को उसके मैदान पर हराने की कठिन चुनौती है।

नीदरलैंड के एम्सटेलवीन में पहले और दूसरे चरण के मैच खेलने वाली भारतीय टीम पूल ई में चौथे स्थान पर रहने के बाद सातवें / आठवें स्थान का क्लासीफिकेशन मुकाबला खेलने यहां आई है लेकिन हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम की राह इतनी आसान नहीं है क्योंकि उसके सामने 2018 विश्व कप चैम्पियन दुनिया की दूसरे नंबर की टीम है जो टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। बेल्जियम भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के झटके से उबरकर आखिरी मैच जीतने का पूरा प्रयास करेगी।

विश्व कप हॉकी : मैच भारतीय समयानुसार रात 9. 45 से

भारत ने 14 गोल किए, 16 गंवाए

अर्जेंटीना के खिलाफ दूसरे दौर के आखिरी मैच में हारकर बाहर हुई भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में धीमी शुरूआत और 60 मिनट तक लय बरकरार नहीं रख पाने के लिये आलोचना झेल रही है। भारत ने टूर्नामेंट में 14 गोल किये और 16 गंवाये। विश्व कप में सातवां स्थान हासिल करने के अलावा भारत को अगले महीने होने वाले एशियाई खेलों से पहले मजबूत प्रतिद्वंद्वी को हराकर अपना खोया आत्मविश्वास भी हासिल करना होगा।

भारत को पेनल्टी कॉर्नर में लानी होगी विविधता

भारत को पेनल्टी कॉर्नर में भी विविधता लानी होगी चूंकि कप्तान हरमनप्रीत पर अत्यधिक निर्भरता भारी पड़ रही है। मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह को अपने अनुभव का इस्तेमाल करना होगा जो अभी तक नजर नहीं आया है। पेरिस ओलंपिक चैम्पियन नीदरलैंड के खिलाफ भी 40 मिनट तक उम्दा खेल दिखाने के बाद भारत ने आखिरी बीस मिनट में तीन गोल गंवाये और 1 -3 से पराजय का सामना करना पड़ा। पूल चरण में भारत ने पाकिस्तान को 5 -3 से और वेल्स को 3 -1 से हराया था लेकिन इंग्लैंड से 4 -2 से हार गया था।

बेल्जियम में गलतियों की गुंजाइश नहीं : कोच

भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन का मानना है कि बेल्जियम के खिलाफ गलतियों की गुंजाइश नहीं होगी और उनकी टीम को सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। उन्होंने कहा ,'' मैं अपनी टीम की बात करूं तो हम जीत के साथ टूर्नामेंट से विदा लेने की कोशिश करेंगे । हमारा काम अभी पूरा नहीं हुआ है और हमें अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। हमें डिफेंस में सुधार की जरूरत है जिसके आधार पर आगे अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

बेल्जियम का हौसला भी बुलंदी पर है

दूसरी ओर पहले चरण में दो मैच जीतने और एक हारने के बाद बेल्जियम ने दूसरे चरण में आस्ट्रेलिया और स्पेन से ड्रॉ खेले जिससे अपने देश में खिताब जीतने का उसका सपना टूट गया । बेल्जियम ने प्रो लीग के पिछले सत्र में भारत को फरवरी में राउरकेला में 4 -2 और 3 -1 से हराया था। बेल्जियम के टॉम बून 19 गोल करके प्रो लीग के इस सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे और इस विश्व कप में भी पांच गोल कर चुके हैं । वहीं उनके साथी पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ अलेक्जेंडर हेंडरिक्स ने प्रो लीग में 15 गोल दागे थे।

खबर संक्षेप

भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री

वेलिंगटन। भारत के बहु प्रारूप के आगामी न्यूजीलैंड दौरे को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है और मेजबान क्रिकेट बोर्ड द्वारा सदस्यों के लिए शुरू की गई टिकटों की बिक्री के शुरुआती 48 घंटे में 26,000 टिकट बिक गए। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य विपणन एवं वाणिज्यिक अधिकारी ग्लेन क्रिचली ने कहा कि टिकटों की कीमत पिछले सत्र के समान रखी गई है और 'क्रिकेट नेशन' के प्रवेश कोड का इस्तेमाल करने पर एक टिकट 30 न्यूजीलैंड डॉलर से कम में उपलब्ध है। आम दर्शकों के लिए टिकटों की बिक्री सात सितंबर से शुरू होगी।

एशियाई खेलों के क्रिकेट वेन्यू को लेकर बोड्‌र्स चिंतित

नई दिल्ली। इस बार एशियाई खेलों का आयोजन जापान में होना है, जिसमें क्रिकेट भी शामिल है।

इस बीच खबर है कि इस आयोजन को लेकर के कई क्रिकेट बोड्‌र्स ने सवाल उठाए हैं। दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड सहित कई प्रमुख बोड्‌र्स ने जापान में क्रिकेट के मैदानों और वहां की व्यवस्थाओं को लेकर के अपनी चिंता जाहिर की है। जापान के शहर नागोया के पूर्व में स्थित एक छोटे से शहर, निशिन में एशियाई खेलों के लिए क्रिकेटर आएंगे।

एमबाप्पे की हैट्रिक से रीयाल मैड्रिड जीता

मैड्रिड। कीलियन एमबाप्पे की हैट्रिक की बदौलत रीयाल मैड्रिड ने बुधवार को यहां स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयाल सोसीदाद को 4-1 से हराया जबकि पदार्पण कर रहे सावियो के गोल की मदद से टोटेनहैम ने इंग्लिश लीग कप में चार्ल्टन को 5-1 से शिकस्त दी। चैंपियन्स लीग के क्वालीफाइंग में नॉर्वे के वाइकिंग, तुर्किये के फेनेरबाश, यूनान के एईके एथेन्स और स्लोवाकिया के स्लोवान ब्रातिस्लावा ने प्रतियोगिता के लीग चरण में जगह पक्की की।

टी-20 में सर्वाधिक रन वाले बल्लेबाज बने पोलार्ड

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज कीरोन पोलार्ड एक बार फिर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को पीछे छोड़ा है। पोलार्ड ने कैरेबियाई प्रीमियर लीग (CPL) 2026 के 17वें मैच में त्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से सेंट लुसिया के खिलाफ अर्धशतक (65) लगाया और इस दौरान ये मुकाम हासिल किया। इस साल की शुरुआत में, पोलार्ड ने टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने का क्रिस गेल का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा था।

श्रीलंका ने फॉलोऑन खेलने के बावजूद

दिनुशा के शतक ने टीम इंडिया की जीत पर फेरा पानी, कोलंबो टेस्ट ड्रा, भारत ने जीती सीरीज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

सोनल दिनुशा के मैच के दूसरे और श्रृंखला के तीसरे शतक से श्रीलंका ने भारत के खिलाफ फॉलोऑन खेलने के बावजूद दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट को ड्रॉ करा दिया लेकिन मेहमान टीम ने श्रृंखला 1-0 से जीत ली। पैर में जकड़न से जूझने के बावजूद दिनुशा ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए नाबाद 133 रन की पारी के दौरान 264 गेंद का सामना किया और भारत की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

कल के नाबाद सात रन से आगे खेलते हुए दिनुशा ने भारतीय गेंदबाजों को अंतिम दिन पूरी तरह से बेअसर साबित किया। दिनुशा की अगुआई में श्रीलंका ने दूसरी पारी में जब 154 ओवर में नौ विकेट पर 429 रन बनाए थे तब दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गईं। इस समय श्रीलंका को 216 रन की बढ़त हासिल थी।

इस तरह से रोचक रहा मैच

कोलंबो टेस्ट में भारत ने अपनी पहली पारी में 503/9 का स्कोर बनाया, जिसमें देवदत्त पडिक्कल (117) और ध्रुव जुरेल (115*) ने शतक लगाए। जवाब में श्रीलंकाई पारी दिनुशा के शतक की मदद से 290 रन पर ही सिमट गई। इसके बाद फॉलो-ऑन खेलने पर मजबूर हुई मेजबान टीम ने पसिंदु सूरियाबंदारा (92) और दिनुशा (133*) की बदौलत 429/9 का स्कोर बनाया और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

पंत ने छक्कों के मामले में गिलक्रिस्ट को पीछे छोड़ा

पंत ने अपनी पारी में 6 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। इस बीच उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में छक्कों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट (100) को पीछे छोड़ दिया। पंत अब टेस्ट क्रिकेट में तीसरे सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज हैं। इस मामले में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स (138) पहले और न्यूजीलैंड के ब्रेंडन मैकुलम (107) दूसरे नंबर पर हैं।

दिनुशा ने दोनों पारियों में शतक लगाया

दिनुशा भारत के खिलाफ टेस्ट की दोनों पारियों में शतक (103 और 133*) लगाने वाले श्रीलंका के सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बने। उनसे पहले दलीप मेंडिस (105 और 105, 1982) और अरविंदा डी सिल्वा (146 और 120, 1997) ऐसा कर चुके थे। अरविंदा (2 बार), कुमार संगाकारा (2 बार), दलीप मेंडिस, असंका गुरुसिन्हा, तिलकरत्ने दिलशान, धनंजय डी सिल्वा और कामिंडु मेंडिस के बाद दिनुशा टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने वाले 8वें श्रीलंकाई बल्लेबाज हैं।

दिनुशा इस विशेष सूची में हुए शामिल

दिनुशा ने पहले टेस्ट में 100 और 84 रन के स्कोर किए थे। इसके बाद गॉल टेस्ट की अपनी पहली पारी में 103 रन बनाए थे। वह अब तीसरे ऐसे श्रीलंकाई बल्लेबाज बने, जिन्होंने 2 मैचों की टेस्ट सीरीज की अपनी चारों पारियों में 50+ रन बनाए।

पडिक्कल ने लगाया शतक

नंबर-3 पर बल्लेबाजी करते हुए पडिक्कल ने सीरीज के कोलंबो टेस्ट की अपनी पहली पारी में 117 रन बनाए। यह उनका लगातार दूसरा टेस्ट शतक साबित हुआ। इससे पहले उन्होंने सीरीज के पहले गॉल टेस्ट में 167 रन की पारी खेली थी। पडिक्कल ने सीरीज में 300 से अधिक रन बनाए। इस सीरीज के पहले टेस्ट में उन्होंने 167 और 44 रन के स्कोर किए थे और भारतीय टीम को जीत मिली थी।

पडिक्कल ने बनाए ये रिकॉड्‌र्स

भारत के नंबर-3 बल्लेबाजों द्वारा विदेशों में लगातार 2 टेस्ट में शतक लगाने का पिछला कारनामा चेतेश्वर पुजारा ने किया था। पुजारा ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2018-19 में मेलबर्न में 106 और 0 रन, और उसके बाद सिडनी में 193 रन की पारी खेली थी। पडिक्कल अब श्रीलंका में खेली गई एक टेस्ट सीरीज में 2 शतक लगाने वाले 7वें भारतीय बल्लेबाज बने। उनसे पहले विनोद कांबली, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, शिखर धवन और पुजारा ऐसा कर चुके हैं।

जुरेल का दूसरा टेस्ट शतक

जुरेल ने लगाया अपना दूसरा टेस्ट शतक भारत ने जब 296 रन के स्कोर पर अपना 5वां विकेट खोया, तब जुरेल क्रीज पर आए। सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में उन्होंने टिककर बल्लेबाजी की और पंत के साथ 112 रन की साझेदारी की। उम्दा लय में बल्लेबाजी करते हुए जुरेल ने दूसरे दिन अपना शतक पूरा किया। वह 115 रन बनाकर नाबाद रहे और भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का दूसरा ही शतक साबित हुआ।

अमेरिकी ओपन

मुचोवा-मेंसिक ने जीत मिश्रित युगल खिताब

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कैरोलिना मुचोवा और याकुब मेंसिक ने बेलिंडा बेनसिच और फ्लावियो कोबोली को 6-3, 1-6, 10-6 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया।

चेक गणराज्य की जोड़ी ने दो दिन की इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन दोनों मुकाबले मैच टाईब्रेक में जीते। मेंसिक की तेज सर्विस और नेट पर शानदार खेल ने इस जोड़ी की जीत में अहम भूमिका निभाई। मेंसिक ने ऐस के साथ फाइनल का अंत किया। इस जोड़ी को 10 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। सेमीफाइनल में भी मुचोवा और मेंसिक हार के करीब पहुंच गए थे लेकिन दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद उन्होंने लगातार चार अंक जीतकर मीरा आंद्रीवा और आंद्रे रुबलेव को 5-4, 3-5, 11-9 से शिकस्त दी। बेनसिच और कोबोली ने पहले सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना और गेल मोनफिल्स की पति-पत्नी की जोड़ी को 4-5, 4-1, 10-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस प्रारूप से खेला गया फाइनल टूर्नामेंट

फाइनल टूर्नामेंट का एकमात्र मुकाबला था जो सामान्य टेनिस मैच जैसा खेला गया। इसमें सेट छह गेम के थे और छह-छह की बराबरी पर टाईब्रेक हुआ। शुरुआती तीन दौर में सेट चार गेम के थे और चार-चार की बराबरी पर टाईब्रेक खेला गया था

एशियाई कप 2027 क्वालीफायर

भारत, मलेशिया, फलस्तीन सिंगापुर और गुआम के साथ ग्रुप-ई में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम को बृहस्पतिवार को कुआलालंपुर स्थित एएफसी मुख्यालय में हुए आधिकारिक ड्रॉ के बाद एएफसी अंडर-17 पुरुष एशियाई कप 2027 क्वालीफायर के ग्रुप ई में मलेशिया, फलस्तीन, सिंगापुर और गुआम के साथ रखा गया। मुख्य टूर्नामेंट अगले साल उज्बेकिस्तान में आयोजित होगा जबकि ग्रुप ई के क्वालीफायर 11 से 20 नवंबर तक मलेशिया में एकल राउंड रोबिन प्रारूप में खेले जाएंगे।

भारत के अभियान की शुरुआत 11 नवंबर से

भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को सिंगापुर के खिलाफ करेगा। इसके बाद 14 नवंबर को गुआम, 17 नवंबर को फलस्तीन और 20 नवंबर को मेजबान मलेशिया से मुकाबला होगा। क्वालीफायर के ड्रॉ में 35 टीम को पांच-पांच टीम के सात ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीम एएफसी अंडर-17 एशियाई कप 2027 के लिए क्वालीफाई करेगी जिसका आयोजन 12 से 29 मई 2027 तक उज्बेकिस्तान में होगा।

लगातार दूसरी बार भारत कर रहा क्वालीफाई

भारत ने 2026 में सऊदी अरब में हुए टूर्नामेंट के लिए भी क्वालीफाई किया था जहां वह ग्रुप चरण में बाहर हो गया था। अब भारत लगातार दूसरी बार एएफसी अंडर-17 एशियाई कप में जगह बनाने और इतिहास में 11वीं बार इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा। सातों ग्रुप की विजेता टीमें एएफसी अंडर-17 एशियाई कप उज्बेकिस्तान 2027 में जगह बनाएंगी जहां वे 2026 फीफा अंडर-17 विश्व कप कतर के लिए स्वतः क्वालीफाई करने वाली एएफसी की नौ टीम से जुड़ेंगी।

भारतीय फुटबॉल टीम उरुग्वे और पनामा से खेलेगी अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच

नई दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारतीय सीनियर पुरुष टीम आगामी फीफा विंडो में 26 सितंबर को पनामा से और छह अक्टूबर को दो बार की विश्व चैंपियन उरुग्वे से अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। इस तरह फीफा विंडो में भारत घरेलू मैदान पर किसी मजबूत टीम के खिलाफ तीसरा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबला खेलेगा। उरुग्वे के खिलाफ यह मुकाबला कोलकाता में पांच बार की विश्व कप चैंपियन ब्राजील के खिलाफ भारत के अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के तीन दिन बाद खेला जाएगा।

बेंगलुरु और कोलकाता में होगा भारत का मुकाबला : ब्राजील के खिलाफ मैच भी कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (सॉल्ट लेक स्टेडियम) में होगा। भारतीय टीम 26 सितंबर को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में पनामा के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी।

यस्तिका-अनुष्का संभालेंगी भारत 'ए' टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की महिला चयन समिति ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया ए के आगामी भारत दौरे के लिए टीम की घोषणा की जिसमें अनुष्का शर्मा तीन मैच की टी20 श्रृंखला में भारत ए की कप्तानी करेंगी जबकि यस्तिका भाटिया एकदिवसीय और बहुदिवसीय टीम की अगुवाई करेंगी।

सयाली सतघरे टी20 में उपकप्तान होंगी जबकि अनुष्का एकदिवसीय और बहुदिवसीय प्रारूप में उपकप्तान होंगी। दौरा 12 सितंबर से शुरू होगा और इसमें तीन टी20, तीन एकदिवसीय तथा चार दिवसीय एक मैच शामिल है।

हम ओलंपिक के आधे खेलों में भी हिस्सा नहीं लेते, इसमें सुधार की जरूरत : मोदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक में शामिल आधे खेलों में भारत की भागीदारी नहीं होने पर अफसोस जताया और कहा कि देश की पदक संख्या तभी बढ़ सकती है जब सर्फिंग और स्पोर्ट क्लाइम्बिंग जैसे उन खेलों में भी भारतीय खिलाड़ी तैयार हों जिनमें अब तक उन्होंने हिस्सा नहीं लिया है।

शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस से पहले 'खेलो इंडिया संवाद' के लिए विभिन्न स्थानों पर जुटे सैकड़ों खिलाड़ियों, छात्रों और स्वयंसेवकों को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि खेलों को लेकर उनका दृष्टिकोण केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं है बल्कि खेलों को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाना है। इस कार्यक्रम में खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी हिस्सा लिया। वह गांधीनगर स्थित आईआईटी से इसमें शामिल हुए। मोदी ने कहा, ''ओलंपिक में कई अलग-अलग खेल होते हैं... भारतीय टीमें इनमें से आधे खेलों में भी हिस्सा नहीं लेतीं जिसका मतलब है कि हम पदकों की कुल संख्या के एक बड़े हिस्से के लिए प्रतिस्पर्धा ही नहीं करते।'' उन्होंने इसे 'कड़वी सच्चाई' बताया।

खेलो इंडिया संवाद में बोले पीएम

18 सितंबर से शुरू होगी एकदिवसीय श्रृंखला

द्रविड़ और सहवाग ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की अंडर-19 वनडे टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और वीरेंद्र सहवाग के बेटों क्रमशः अन्वय और आर्यवीर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 सितंबर से होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति ने तीन एकदिवसीय और दो मल्टी डे मुकाबलों के लिए अलग-अलग

टीम का चयन किया है। लक्ष्य रायचंदानी एकदिवसीय टीम की कप्तानी करेंगे जबकि यशवर्धन सिंह चौहान को लंबे प्रारूप के मुकाबलों के लिए कप्तान बनाया गया है। अन्वय और आर्यवीर दोनों को केवल एकदिवसीय टीम में जगह मिली है। तीनों एकदिवसीय और पहला मल्टी डे मैच राजकोट में खेला जाएगा, जबकि दूसरा बहुदिवसीय मुकाबला अहमदाबाद में होगा।

आर्यवीर पहली बार टीम में शामिल : दिल्ली प्रीमियर लीग में खेल रहे 18 वर्षीय आर्यवीर को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वहीं भारत के पूर्व कप्तान और कोच द्रविड़ के छोटे बेटे अन्वय ने एकदिवसीय टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। वह पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर गई अंडर-19 टीम का हिस्सा थे।

भारत अंडर-19 एकदिवसीय टीम

लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), यशवर्धन चौहान, रजत बघेल, आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनाल चौहान, अन्वय द्रविड़, वी यशवीर, रोहित यादव, शाविन विनोद, मोहित उलवा, चिगुरुपति वेंकट और काव्या पटेल।

भारत अंडर-19 मल्टीडे टीम:

यशवर्धन चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी, सागर विर्क, कुशाग्र ओझा, मनाल चौहान, कुश पटेल, मानव कृष्णा, अभिप्राय बिस्वास, रोहित यादव, ईशान ओम, अयान अकरम, प्रणव राघवेंद्र, प्रियांशु सिंह, मोहित उलवा और आर्यन यादव।

मध्यप्रदेश के 413 नगरीय निकायों के आंकड़ों पर उठे सवाल

नर्मदा समेत नदियों में जा रहा 637 एमएलडी सीवेज, एनजीटी ने मांगा जमीनी सत्यापन

कलेक्टरों को सत्यापन की जिम्मेदारी

12.86 लाख टन विरासत कचरा दिसंबर तक हटाने के निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर ।

मध्यप्रदेश में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की जमीनी हकीकत को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गंभीर चिंता जताई है। अधिकरण ने राज्य सरकार द्वारा 413 नगरीय स्थानीय निकायों से जुटाए गए आंकड़ों का पर्याप्त मैदानी सत्यापन नहीं होने पर सवाल उठाते हुए अब प्रत्येक जिले में कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से इन आंकड़ों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने की।

352 निकायों में सीवेज ट्रीटमेंट की सुविधा ही नहीं

अधिकरण के समक्ष पेश आंकड़ों के मुताबिक 413 में से 352 नगरीय निकाय करीब 584.81 एमएलडी सीवेज उत्पन्न करते हैं, लेकिन इनके पास वर्तमान में सीवेज उपचार की कोई सुविधा नहीं है। राज्य ने इन क्षेत्रों के लिए 736 एमएलडी क्षमता के प्रस्तावित STP की जानकारी दी है, लेकिन एनजीटी ने इनके क्रियान्वयन और समयसीमा पर स्पष्टता मांगी है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि इन 352 निकायों में 1,315 नालों के जरिए करीब 637 एमएलडी सीवेज एवं सीवेजयुक्त पानी जलस्त्रोतों में पहुंच रहा है। इनमें नर्मदा, क्षिप्रा और चंबल जैसी प्रमुख नदियां भी शामिल हैं।

5 लाख से अधिक का सीवेज ट्रीटमेंट गैप

61 नगरीय निकायों के आंकड़ों में करीब 2,075.86 एमएलडी सीवेज उत्पादन के मुकाबले केवल 1,117.49 एमएलडी उपचार दर्ज किया गया। राज्य में कुल अनुमानित सीवेज उपचार अंतर करीब 1,542.18 एमएलडी बताया गया है। अधिकरण ने यह भी दर्ज किया कि 12,67,626 घर अभी मौजूदा सीवर लाइनों से जुड़े नहीं हैं। सीवरेज और कन्वेयंस नेटवर्क की कमी के चलते सीवेज और सुल्लेज के नालों एवं नदियों में पहुंचने को NGT ने गंभीर पर्यावरणीय चिंता माना है।

112.86 लाख टन विरासत कचरा बाकी

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में भी तस्वीर चिंताजनक है। राज्य के अनुसार प्रतिदिन करीब 8,467.87 टन ठोस कचरा निकलता है और 8,412.48 टन के प्रसंस्करण की जानकारी दी गई है। इस तरह करीब 55.39 TPD का अंतर सामने आया है। वहीं 110 नगरीय निकायों में करीब 12.86 लाख मीट्रिक टन विरासत अपशिष्ट अभी उपचार/रीमेडिएशन के लिए बाकी है। NGT ने इसे दिसंबर 2026 तक निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 303 ULBs में बचे विरासत कचरे का भी दिसंबर तक उपचार करने को कहा गया है। अधिकरण ने स्पष्ट किया कि व्यावसायिक व्यवहार्यता का अभाव इस काम में बाधा नहीं बन सकता।

कचरे के आंकड़ों से लेकर कम्पोस्ट तक पर सवाल

NGT ने स्त्रोत पर कचरे के पृथक्करण, एकत्र न किए गए कचरे, मिश्रित कचरे की कम्पोस्टिंग, कम्पोस्ट की गुणवत्ता तथा प्रसंस्करण के बाद निकलने वाले रिजेक्ट और अवशेषों के निस्तारण जैसी व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए हैं।अगली अनुपालन रिपोर्ट के साथ प्रत्येक ULB के प्रसंस्करण और विरासत अपशिष्ट स्थलों की जियो-कोडेड तस्वीरें प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

ग्वालियर के स्टॉर्म-वॉटर ड्रेन पर भी फटकार

ग्वालियर की स्थिति को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए NGT ने आठ स्टॉर्म-वॉटर ड्रेनों से करीब 190 MLD पानी को एक सीवर ट्रंक लाइन में मोड़े जाने की जानकारी पर संज्ञान लिया। यह लाइन स्वर्ण रेखा नदी में या उसके किनारे जा रही है। अधिकरण ने स्पष्ट किया कि स्टॉर्म-वॉटर ड्रेनों को स्थायी रूप से सीवेज उपचार संयंत्रों की ओर मोड़ना या उनसे जोड़ना उचित नहीं है।

61 निकायों में 100 फीसदी सीवरेज कनेक्टिविटी

अधिकरण ने 61 **ULBs** में 100 प्रतिशत सीवरेज कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और **STPs** को निर्धारित क्षमता के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए हैं। 352 ऐसे निकायों, जहां पर्याप्त सीवरेज एवं कन्वेयंस प्रणाली नहीं है, उनके लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है।एक लाख से कम आबादी वाले छोटे निकायों में परिस्थितियों के अनुसार विकेंद्रीकृत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (**DSTP**) और छोटे-बोर सीवर प्रणाली पर विचार करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

कलेक्टर करेंगे निगरानी पैसा भी देना होगा

NGT ने राज्य सरकार को ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन की कमियों को दूर करने के लिए प्रत्येक नगरीय निकाय के लिए आवश्यक वित्तीय आवंटन सुनिश्चित करने को कहा है। इसकी निगरानी जिला मजिस्ट्रेट करेंगे और रिपोर्ट शहरी विकास विभाग के सचिव के माध्यम से मुख्य सचिव को दी जाएगी।अधिकरण ने साफ किया कि वित्तीय कठिनाई को पर्यावरणीय कमियों को दूर नहीं करने का आधार नहीं बनाया जा सकता।

अगली सुनवाई फरवरी 2027 में

मुख्य सचिव को अगली सुनवाई से कम से कम एक सप्ताह पहले अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। मध्यप्रदेश से संबंधित रिपोर्ट पर विचार के लिए मामले को 24 फरवरी 2027 को सूचीबद्ध किया गया है।

प्रदेश के 50 हजार से ज्यादा डाटा एंट्री आपरेटरों को बड़ी राहत

हाईकोर्ट ने 1900 की जगह 2400 ग्रेड पे देने का आदेश रखा बरकरार, सरकार की अपील निरस्त

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट से प्रदेश के 50 हजार से अधिक संविदा डाटा एंट्री आपरेटरों को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सरकार की रिट अपील निरस्त करते हुए के सिंगल बेंच उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें डाटा एंट्री आपरेटरों को 1900 के बजाय 2400 ग्रेड पे देने के निर्देश दिए गए थे। इस फैसले से प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मामला सातवें वेतनमान में डाटा एंट्री आपरेटरों के ग्रेड पे में की गई कटौती से जुड़ा है। मध्य प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर के अनुसार नियुक्ति के समय से ही डाटा एंट्री आपरेटरों को यूडीसी (अपर डिवीजन क्लर्क) के समकक्ष वेतनमान मिलता रहा है। चौथे, पांचवें और छठवें वेतनमान में भी उन्हें 2400 ग्रेड पे दिया गया। सातवें वेतनमान में इसे घटाकर 1900 और लेवल-फोर कर दिया गया। समग्र शिक्षा अभियान में कार्यरत डाटा एंट्री आपरेटरों ने 22 जुलाई 2023 की संविदा नीति के तहत तय वेतन समकक्षता को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। सिंगल बेंच ने 1900 ग्रेड पे का आदेश निरस्त करते हुए 2400 ग्रेड पे के अनुसार वेतन निर्धारण के निर्देश दिए थे। स्कूल शिक्षा विभाग ने इसके खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी। हाईकोर्ट ने सरकार की अपील निरस्त कर दी।

सेवानिवृत्ति के बाद 2.78 लाख रुपये की रिकवरी अनुचित

जबलपुर । मप्र हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्ति के बाद सेवानिवृत्त निरीक्षक के पेंशनरी लाभ से दो लाख 78 हजार 743 रुपये की वसूली के आदेश को कानून के विपरीत माना है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने इस आदेश को निरस्त कर दिया। भोपाल निवासी याचिकाकर्ता राम स्वरूप शर्मा की ओर से दलील दी गई कि सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी के पेंशनरी लाभ से इस तरह की वसूली नहीं की जा सकती। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के रफीक मसीह फैसले तथा हाई कोर्ट की फुल बेंच के जगदीश प्रसाद दुबे मामले में दिए निर्णय का हवाला दिया। साथ ही राज्य शासन के 29 जून 2015 और 8 नवंबर 2017 के परिपत्रों का भी उल्लेख किया गया। हाई कोर्ट ने पाया कि शर्मा 31 दिसंबर 2020 को अधिवार्षिकी आयु पूरी कर सेवानिवृत्त हुए थे। शासन के निर्देशों के अनुसार पेंशन और ग्रेच्युटी प्रकरण सेवानिवृत्ति से 24 माह पहले अंतिम रूप से तैयार किए जाने हैं तथा वसूली संबंधी कार्रवाई सेवानिवृत्ति से एक माह पहले पूरी होनी चाहिए।कोर्ट ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद की गई वसूली कानूनन उचित नहीं है। आदेश निरस्त करते हुए यदि कोई राशि वसूल की गई है तो उसे वापस करने और सभी बकाया भुगतान 90 दिनों में करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240